सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 22.6 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,055.11 |
| निफ्टी | 25,044.35 |
| सोना 97,288 | चांदी 1,05,898 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 25 जून 2025 | 11 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 177, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर पंत को लगाई फटकार

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में लोकेंद्र तोमर गिरफ्तार

**एजेंसी, शिलॉन्ग।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से लोकेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश



पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मेघालय स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम के अनुरोध पर की गई, जो राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच कर रही है। तोमर उस फ्लैट के मालिक हैं, जहां इंदौर के देवास नाका इलाके में सोनम ने 26 मई से 8 जून तक शरण ली थी। (अनंत ज्ञान)

### लालू बने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**एजेंसी, बिहार।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के संस्थापक और दिग्गज नेता लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है. यह



उनका लगातार 13वां कार्यकाल होगा। वह इस पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आरजेडी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वी ने इस बात की आधिकारिक घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

### ईरान से 292 नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईरान और इसराइल में तनाव के बीच भारत संकटग्रस्त क्षेत्रों से अपने नागरिकों को निकालने के लिए अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में भारत ने मंगलवार को ईरान से अपने 292 और इसराइल से 366 नागरिकों को सुरक्षित निकाला। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 सैन्य परिवहन विमान जॉर्डन के अम्मान से 165 भारतीयों को लेकर सुबह 8.20 बजे भारत पहुंचा। विदित हो भारत ने ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक कुल 2,295 भारतीयों को निकाला है। (अनंत ज्ञान)

### भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 77 साल के थे। दोशी उन नौ भारतीय क्रिकेटरों में से



एक थे, जिन्होंने अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए। बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर समेत भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मेडिकल कॉलेज के स्पेशल वार्ड के चार्ज तो बढ़ाए, सुविधाएं नहीं पेज 2
- विकास खंड नगरोटा सूरियां को शिफ्ट करने की अधिसूचना की जाए रद्द -पेज 4
- शिमला में टैक्सियों में सवारी बैठाने पर लगाई बंदिशें हटीं -पेज 6
- कूहल का निर्माण न होने से सिंचाई संकट से जूझ रहे किसान -पेज 9
- नाले में बाढ़ आने से ग्रांफू काजा मार्ग हुआ अवरुद्ध -पेज 11


# अढ़ाई घंटे में ही टूट गया ईरान–इसराइल सीजफायर

## ट्रंप बोले- जंग रुकी, कुछ देर बाद ईरान ने दागीं मिसाइलें, जवाब में इसराइल ने गिराए बम

**एजेंसी, तेहरान/तेल अवीव/दोहा**

इसराइल–ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि, यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब अढ़ाई घंटे बाद ईरान ने इसराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

ईरानी हमले के जवाब में इसराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इसराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा कि मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया। ट्रंप एक बार फिर ईरान में तख्ता पलट के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए जाते समय मीडिया से कहा कि मैं तख्ता पलट नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि सब कुछ जल्द से जल्द शांत हो जाए। ट्रंप ने कहा कि तख्ता पलट से अशांति फैलती है और हम इतनी अशांति नहीं देखना चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो दिन पहले ही ईरान में सत्ता परिवर्तन के संकेत दिए थे। (अनंत ज्ञान)



### हमले में ईरानी सेना आईआरजीसी के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ की मौत

**मीडिया** के मुताबिक ईरानी सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ अली रजा लतीफी इसराइली हमले में मारे गए। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह हमला कौन-सा था और कब हुआ था।

### ईरान और इसराइल ने किया संघर्ष विराम का उल्लंघन : ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इसराइल और ईरान ने शत्रुता समाप्त करने के लिए मंगलवार की समय-सीमा समाप्त होने के बाद हमले करके युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन किया है। हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने लगातार हो रहे हमलों पर निराशा व्यक्त की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने इसका उल्लंघन किया, लेकिन इसराइल ने भी इसका उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि मैं इसराइल से खुश नहीं हूं।



## हिमाचल में मानसून की जबरदस्त एंट्री

# सतलुज उफान पर, ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने आधिकारिक तौर पर पूरे राज्य को अपनी आगोश में ले लिया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने इसकी पुष्टि कर दी है। हालांकि, मानसून की पहली दस्तक के साथ ही चुनौतियां भी सामने आने लगी हैं, खासकर किन्नौर जिले में जहां सतलुज नदी में अचानक पानी का स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। यह स्थिति भारी बारिश की वजह से नहीं, बल्कि तेजी से पिघल रहे ग्लेशियरों के कारण बनी है। सतलुज के उफान पर आने से 450 मेगावाट की निर्माणाधीन शोंगटोंग कड़छम जल विद्युत परियोजना के बैराज को भी नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार मानसून ने 20 जून को शिमला, सिरमौर, किन्नौर और कांगड़ा के कुछ हिस्सों में प्रवेश किया था और चार दिनों के भीतर इसने पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। राजधानी शिमला में दोपहर बाद सवा 2 बजे कुछ देर के लिए हुई तेज बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया।

बीती रात नादौन में सर्वाधिक 63.5 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि कांगड़ा में 55.5 मिमी, पांवटा साहिब में 49.0 मिमी, हमीरपुर में 46.0 मिमी, नेरी में 39.0 मिमी, मंडी में 34.2 मिमी और सुजानपुर में 20.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।



### किन्नौर में जल विद्युत परियोजना प्रभावित, शिमला में तेज बारिश

### आगामी दिनों का पूर्वानुमान और अलर्ट

**मौसम** विभाग ने मंगलवार को बिलासपुर, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, किन्नौर और लाहौल स्पीति में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है, जबकि ऊना, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। 25 जून को ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिलासपुर, मंडी, शिमला और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट रहेगा, जबकि 26 जून को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के लिए येलो अलर्ट दिया गया है। 27 जून को वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कमजोर पड़ने की उम्मीद है।

# लंबी छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटे एसपी गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी मंगलवार को लंबी छुट्टी के बाद आखिरकार ड्यूटी पर लौट आए हैं। गांधी को राज्य सरकार ने बीते 27 मई को लंबी छुट्टी पर भेजा था, जिसके बाद से आईपीएस गौरव सिंह उनके स्थान पर अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

गांधी की वापसी हिमाचल पुलिस विभाग में एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गई है, खासकर उनके द्वारा पूर्व डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के मद्देनजर। यह पूरा मामला पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत से जुड़ा है।

### तीन अधिकारियों को भेजा था छुट्टी पर

**डीजीपी** ने अपने एफिडेविट में विमल नेगी की जेब से मिली पेन ड्राइव छिपाने और फॉरमेट करने के साक्ष्य कोर्ट के समक्ष रखे थे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद, राज्य सरकार ने एसीएस ओंकार शर्मा, पूर्व डीजीपी अतुल वर्मा और एसपी शिमला संजीव गांधी तीनों को लंबी छुट्टी पर भेज दिया था।

# सियासी ड्रामा खत्म, आरडी धीमान होंगे रेरा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में रियल एस्टेट सेक्टर के महत्वपूर्ण नियामक, रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) को आखिरकार अपना नया प्रमुख मिल गया है।

पूर्व मुख्य सचिव और मौजूदा मुख्य सूचना आयुक्त आरडी धीमान को रेरा का चेयरमैन नियुक्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित कश्यप को सदस्य बनाया गया है। इन नियुक्तियों के आदेश प्रधान सचिव (आवास) देवेश कुमार ने जारी कर दिए हैं, जिससे पिछले सात महीनों से खाली पड़े इस अहम पद को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है। यह पद पूर्व चेयरमैन श्रीकांत बाल्दी के रिटायर होने के बाद से खाली पड़ा था और सरकार इस पर निर्णय लेने में लगातार देरी कर रही थी। मार्च के अंत में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने साक्षात्कार भी लिए और सीलबंद लिफाफे में नाम भेजे, लेकिन सुक्खू सरकार तीन महीने से इस पर कोई फैसला नहीं ले पा रही थी। आखिरकार, हिमाचल हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी और सरकार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना (कॉस्ट) लगाने के बाद ही यह नियुक्ति हुई है।



### अमित कश्यप को बनाया सदस्य, अधिसूचना जारी

# पीएम मोदी ने किया गांधी–नारायण गुरु संवाद की शताब्दी समारोह का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज भी 100 साल पहले हुई वह मुलाकात सामाजिक समरसता और विकसित भारत के साझा संकल्प के लिए एक प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत है। नारायण गुरु के सिद्धांत पूरी मानवता के लिए एक महान संपत्ति हैं, जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प के साथ काम करते हैं, उनके लिए नारायण गुरु एक प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। पीएम ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि पीड़ित और वंचित समाज के साथ मेरा किस तरह का गहरा जुड़ाव है। इसीलिए, आज भी जब मैं पीड़ितों और वंचितों के लिए कोई बड़ा निर्णय लेता हूं, तो गुरुदेव को याद करता हूं।

उन्होंने कहा कि नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत 12 मार्च 1925 को शिवगिरी मठ में महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान हुई थी और यह बातचीत वाइकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, छुआछूत मिटाने, मोक्ष प्राप्ति और दलितों के उत्थान पर केंद्रित थी। (अनंत ज्ञान)



### 1925 में शिवगिरी मठ में छुआछूत मिटाने पर हुई थी चर्चा

# पीएफ अकाउंट से अब निकाल सकेंगे 5 लाख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की। अब कर्मचारी अपने भविष्य निधि खाते से अग्रिम निकासी के लिए ऑटो-सेटलमेंट की सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर सकते हैं। इस नए कदम से ईपीएफओ के सदस्यों को जरूरत के समय तेजी से पैसा मिल सकेगा। मांडविया ने बताया कि इस बदलाव से लाखों लोगों को फायदा होगा, खासकर तब जब उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत हो। ईपीएफओ के अभी 7 करोड़ से अधिक सदस्य हैं, और ईपीएफओ ने इस सुविधा को पहली बार कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू किया था। (अनंत ज्ञान)




# हिमाचल हाईकोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में हड़कंप मच गया है। एक बार फिर प्रदेश उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद पुलिस विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। धमकी मिलने के तुरंत बाद पुलिस की टीमें प्रदेश उच्च न्यायालय परिसर में पहुंच गईं और बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

इस ऑपरेशन में बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई। साथ ही, मौके पर मोबाइल बम निरोधक वैन भी तैनात कर दी गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का तुरंत पता लगाया जा सके। यह पहली बार नहीं है जब उच्च न्यायालय को इस तरह की धमकी मिली है। पहले भी ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं, जो तब झूठी पाई गई थी।

### बम निरोधक वैन तैनात, सुरक्षा एजेंसियां एक्शन मोड पर




### लगातार मिल रही धमकियां, जांच तेज

**प्रदेश** में ई-मेल के माध्यम से लगातार मिल रही इन धमकियों को देखते हुए, जांच एजेंसियां और खुफिया एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं, मगर समाचार लिखे जाने तक अभी तक कोई भी अप्रिय वस्तु बरामद नहीं हो पाई थी।

# एक जुलाई से महंगा होगा ट्रेन का सफर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक जुलाई से महंगा हो सकता है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार सभी बदलाव एक जुलाई से लागू होंगे। इस तारीख के बाद का टिकट बुक करने पर नई दरों के हिसाब से किराया चुकाना होगा। रेलवे ने आखिरी बार 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था। (अनंत ज्ञान)



# ईरान-इसराइल युद्ध के चलते देशभर में 60 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान-इसराइल युद्ध का असर भारत से मिडल ईस्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ रहा है। बढ़ते तनाव और एयरस्पेस बंद होने से अब तक 60 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट की 48 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं, इनमें 28 फ्लाइट दिल्ली आने और 20 दिल्ली से रवाना होने वाली थीं।

जयपुर एयरपोर्ट से 6 फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इनमें मिडल ईस्ट आने-जाने वाली 3-3 उड़ानें शामिल हैं। लखनऊ एयरपोर्ट से अबु धाबी और शारजाह जाने वाली 2 फ्लाइट को यूएई-कतर एयरस्पेस बंद होने से कैंसिल किया गया है। अहमदाबाद एयरपोर्ट आने वाली 5 फ्लाइटें कैंसिल कर दी गई हैं। इनमें लंदन, अबुधाबी, दुबई, कुवैत और दोहा से आने वाली उड़ानें शामिल हैं। वहीं, अमृतसर एयरपोर्ट से दुबई जाने वाली फ्लाइट एसजी-55 भी रद्द हुई है। दरअसल, 23 जून की रात को ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागी। इसके बाद कतर, बहरीन, यूएई, इराक और कुवैत ने अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया। (अनंत ज्ञान)




# ABHILASHI UNIVERSITY

(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)

CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)



Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU

ADMISSION OPEN 2025-26

FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
B.Sc. in Operation Theatre Tech. (B.Sc. OTT)
B.Sc. in Radiology & Imaging Tech. (B.Sc. RIT)
Diploma Multipurpose Health Worker (MPHW)

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE, MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sciences)

FACULTY OF VET. SCIENCES
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com


## खुशखबरी

## 117 साल में पहली बार दिया गया आधुनिक रूप, कपूरथला में 28 नए कोच तैयार

# शिमला–कालका टॉय ट्रेन में अब वातानुकूलित सफर का आनंद

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** विश्व धरोहर शिमला–कालका टॉय ट्रेन के 17 साल के इतिहास में पहली बार इससे आधुनिक रूप दिया जा रहा है। टॉय ट्रेन अब एयर कंडीशंड कोच के साथ दौड़ेगी, जिससे सफर पहले से आरामदायक होगा। हालांकि, इसका किराया थोड़ा ज्यादा होगा। पर इससे कालका से शिमला आने वाले ए कैटेगरी के टूरिस्ट की संख्या दोगुनी होने का अनुमान है।

खास बात है कि टॉय को आधुनिक रूप देने के लिए रेल कोच फैक्टरी कपूरथला में 28 एयर कंडीशनर कोच बनाए गए हैं। जिसकी ट्रायल प्रक्रिया जारी है। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज ट्रैक कालका–शिमला रूट पर दौड़ रही वर्तमान ट्रेन को 1908 में लाहौर में डिजाइन किया गया था। वर्तमान में कालका से शिमला के बीच रोजाना 6 टॉय ट्रेनें चलाई जाती हैं। हर ट्रेन में 7 कोच होते हैं। अब ये कोच पुराने हो गए हैं और इनके कलपुर्जे भी नहीं मिल रहे, इसलिए इन पुराने कोच को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा।

वहीं, रेलवे अधिकारियों की मानें तो कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी से क्लीयरेंस मिलने के बाद इन नए कोचों को ट्रेनों में लगाया जाएगा। फिलहाल ट्रायल प्रक्रिया जारी है। उत्तर रेलवे अंबाला डिवीजन के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में एक ट्रेन में एक कोच कम करने पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही नए कोच लगने के बाद किराए में वृद्धि हो सकती है।



कालका रेलवे स्टेशन पहुंचे रेल कोच फैक्टरी में तैयार किए गए नए एयर कंडीशनर कोच।

### कपूरथला से कालका रेलवे स्टेशन पहुंचे नए कोच

**रेल** कोच फैक्टरी कपूरथला में शिमला-कालका टॉय ट्रेन के नए कोच तैयार किए जा रहे हैं। अब तक 28 नए कोच कपूरथला से कालका रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुके हैं और इन्हें फेज-वाइज पुराने कोच की जगह लगाया जाएगा। पहले फेज में आरसीएफ को कुल 30 कोच देने हैं। ये कोच पुराने, कंडम हो चुके डिब्बों की जगह लेंगे, जिनके अब पुर्जे भी नहीं मिलते। नए एयर कंडीशनर कोचों के जुड़ने से जहां सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं किराया भी थोड़ा महंगा हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकतंत्र पर आपातकाल का कलंक : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** एबीवीपी ने मंगलवार को हमीरपुर में 'आपातकाल निषेध दिवस' पर मशाल यात्रा और आपातकाल पर पर्चा वितरण किया गया। गांधी चौक पर इकट्ठे होकर कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 1975 में लगे आपातकाल की ऐतिहासिक गलतियों को स्मरण कर युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की महत्ता से परिचित कराना था। मशाल यात्रा के दौरान विभाग संयोजक भवानी ठाकुर ने बताया कि 25 जून, 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था, जब तत्कालीन सरकार ने संविधान को ताक पर रखकर नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचल दिया। प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की स्वायत्तता और आम जनता की आवाज को दबा दिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया और लोकतंत्र, संविधान और आपातकाल विषय पर जानकारी साझा की।

### बच्चों के कंधों पर बेहतर समाज की जिम्मेदारी : डॉ. वर्मा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला व बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बरोहा के किसान भवन में शिरकत की। इस अवसर पर सीडीपीओ कुलदीप चौहान, सुपरवाइजर किरण कोंडल व महिलाओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद वहां उपस्थित चाइल्ड हेल्पलाइन और कानूनी सेवाएं विभाग द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और स्कीमों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि बच्चों के सपनों में है कल का भारत, उनकी आंखों में है संभावनाओं की चमक और उनके कंधों पर है जिम्मेदारी एक बेहतर समाज की। डॉ वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को शिक्षा देना, उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना, आत्मनिर्भर बनाना और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना हम सब का कर्तव्य है, हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा हिमाचली व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसका अवलोकन डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया और व्यंजनों का स्वाद भी चखा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोरमा लखनपाल, चाइल्ड हेल्पलाइन कमेटी के मेंबर एडवोकेट अरविंद शर्मा, एडवोकेट सिद्धार्थ व अन्य मौजूद रहे।

### धनेटा कॉलेज में नवप्रवेशित छात्रों को दिया परामर्श

**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में मंगलवार को बीए एवं बीकॉम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परामर्श सत्र का शुभारंभ किया गया। यह परामर्श सत्र 24 से 30 जून तक विभिन्न विषयों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को अकादमिक, करियर मार्गदर्शन, परीक्षा पद्धति, उच्च शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा की अध्यक्षता में हुआ। डॉ. राणा ने हमारा महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि ऐसा शिक्षण वातावरण प्रदान करना है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रेरित करे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रजनीश कुमार ने कॉलेज स्तर की पढ़ाई की तैयारी, उच्च शिक्षा के महत्व, परीक्षा की भीतरी व बाहरी मूल्यांकन पद्धति, तथा कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक के बाद उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार, मदन सिंह पटियाल, डॉ. अंजना कुमारी सहित अन्य शिक्षकगण व कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में आज लगेगा कैंप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में 25 जून को मुफ्त कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का लीवर की बीमारियों से संबंधित रोगी लाभ उठा सकते हैं। डॉ. अक्षय शर्मा ने बताया कि अस्पताल में ये शिविर मुफ्त लगाया जाएगा, जांच के साथ दवाइयां भी बांटी जाएंगी। ऐसे मरीज जिनको फैटी लीवर या लीवर से जुड़ी कोई भी शिकायत हो, वह शिविर का लाभ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि ये शिविर 10 से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगा।

### पुलिस कांस्टेबल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : शुक्ला

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** हिमाचल प्रदेश में 15 जून को आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में पेपर लीक व नकल किए जाने की घटना पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष (बाबा साहेब बिंग) डॉ. धर्मीराम शुक्ला द्वारा दुख व्यक्त किया है। डॉ. शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री इस घटना पर उदासीन रवैया छोड़ कर और अपनी चुप्पी तोड़ कर युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर ठोस कार्रवाई करना सुनिश्चित बनाएं। शुक्ला ने कहा कि युवा पीढ़ी के साथ ऐसा अन्याय होना और फिर सरकार द्वारा अनदेखा किया जाना अपने कर्तव्य परायणता में पिछड़ा होना है। पालमपुर में परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भांडाफोड़ हो चुका है। डॉ. शुक्ला ने मांग की है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया की जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र न्यायिक इजेंसी से करवानी चाहिए। डॉ. शुक्ला ने कहा कि अगर परीक्षा गड़बड़ी सिद्ध होती है तो परीक्षा रद्द करके पुनः परीक्षा करवाई जाए।

### स्वामी को संस्कृत शिक्षक परिषद खंड की कमान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के भोरंज खंड के चुनाव में स्वामी लाल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया, जबकि हिमीचंद को महासचिव व प्रतिभा शर्मा को वित्त सचिव चुना गया। चुनाव परिषद के जिलाध्यक्ष नरेश मलोटिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। पुष्टि करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष नरेश मलोटिया ने बताया कि इस चुनावी प्रक्रिया में शिक्षा खंड भोरंज के करीब 20 संस्कृत अध्यापकों के अलावा निर्वाचन अधिकारी हिरवानी ठाकुर, जिला संगठन मंत्री एवं पर्यवेक्षक डॉ. मनीष कुमार, राज्य सचिव, प्रदेश महासचिव डॉ. अमित कुमार शमा, जिला महासचिव डॉ. विपन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार, खंड हमीरपुर के प्रधान ज्योति प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के स्पेशल वार्ड के चार्ज तो बढ़ाए, सुविधाएं नहीं

## स्पेशल वार्ड के बाहर 3 वर्ष से खराब सामान को हटाने में असमर्थ कॉलेज प्रबंधन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



स्पेशल वार्ड के बाहर रखे बेड और खराब सामान जिसको उठाने की कोई जहमत नहीं उठा रहा।

**हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सुर्खियों में रहा है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मेडिसिन वार्ड पुरुष व महिला वार्ड में इतने मरीज हैं कि एक बैड पर दो-दो मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। वार्डों में लगाए बैड का गैप भी इतना ज्यादा नहीं है, जिससे मरीज का इलाज आसानी से किया जा सके। इससे भी खराब हालत स्पेशल वार्डों की है। करोड़ों रुपए के मेडिकल कॉलेज में सिर्फ दो ही स्पेशल वार्ड हैं। उनकी हालत भी ज्यादा अच्छी नहीं है। एक स्पेशल वार्ड में दो-दो मरीजों को रखा जा रहा है।

वहीं, स्पेशल वार्ड के टायलेट की स्थिति भी अच्छी नहीं है। दरवाजे में कुंडी तक ठीक से नहीं लगती है, जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्पेशल वार्ड के चार्ज भी 500 से बढ़ाकर 750 कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने स्पेशल वार्ड के चार्ज तो बढ़ा दिए, पर सुविधाएं न के बराबर हैं। यही नहीं जहां पर स्पेशल वार्ड बने हैं, उसके साथ ही स्टोर रूम बनाया गया है। स्टोर रूम के अंदर और बाहर खराब सामान तो रखा है साथ ही स्पेशल वार्ड के बाहर भी पुराने बेड रखे गए हैं। यह बेड कोरोना के समय लगाए गए थे, उसके बाद इन बेडों को हटाने की आज तक अस्पताल प्रशासन ने कोशिश तक नहीं की।

स्पेशल वार्ड के साथ एक आईसोलेशन वार्ड, स्टाफ का वार्ड भी है। इनके बाहर भी स्टोर रूम का सामान रखा गया है। इन वार्डों के बाहर लाइट की व्यवस्था तो है लेकिन दिन भी यहां पर अंधेरा पसरा रहता है। बताया जा रहा है कि स्पेशल वार्डों के बाहर रखे बेड और खराब सामान को हटाने की कार्रवाई कागजों तक ही सीमित रही है। यही कारण है कि स्पेशल वार्ड के बाहर रखे सामान को हटाने के लिए तीन साल भी कम पड़ गए।

### क्या बोले स्वास्थ्य अधीक्षक

इस बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. देशराज शर्मा ने बताया कि स्पेशल वार्ड के बाहर रखे सामान को हटाने के प्रयास तो किए थे, लेकिन कोई भी इसकी जिम्मेदारी नहीं ले रहा। उन्होंने माना कि स्पेशल वार्ड की हालत ठीक नहीं है, लेकिन जैसे ही यहां से चार विभाग नए मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट होंगे, यहां पर जगह की कमी समाप्त हो जाएगी।

# बड़सर विस क्षेत्र में सूख रही वन्य संपत्ति को बचाने का सरकार से किया आग्रह

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** वन्य संपत्ति को बचाने के लिए अगर प्रदेश सरकार ने कड़े नियम नहीं बनाए तो वह दिन भी दूर नहीं कि वन्य संपत्ति का अस्तित्व ही मिट जाएगा। दिन-प्रतिदिन हिमाचल प्रदेश की धरोहर वन्य संपत्ति लुप्त हो रही है या फिर प्रदेश के हरे भरे जंगलों के जंगल सूखने लगे हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं। वजह चाहे कुछ भी हो, परंतु वन्य संपत्ति के नष्ट होने से जहां दिन-प्रतिदिन प्रदेश के तापमान में भी भारी बढ़ौतरी हुई है, जिस कारण आम लोगों का जनजीवन भी दूभर सा गया है।

बताते चलें कि सलौनी दियोटसिद्ध सड़क मार्ग जो कि मैक्सिमम वन्य क्षेत्र से होकर गुजरता है, टुगाड़ के जंगल में बहुत सारे चीड़ के पेड़ या तो सूख गए हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं। इसके अलावा दलचेहड़ा चलसाई चकमोह बीट में भी सैकड़ों चीड़ के बड़े-बड़े पेड़ सूखने के कगार पर हैं। ऐसा अगर चला रहा तो वह दिन भी दूर नहीं कि जब यह वन्य भूमि कहीं मरुस्थल न बन जाए। इन जंगलों में दुर्लभ जाति के जंगली जानवर पाए जाते थे, जिनकी भी नस्लें खत्म हो रही हैं या फिर खत्म होने के कगार पर हैं। हिमाचल सरकार या फिर फॉरेस्ट विभाग ने सूख रहे जंगलों को बचाने के लिए अगर कारगर कदम नहीं उठाए तो हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण को भी बहुत भारी नुकसान हो सकता है इसलिए स्थानीय लोगों ने हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में सूख रही वन्य संपत्ति को बचाने का आग्रह किया है ताकि जिला हमीरपुर हरा-भरा रह सके। प्रदेश सरकार को जंगलों में आग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, तभी सब संभव हो सकता है।

### क्या कहते हैं आरो कमलेश शर्मा बिझड़ी

गर्मियों में जंगलों में भयानक आग लगने से चीड़ के पेड़ों की जड़ें प्रभावित हो रही हैं, जिस कारण बहुत जगह पर चीड़ के हरे भरे पेड़ सूख रहे हैं। हालांकि वन विभाग हर वर्ष बरसात के मौसम में बड़ी मात्रा में नई पौध लगाता है परंतु यह सब आगजनी की भेंट चढ़ कर सूख जाते हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग तो वनों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है, साथ में आम जनमानस आगजनी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाता है, तब तक वन संपत्ति को बचाना बहुत मुश्किल है।

## सड़क दुर्घटना के घायलों को इलाज की सुविधाः डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को तुरंत उपचार सुनिश्चित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से एक विशेष व्यवस्था की है।

सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर करने का प्रावधान किया है। ऐसे लोगों का अब आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक कैशलेस इलाज हो सकता है।

## पुलिस की हिरासत में हिट एंड रन मामले के दोनों आरोपी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

थाना सदर हमीरपुर में सड़क दुर्घटना (हिट एंड रन) का मामला दर्ज किया था, जिसके तहत पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से यह मामला मात्र 24 घंटे में सुलझा लिया और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। बता दें कि 23 जून को पुलिस सहायता कक्ष मेडिकल कॉलेज से थाना सदर हमीरपुर में एक सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई जिसमें बताया कि एक महिला आशा पत्नी स्व. ओम प्रकाश निवासी माकन नं. 161 वार्ड नं. 1, कृष्णानगर को किसी अज्ञात मोटर साइकिल सवार के द्वारा टक्कर मारी है जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में उपचार हेतु लाया गया है।

इस सूचना के आधार पर थाना सदर हमीरपुर में सड़क दुर्घटना का मामला पंजीकृत हुआ किया और तुरंत संज्ञान लेते हुए तत्काल उपनिरीक्षक रवि दत्त के नेतृत्व में एक टीम गठित करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आसपास के क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को खंगाला गया जिससे दुर्घटना में शामिल मोटरसाइकिल की पहचान की गई। वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के सहारे सुराग एकत्रित किए और केवल 24 घंटों के अंदर आरोपी मोटर साइकिल सवार रमन कुमार पुत्र रमेश चंद गांव घनीटला उम्र 19 साल तथा मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे सवार गौरव उम्र 18 साल को हिरासत ले लिया है तथा मामले की जांच जारी है क्योंकि इस दुर्घटना में घायल महिला अभी एम्स बिलासपुर में उपचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सहयोग करें तथा अपने घरों के समीप सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

## पानी की निकासी अवरुद्ध होने से दुकानों में घुसा पानी

### एनएच किनारे नाली में जाली की वजह से आई समस्या का नगर परिषद ने किया हल

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



नगर परिषद के अध्यक्ष व ईओ नाली को साफ करवाते हुए।

**नादौन।** नादौन शहर में नादौन बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे किनारे पानी की निकासी के लिए बनी नाली अवरुद्ध हो गई जिसके चलते बारिश का सारा पानी सड़क से होता हुआ दुकानों व घरों में घुस गया। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से कई दुकानदारों को नुकसान भी हुआ।

काबिलेगौर है कि कुछ समय पहले नेशनल हाईवे किनारे विकास खंड नादौन द्वारा पंचायत समिति की भूमि को कवर करते समय नेशनल हाईवे किनारे बनी पानी की नाली पर स्लैब डाला गया है और नाली के मुहाने पर लोहे की जाली डाल दी है, जो पहले से ही सवालों के घेरे में थी। बारिश से पॉलीथिन के लिफाफे आदि इस नाली में लगाई गई जाली में फंस गए और नाली पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई और पानी दुकानों व लोगों के घरों में घुस गया। खबर मिलते ही नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी, ईओ रमन शर्मा, जेई अंशुल सहोत्रा, पार्षद योगराज व सोनू आदि पहुंच गए। लेवर को बुलाकर और नाली के मुहाने पर लगी लोहे की जाली को उखड़वाया और नाली में फंसा कचरा आदि हटवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित की।

नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी व ईओ रमन शर्मा का कहना है कि नालियों के अवरुद्ध होने की खबर मिलते ही वे मौका पर पहुंचे और लोहे की जाली को उखड़वा कर कचरा आदि हटवाया। शहर में जहां जहां भी नालियों के ब्लॉकिज होने की शिकायतें मिली हैं, उन सभी नालियों की साफ-सफाई आदि करके बरसाती पानी की निकासी सुनिश्चित कर दी है।

## टमक की थाप पर टौणी देवी मेले का आगाज

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**



मंगलवार को टौणी देवी मेले के भव्य शुभारंभ के दौरान मौजूद गणमान्य व अन्य।

**टौणी देवी।** करीब साढ़े तीन सौ वर्ष से मनाया जा रहा ऐतिहासिक टौणी देवी मेला मंगलवार को शुरू हो गया। समाजसेवी मंजीत सिंह ने टमक पर थाप दे मेले का शुभारंभ किया। इससे पहले मंजीत सिंह के टौणी देवी मंदिर में पहुंचने पर मंदिर कमेटी के प्रधान सरवन कुमार की अध्यक्षता में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले तिलक राज बहल और विजय बहल ने उन लोगों को याद किया, जिनके योगदान से आज मंदिर भव्य रूप धारण कर चुका है। समाज सेवी मंजीत सिंह ने अपनी नेक कमाई से मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए दान की।

विजय बहल ने ऊपरी हिमाचल की तर्ज पर माता के बने मंदिरों की तरह टौणी देवी मंदिर को भी बनाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि टौणी देवी माता मंदिर के विकास के लिए पहले भी दिल खोलकर दान आया है और आगे भी कोई कमी नहीं रहेगी। इस मौके पर मंदिर कमेटी प्रधान सरवन कुमार ने कहा कि मंदिर के विकास में रोड़े अटकाने वालों को माता रानी खुद अकल देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री धूमल तथा वर्तमान कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने टौणी देवी के विकास में अपना भरपूर साथ दिया है। उन्होंने घोषणा की कि इस मंदिर काष्ठ कला से सुसज्जित किया जाएगा, जिस पर करीब अढ़ाई करोड़ रुपए खर्च आयेंगे। यह सारी धन राशि दान से एकत्रित होगी। मेले के शुभारंभ अवसर पर टौणी देवी मंदिर की सफाई करने वाली कमेटी को सम्मानित किया गया।

वहीं, मंदिर में मेले के दौरान लंगर लगाने वाले संजीव कुमार को भी सम्मानित किया गया। टौणी देवी मेले में सुबह बारिश ने खलल डाला। दोपहर को मौसम साफ हो गया। इसके बाद बीच-बीच में हल्की बौछारें पड़ती रहीं। करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस लगाई गई है।

### छबीलें लगाने की परंपरा आज भी है जारी

टौणी देवी मेले में पानी की छबीलें लगाने की परंपरा आज भी जारी है। इसनिक्कर, बारी, मेला क्षेत्र, दरकोटी, ठाना गांवों में कई लोगों ने ठंडे पानी की छबीलें लगाई। कई जगह फ्रूट चाट के निशुल्क स्टाल लगे देखे गए। कुल मिलाकर टौणी देवी मेला शांतिपूर्ण रहा।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल में गत 15 जून को आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि गड़बड़ियों की परतें अब खुल रही हैं। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों द्वारा कई केंद्रों में नकल, अव्यवस्था और प्रश्नपत्र लीक होने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पार्टी के प्रवक्ता खुशविंदर सिंह ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में कांग्रेस सरकार की चुप्पी और मुख्यमंत्री सुक्खू की उदासीनता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



जिस प्रदेश की युवा पीढ़ी अपने भविष्य के लिए परीक्षा दे रही हो, वहां की सरकार अगर इन आवाजों को अनसुना कर दे, तो यह लोकतंत्र और युवाओं के साथ अन्याय है। पालमपुर में परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हो चुका है, गिरफ्तारियां भी हुई हैं। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जो इस पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। पार्टी ने सरकार से सवाल पूछा है कि क्या आपके शासन में युवाओं के भविष्य की कोई कीमत नहीं है? जब एक समोसा कांड पर सीबीआई जांच हो सकती है, तो इस बड़े घोटाले की जांच से आप क्यों डर रहे हैं? उन्होंने कहा है कि उनकी मांग स्पष्ट है इसमें कोई खेद नहीं है।

इस परीक्षा की प्रक्रिया की सीबीआई या किसी स्वतंत्र न्यायिक एजेंसी से जांच करवाई जाए। जिन परीक्षा केंद्रों पर आरोप लगे हैं, वहां की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, उपस्थित कर्मियों की सूची और अन्य दस्तावेजों को तत्काल जब्त किया जाए। यदि गड़बड़ी सिद्ध होती है तो परीक्षा को रद्द कर पुनः निष्पक्ष परीक्षा करवाई जाए।

### 'आप उठाएगी' आवाज

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता और संवेदनहीनता अत्यंत निंदनीय है। आम आदमी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगी और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि युवाओं को न्याय न मिल जाए।

## प्रशासन ने कहा-ब्यास नदी के किनारे न जाएं लोग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्यास नदी व मान खड्ड में जलस्तर बढ़ रहा है जिसे मध्यनजर रखते हुए प्रशासन ने लोगों को हिदायत दी है कि वे ब्यास नदी व मान खड्ड के किनारे न जाएं। इस संदर्भ में एसडीएम राकेश शर्मा के निर्देश पर नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ब्यास नदी व मान खड्ड का दौरा किया तथा ब्यास नदी व मान खड्ड के किनारे अस्थाई तौर पर रह रहे झुग्गी-झोंपड़ी वालों को हिदायत दी कि वे सुरक्षित जगह शिफ्ट हो जाएं अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि एसडीएम के निर्देश पर ब्यास नदी व मान खड्ड का दौरा किया और जो प्रवासी वहां रह रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर तुरंत शिफ्ट होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सब उनकी सुरक्षा की दृष्टि से किया गया है।

## प्रदेश सरकार ने जवाब नहीं दिया तो जवाब देने का अधिकार होगा समाप्त



शिमला हाईकोर्ट में होमगार्डों के भविष्य को लेकर याचिका दाखिल की गई है।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश के लीगल एडवाइजर अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया अभय कांत मिश्रा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका सीडब्ल्यूपी नंबर 4526-2025 पर सुनवाई हुई। यह याचिका राज्य सरकार द्वारा एसोसिएशन को मान्यता न देने और रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकरण से इनकार किए जाने के खिलाफ दायर की गई है।

राज्य सरकार को पूर्व में कई बार उत्तर दाखिल करने का अवसर दिया गया था, लेकिन उत्तर प्रस्तुत न किए जाने पर माननीय न्यायालय ने स्पष्ट नाराजगी प्रकट की और कहा कि यह राज्य और विभाग का आखिरी अवसर होगा। अब से तीन सप्ताह के भीतर यदि उत्तर दाखिल नहीं किया गया, तो राज्य का उत्तर दाखिल करने का अधिकार समाप्त मान लिया जाएगा। यह निर्देश न केवल न्यायिक अनुशासन का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि अदालतें अब सरकार की ढलाई को और अधिक सहन नहीं करेंगी। यह मामला केवल एक संघ के पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिमाचल के हजारों होमगार्ड जवानों के सम्मान, अधिकार और पहचान की लड़ाई है।

सरकार जब सुविधाएं देने से इनकार करती है, तो कहती है होमगार्ड स्वयंसेवक हैं, लेकिन जब जवान संगठन बनाकर न्याय की आवाज उठाते हैं, तो कहा जाता है होमगार्ड सरकारी सेवक हैं, इसलिए अनुमति नहीं। यह विरोधाभासी और सुविधाजनक दोहरा रवैया अब अधिक दिन नहीं चलेगा। हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19(1)(ब) के अंतर्गत संगठन बनाने का मौलिक अधिकार देता है। यह अधिकार होम गार्ड्स से नहीं छीना जा सकता।

### होमगार्ड वेलफेयर एसो. ने पंजीकरण को लेकर दाखिल की है याचिका

## देखभाल

### स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर मरीजों को पहुंचा रही दवाइयां

# दाड़ला भलेठ पंचायत के लोग उल्टी-दस्त से ग्रसित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



गांव-गांव जाकर लोगों से जानकारी हासिल करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मी।

उपमंडल सुजानपुर की दाड़ला भलेठ पंचायत में एक साथ दर्जनों लोग उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित हो गए हैं। स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस बीमारी की चपेट में आ गए। कई मरीजों को सिविल अस्पताल सुजानपुर में भर्ती किया गया है। कुछ को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। कई लोग घर पर ही दवाइयां लेकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

सुजानपुर अस्पताल में सोमवार को पंचायत के कुछ लोग उल्टी-दस्त, पेट दर्द और बुखार की शिकायत लेकर पहुंचे जिनका अस्पताल में इलाज किया गया। एक व्यक्ति को छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। बीमार लोगों ने बताया कि गांव में कई लोगों को दस्त तथा उल्टी की शिकायत है, जिस पर स्वास्थ्य और जल शक्ति विभाग सक्रिय हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने तीन टीमें बनाकर पंचायत की विभिन्न गांव में भेजा हुआ, जिनके द्वारा मरीजों को दवाइयां वितरित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हो सकता है कि दूषित पानी के सेवन से लोगों को उल्टी तथा दस्त लगे हैं। सुजानपुर कार्यवाहक बीएमओ डॉ. राजकुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमें गठित कर संबंधित पंचायत के सभी गांवों के घर-घर जाकर दवाइयां बांटी जा रही हैं। क्लोरीन का वितरण किया गया है।

लोगों को पीने का पानी उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत के तीन गांवों में प्रकोप अधिक है। ऐहतियात पंचायत के सभी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम एक-एक घर जाकर दस्तक दे रही है। उधर, जलशक्ति विभाग के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि जल शक्ति विभाग की एक टीम गठित की गई है जिसके द्वारा इसके फैलने के कारण का पता लगाया जाएगा।

**एक साथ करीब 50 लोग हो गए थे बीमार :** डॉ राजकुमार ने बताया कि पंचायत के लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। कई बच्चे और वृद्ध महिलाएं अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। अभी तक बीमारी के कारण का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को 44 लोग बीमारी से प्रसित हुए थे। मंगलवार को एक और मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में दाखिल एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है, बाकियों का इलाज जारी है।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि एक साथ इतने लोगों को उल्टी-दस्त लगना चिंता का विषय है। गांव में कोई भी भंडारा या सामूहिक भोज आदि नहीं था। हो सकता है कि दूषित पर जल पीने से एक साथ लोग बीमार हुए हों।

### उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या 57 हुई

दाड़ला भलेठ पंचायत में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या 57 हो गई है। मंगलवार को 13 मरीज और आए हैं। सोमवार को 44 मरीज उल्टी दस्त से ग्रसित पाए गए थे जिनमें 4 का इलाज सिविल अस्पताल सुजानपुर में चल रहा है।

# मक्की की फसल पर फॉल आर्मीवर्म के हमले शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन**



फॉल आर्मी वर्म के कीट मक्की के झेले पर।

मक्की की फसल को फॉल आर्मीवर्म के हमले शुरू हो गए हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है। इस कारण किसान चिंतित हैं। इसकी रोकथाम के लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह जरूर लेनी चाहिए। नादौन के गांव जमनोटी सहित कई जगह किसानों की मक्की की फसल पर फॉल आर्मीवर्म ने मक्की के पौधों पर हमले शुरू कर दिए हैं।

फॉल आर्मीवर्म से बचाने के लिए कृषि विशेषज्ञों ने इन कीटों से फसल को बचाने के लिए किसानों को जागरूक करना शुरू कर दिया है ताकि मक्की की फसल को इनसे होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। यदि मक्की के पत्तों में छोटे-छोटे छेद दिखाई दें तो नीम से बनी दवाइयों का छिड़काव करें और कम प्रकोप होने पर कीट ग्रसित पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दें यानि ग्रसित पौधों को गड्ढे में दबाकर नष्ट कर दें ताकि मक्की की फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित बड़ा की कृषि विशेषज्ञ डॉ. छवि ने किसानों को जागरुक करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में फॉल आर्मी वर्म आने वाली ज्वलंत समस्या है जो कि मक्की की फसल में एक विकराल रूप धारण कर लेती है जिसकी वजह से सारी की सारी मक्की की फसल नष्ट हो जाती है।

फॉल आर्मी वर्म के प्रभाव से सारे के सारे मक्की के खेत खाली हो जाते हैं यानि मक्की बिलकुल नष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस कीट की सुंडी अवस्था मक्की के पत्तों व पत्तों गोभ/भंवर को नुकसान करती है। शुरुआत में नव सुंडियां पत्तों के ऊपर सूई के आकार के छोटे छोटे सुराख बना देती हैं तथा पारदर्शी झिल्ली जैसे या कागज जैसे लंबे सुराख कर देती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल भाजपा नेताओं को 8 जुलाई तक मिली राहत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल और पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी को सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र में धारा 163 के कथित उल्लंघन से जुड़े मामले में 8 जुलाई तक राहत प्रदान की है। न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने मामले के जांच अधिकारी को 8 जुलाई को अगली सुनवाई में ताजा स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इससे पहले, कोर्ट ने 17 जून को आदेश दिया था कि आवेदकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। जमानत याचिकाओं पर सुनवाई भी 8 जुलाई को ही होगी। यह मामला 13 जून को एक युवती के कथित अपहरण के बाद सैकड़ों लोगों द्वारा एक विशेष समुदाय के लड़के के गांव की तरफ रैली निकालने से जुड़ा है। माहौल बिगड़ने से रोकने के लिए उपायुक्त ने माजरा थाना के अंतर्गत पांच गांवों में धारा 163 लागू कर दी थी, जिसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध था। इसके बावजूद, अगले ही दिन बिंदल के नेतृत्व में लोगों ने कथित तौर पर धारा 163 का उल्लंघन करते हुए माजरा थाना मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया। पुलिस ने धारा 163 का उल्लंघन करने के आरोप में बिंदल और चौधरी सहित 50 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### त्रिलोक कपूर ने भ्रष्टाचार के आरोप पर सुक्खू सरकार को घेरा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश में तेजी से फैलते भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और उनके मुखिया ही भ्रष्टाचारी हैं, जिसके कारण कई सरकारी अधिकारी भी दबाव में हैं। कपूर के अनुसार, सुक्खू सरकार केंद्र द्वारा वित्त पोषित 'फिना सिंह योजना' में भी हेरफेर कर करोड़ों का घोटाला कर रही है। टेंडर की शर्तों में बदलाव करके बड़ी कंपनियों को बाहर किया जा रहा है, जिससे चहेती कंपनियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक 297 करोड़ के टेंडर की न्यूनतम बोली 304 करोड़ आई है, और अनुभवहीन कंपनियों को काम सौंपने की तैयारी है। कपूर ने सरकार पर पिछली अनियमितताओं, जैसे नर्स भर्ती और पेखुवेला सोलर प्रोजेक्ट्स, को भी दोहराने का आरोप लगाया।

### दो ट्राला पिकअप की टक्कर में मारुति कार को भी पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोटा।** मंगलवार सुबह 9 बजे आग्घार के पास दो ट्राला पिकअप में आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों पिकअप ट्राला तेज रफ्तार से जा रहे थे और आपस में टकरा गई वहीं इस टक्कर में एक ट्राली के पीछे आ रही मारुति कार भी पीछे से टकरा गई। इस घटना में दोनों पिकअप ट्रालों को नुकसान पहुंचा है तो मारुति कर का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। इस घटना में मारुति कर के अंदर बैठे हुए लोगों को को मामूली चोटे ही पहुंची हैं हालांकि इस जगह पर गाड़ियों की रफ्तार ज्यादा हो जाती है, लेकिन जिस समय यह घटना घटित हुई तो मारुति कर के चालक ने गाड़ी को नियंत्रण में कर लिया जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया, लेकिन फिर भी एचपी 01 7897 कार को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने भी घटनास्थल का दौरा किया है और पड़ताल शुरू कर दी है।

### बच्ची से अश्लील हरकतें करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनपद में परिवार के साथ किराये के मकान में रह रही नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकतें किए जाने का मामला सामने आया है। इसी मकान में किराये पर रह रहे कांगड़ा निवासी व्यक्ति पर उसने यह आरोप लगाया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़ित 14 वर्षीय बच्ची की माता द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि सोमवार देर रात उसकी बेटी ने वॉशरूम जाने के लिए कहा, तो उसकी नानी उसके साथ वॉशरूम तक छोड़ने गई। इसी बीच नानी वापस अपने कमरे में आ गई, लेकिन बच्ची अभी बाहर ही थी। वहीं पड़ोस में रह रहा आरोपी पहले से ही सब देख रहा था। युवती के अकेले होने का फायदा उठाकर ज्वालाजी तहसील के तहत मतियाव गांव निवासी हेमराज ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें करने शुरू कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया का कहना है कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### कीटों का हमला और घटती उत्पादन क्षमता से रातों की नींद हुई हराम

# हिमाचल के सेब बागवानों पर दोहरी मार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब का सीजन परवान चढ़ते ही बागवानों की परेशानियां भी आसमान छूने लगी हैं। एक ओर जहां मिज और माइट्स जैसे कीटों ने सेब के पेड़ों पर जोरदार हमला बोल दिया है, वहीं दूसरी ओर बाजार में सेब के उचित दाम न मिलने से बागवान दोहरी मार झेल रहे हैं। यह स्थिति प्रदेश के हजारों सेब उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बन गई है और उनकी रातों की नींद हराम हो गई है।

जानकारी के अनुसार जैसे ही सेब का सीजन शुरू हुआ, बागवानों को अच्छी फसल की उम्मीद थी, लेकिन अचानक मिज और माइट्स के बढ़ते प्रकोप ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। ये कीट न केवल सेब की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि उपज में भी भारी कमी ला रहे हैं।

मिज छोटे-छोटे कीट होते हैं जो सेब के पत्तों और टहनियों पर हमला करते हैं, जिससे पत्तियां मुड़ जाती हैं और फल विकृत हो जाते हैं। वहीं, माइट्स लाल रंग के छोटे कीट होते हैं जो पत्तियों का रस



फाइल फोटो

- कीट के हमले से सेब की गुणवत्ता हो रही प्रभावित उपज में भी आ रही कमी
- कुछ बागों में 30-40 फीसदी तक फसल हो चुकी है बर्बाद

चूसते हैं, जिससे पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है, जिसका सीधा असर फल के आकार और रंग पर पड़ता है।

बागवानों का कहना है कि उन्होंने इन कीटों से बचाव के लिए विभिन्न कीटनाशकों का प्रयोग किया है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं।

कई बागवानों ने बताया कि कीटों का प्रकोप इतना अधिक है कि कुछ बागों में तो 30-40 फीसदी तक फसल बर्बाद हो गई है। जानकारी के अनुसार कीटों के इस अभूतपूर्व हमले से निपटने के लिए हिमाचल के बागवान सरकार से तुरंत हस्तक्षेप और सहायता की मांग कर रहे हैं।

उनका कहना है कि कृषि और बागवानी विभाग को फील्ड में आकर स्थिति का आकलन करना चाहिए और कीट नियंत्रण के लिए प्रभावी समाधान सुझाने चाहिए। कई बागवानों ने विशेषज्ञों की टीमें भेजने और उन्हें सही समय पर सही दवाइयों के बारे में जानकारी देने की भी मांग की है।

#### सुझाई गई कीटनाशक दवाइयों का करें उपयोग: डॉ. एसपी भारद्वाज

**वहीं** हिमाचल प्रदेश वानकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी के पूर्व प्रोफेसर व जाने-माने सेब विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज ने बताया की मिज और माइट के निराकरण को बागवानी विभाग



द्वारा सुझाई गई कीटनाशक और फफूंद नाशक दवाइयों का इस्तेमाल करें और अगर बहुत ज्यादा प्रकोप है, तभी इन दवाइयां का अपने सेब के बागों में छिड़काव करें, अन्यथा जहां पर ये रोग दिख रहे हैं, उसी क्षेत्र को फोकस करें। दूसरी जगह अगर, कहीं नहीं दिख रहा, तो वहां पर छिड़काव करने से बचे।

# राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि देते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान, शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज रामपुर स्थित ऐतिहासिक पदम महल परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए। यह समारोह हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के निधन की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया।

राज्यपाल ने राजा वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक महान राजनेता, दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता और जनता के सच्चे सेवक थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए जो योगदान दिया, वह आज भी प्रदेशवासियों के हृदय में अमिट रूप से अंकित है। उनका जनसेवा से जुड़ा जीवन भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। राज्यपाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाकर हिमाचल की संस्कृति और आस्था की रक्षा के लिए जो कदम उठाया, वह उनकी देवभूमि के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने प्रदेश की पवित्रता और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य किया, जो उन्हें एक सच्चे सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में स्थापित करता है। राज्यपाल ने राजा वीरभद्र सिंह की धर्मपत्नी प्रतिभा सिंह, उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह को सांत्वना दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों, परिजनों, स्थानीय नागरिकों और शुभचिंतकों ने समारोह में भाग लेकर पूर्व मुख्यमंत्री की स्मृति को नमन किया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई करे जांच: 'आप'

अनंत ज्ञान, शिमला

- कहा-युवाओं को न्याय मिलने तक इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी आप

प्रदेश आम आदमी पार्टी ने 15 जून, 2025 को हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में नकल, अव्यवस्था और प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

'आप' ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर इस गंभीर मामले में चुप्पी साधने और उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि पालमपुर में परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ होने और गिरफ्तारियों के बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे युवाओं के भविष्य पर सवाल खड़ा होता है।

'आप' ने मांग की है कि इस पूरे मामले की सीबीआई या किसी स्वतंत्र न्यायिक एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, जिन परीक्षा केंद्रों पर आरोप लगे हैं, वहां की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और अन्य दस्तावेज तत्काल जब्त करने की मांग की गई है। यदि गड़बड़ी साबित होती है, तो 'आप' ने परीक्षा रद्द कर फिर से निष्पक्ष परीक्षा कराने, परीक्षार्थियों को मुफ्त बस सुविधा देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। पार्टी ने कहा है कि वह युवाओं को न्याय मिलने तक इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी।

# स्कूलों में अब अनिवार्य होगा दैनिक समाचार वाचन

अनंत ज्ञान, शिमला

- छात्रों के सामान्य ज्ञान में सुधार के लिए हिमाचल सरकार का बड़ा कदम
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में प्रात:कालीन सभा के दौरान दैनिक समाचार पढ़ने को अनिवार्य कर दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय छात्रों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें समसामयिक घटनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से लिया गया है।



यह पहल मुख्यमंत्री के कुल्लू जिले के बागा-सराहन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के औचक दौरे के बाद हुई, जहाँ उन्होंने छात्रों के सामान्य ज्ञान के स्तर पर असंतोष व्यक्त किया था। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि छात्रों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी मिलना चाहिए, जो उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि छात्रों के सामान्य ज्ञान, आलोचनात्मक चिंतन और सम्प्रेषण कौशल को मजबूत करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी स्कूल प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके संस्थानों में अंग्रेजी और हिंदी दोनों समाचार पत्र नियमित रूप से उपलब्ध हों।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि समाचार पत्र छात्रों की पठन समझ, शब्दावली और उच्चारण में सुधार करने में मदद करेंगे। साथ ही, यह पहल उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने और प्रार्थना सभा में आत्मविश्वास के साथ भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेगी।

#### छात्रों के समग्र विकास पर जोर

**यह** कदम छात्रों में समाचारों से जुड़े रहने को बढ़ावा देने और समसामयिक घटनाओं की गहरी समझ विकसित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। शिक्षा विभाग का मानना है कि यह प्रयास आज के प्रतिस्पर्धी समय में विद्यार्थियों को देश-दुनिया की घटनाओं से भली-भांति परिचित रखने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने में भूमिका निभाएगा।

## हाईकोर्ट का राज्य सरकार को नोटिस

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन को उनके संवेदनशील पद से हटाने के आग्रह को लेकर दायर एक याचिका में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्रार्थी ने निशांत सरीन पर दागी अधिकारी होने का आरोप लगाते हुए यह मांग की है। न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने रमन शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद उपरोक्त आदेश पारित किए। इस मामले पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

- दागी अधिकारी को पद से हटाने की मांग पर जवाब तलब

याचिका में दिए गए तथ्यों के अनुसार, निशांत सरीन के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर सोलन और पंचकूला में प्राथमिकियां दर्ज हैं। आरोप है कि उन्हें 4 सितंबर 2019 को भ्रष्टाचार के आरोप के चलते निलंबित भी किया गया था। उस दौरान, प्रदेश हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।


### डिटेंशन पॉलिसी में ढील, शिक्षा विभाग ने दिए जांच के आदेश

# दो माह में 180 फेल छात्र हुए पास

शुभम राही, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** प्रदेश में लागू डिटेंशन पॉलिसी में इस वर्ष किए गए संशोधनों के परिणामस्वरूप स्कूली शिक्षा में अप्रत्याशित बदलाव सामने आए हैं। विशेष रूप से कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के परिणामों में अचानक आए सुधार ने शिक्षा विभाग को सतर्क कर दिया है।

विभाग ने इसकी गंभीरता को देखते हुए जिले के उपनिदेशकों को पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। नवीन डिटेंशन पॉलिसी के तहत इस वर्ष अति कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट न करने का प्रावधान लागू किया गया था। इसके तहत बिलासपुर जिले के लगभग 190 विद्यार्थियों को प्रारंभिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित किया गया था, लेकिन मई माह में दिए गए विशेष अवसर के अंतर्गत करवाई गई दोबारा परीक्षा में 180 विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए। अब केवल 10 विद्यार्थी ही ऐसे हैं जिन्हें फेल घोषित किया गया है। गौरतलब है कि मार्च में घोषित परिणामों और





- उपनिदेशक करेंगे स्कूलों का दौरा प्रत्येक उत्तर पत्र की होगी समीक्षा

मई में विशेष परीक्षा के बाद आए नए परिणामों के बीच आए इस भारी अंतर ने शिक्षा विभाग को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।

विभाग को संदेह है कि कहीं न कहीं मूल्यांकन में गंभीर त्रुटि हुई है या फिर किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई है। इससे बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति का सही आंकलन नहीं हो पाया। इस पूरे मामले की जांच के लिए शिक्षा विभाग ने बिलासपुर जिले के प्रारंभिक, उच्च तथा निरीक्षण विंग के उपनिदेशकों को विशेष निर्देश दिए हैं। उपनिदेशक अब उन विद्यालयों का दौरा करेंगे जहां ये विद्यार्थी पढ़ते हैं और उनकी दोनों परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि दोनों परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्तर किस स्तर के रहे और अचानक हुए इस परिणाम परिवर्तन की क्या वजह रही।

वहीं इसके साथ खंडवार रिपोर्ट बनाकर समूची जानकारी शिक्षा निदेशालय को सौंपी जाएगी।

> डिटेंशन पॉलिसी के तहत दूसरी बार उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं की पूरी तरह से जांच की जाएगी। यह कार्य शिक्षा खंडवार उपनिदेशकों द्वारा किया जाएगा और मूल्यांकन रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी।
> –रेणु कौशल, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर



### प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

# स्थानांतरण नीति और शिक्षकों की भूमिका पर रहेगा ज्यादा जोर

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग राज्य में शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने और शिक्षकों की भूमिका को सशक्त करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है। इन बदलावों का मुख्य जोर शिक्षक दक्षता, विकास और पारदर्शी स्थानांतरण नीति पर है, जिसका लक्ष्य शिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का मानना है कि इन पहलुओं से शिक्षकों को बेहतर शिक्षण परिवेश मिलेगा, जिससे छात्रों के सीखने के अनुभव में सकारात्मक बदलाव आएगा।

- शिक्षा मंत्री कर रहे अधिकारियों के साथ मंथन

वर्तमान में शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में उन्हें नई शिक्षण पद्धतियों, जैसे डिजिटल साक्षरता और अनुभवात्मक शिक्षण से अवगत कराया जा रहा है। इसका मकसद शिक्षकों को केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने वाले से आगे बढ़कर छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है। शिक्षकों के स्थानांतरण से जुड़ी पुरानी जटिलताओं को दूर करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं, जिससे यह प्रक्रिया अब अधिक निष्पक्ष और ऑनलाइन माध्यम से संचालित हो रही है।

#### शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही पारदर्शिता लाने के प्रयास तेज

**ये** बदलाव न केवल शिक्षकों के पेशेवर विकास पर केंद्रित हैं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने का भी प्रयास है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर इन सुधारों को लेकर आशावादी है और उम्मीद कर रहे हैं कि इससे हिमाचल प्रदेश में शिक्षा का स्तर और भी बेहतर होगा। बाकायदा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर संबंधित आला अधिकारियों के साथ लगातार मंथन बैठकें कर रहे हैं और इस संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। हालांकि, इन नीतियों के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अभी और भी प्रयासों की आवश्यकता होगी।

## हिमाचल में 'राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025' के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हर साल की तरह 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।

अगर आप इस सम्मान के लिए आवेदन करना चाहते हैं या किसी योग्य शिक्षक को नामित करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। इस पुरस्कार के लिए पात्र शिक्षक, मुख्याध्यापक और प्रधानाचार्य स्वयं आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, कोई अन्य व्यक्ति भी योग्य उम्मीदवार को नामित कर सकता है। यह एक शानदार अवसर है उन शिक्षकों को पहचानने का जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। वहीं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 है। आवेदकों को निर्धारित प्रपत्र में अपनी हार्ड कॉपी संबंधित उप निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) कार्यालय में जमा करनी होगी। शिक्षा विभाग ने सभी संबंधितों से अपील की है कि वे समय पर नामांकन जमा करें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें ताकि चयन प्रक्रिया को प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके।

#### आधिकारिक वेबसाइट से हासिल करें जानकारी

**पुरस्कार** योजना से संबंधित विस्तृत निर्देश हिमाचल स्कूल शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवार यहां से सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

#### समर्पण और कड़ी मेहनत को मिलेगा पुरस्कार

**यह** पुरस्कार उन शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत को सम्मानित करने का एक प्रयास है जो हमारे समाज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समय रहते आवेदन करें और इस प्रतिष्ठित सम्मान का हिस्सा बनें।

**मिसाल** | हेल्पलाइन नंबर 1100 पर जनता की समस्याओं का हो रहा समाधान

# अब तक 7.30 लाख से अधिक शिकायतों का हुआ निपटारा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में हेल्पलाइन नंबर 1100 को जनता और प्रशासन के बीच भरोसे का एक महत्वपूर्ण सेतु बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म अब तक 7.30 लाख से अधिक शिकायतों का समाधान कर जनसेवा की एक अनूठी मिसाल कायम कर चुका है।





मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस हेल्पलाइन की प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा, कि जब आप कॉल करते हैं तो हम सिर्फ सुनते ही नहीं, समझते भी हैं और ठोस कार्रवाई भी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'संवाद और समाधान' ही उनकी सरकार का संकल्प है, जो सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हेल्पलाइन नंबर 1100 को राज्य में नागरिकों की समस्याओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने और उनके त्वरित समाधान के लिए डिजाइन किया गया है। यह नागरिकों को विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित शिकायतें, सुझाव या जानकारी प्रदान करने का एक सीधा और पारदर्शी माध्यम प्रदान करता है।

7.30 लाख से अधिक शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान यह दर्शाता है कि यह प्रणाली न केवल नागरिकों के लिए सुलभ है, बल्कि प्रभावी रूप से काम भी करती है।

इस हेल्पलाइन की सफलता का श्रेय न केवल तकनीकी बुनियादी ढांचे को जाता है, बल्कि इसके पीछे कार्यरत समर्पित टीम को भी जाता है जो प्रत्येक कॉल को गंभीरता से लेती है और यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतों का उचित निवारण हो।

यह एक ऐसा मंच बन गया है जहां नागरिक अपनी आवाज उठा सकते हैं और उन्हें यह विश्वास होता है कि उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा।

#### सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**यह** पहल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां सरकार और नागरिकों के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे एक सहभागी और जिम्मेदार प्रशासन का मार्ग प्रशस्त होता है।

#### पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि

**हेल्पलाइन** 1100 ने सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाया है। जब नागरिक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करते हैं, तो संबंधित विभागों पर उन पर कार्रवाई करने का दबाव होता है। यह प्रणाली नौकरशाही में अनावश्यक देरी को कम करने में मदद करती है और सुनिश्चित करती है कि सेवाएं समय पर और कुशलता से वितरित हों।

#### जनसेवा का सफल मॉडल

**सीएम** ने कहा कि हम सिर्फ़ सुनते ही नहीं, समझते भी हैं और ठोस कार्रवाई भी करते हैं, इस बात को रेखांकित करता है कि सरकार नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति कितनी गंभीर है।

## 2015 के बाद पहली बार होगी होमगार्ड की बंपर भर्ती

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। 2015 के बाद पहली बार 700 होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती की जाएगी। मंत्रिमंडल की हालिया बैठक में इन पदों को भरने की मंजूरी दी गई है।

सरकार की तरफ से जानकारी दी है कि लंबे समय से भर्ती न होने के कारण विभाग में कर्मियों की भारी कमी हो गई थी, जिससे विभिन्न विभागों से मिल रही होमगार्ड तैनाती की मांग पूरी नहीं हो पा रही थी। नए स्वयंसेवकों की भर्ती से न केवल विभाग की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

सरकार ने इस भर्ती के लिए 24 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है, जिससे विभाग की क्षमताओं को बढ़ाने और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।



## न्यूज ब्रीफ

### घाड़ स्कूल के बच्चों ने बताए सड़क सुरक्षा नियम



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल घाड़ में सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी राज कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। वहीं, बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना था। प्रधानाचार्या ननिता शर्मा द्वारा बच्चों एवं समस्त अध्यापकों का इस जागरूकता अभियान के लिए धन्यवाद किया।

### बालुग्लोआ में उपजा विवाद सुलझाया

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली ।** कांगड़ा जिले के बालुग्लोआ गांव में प्रस्तावित एक ईसाई धार्मिक कार्यक्रम को लेकर उपजे विवाद को सुलझा लिया गया। कार्यक्रम के आयोजक कुशल कुमार ने कार्यक्रम का आवेदन वापस ले लिया है। उन्होंने शपथ पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया कि वे हिंदू हैं और 'सत्संग' शब्द के अर्थ को समझे बिना इस आयोजन की अनुमति मांगी थी। हलफनामे में कुशल कुमार ने कहा कि मैं जन्म से हिंदू हूं और हिंदू धर्म में ही आस्था रखता हूं। मुझे 'सत्संग' शब्द के धार्मिक संदर्भ की जानकारी नहीं थी, जिससे भ्रमवश यह कदम उठाया गया। जब मुझे सही जानकारी मिली, तो मैंने तुरंत अपना आवेदन वापस लेने का निर्णय लिया। इस प्रकरण में क्षेत्र के पूर्व पंचायत प्रधान और प्रतिष्ठित कथा वाचक भवानी शंकर तथा समाजसेवी अभिषेक पाधा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। दोनों ने समय रहते हस्तक्षेप कर आयोजक से शांतिपूर्ण संवाद किया और धार्मिक व सामाजिक भावना से जुड़ी संवेदनशीलता को समझाया।

### आईटीआई बालकरूपी में साक्षात्कार 27 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** आईटीआई बालकरूपी में 27 जून को सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड साक्षात्कार का आयोजन करेगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि साक्षात्कार में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, डीजल मैकेनिक, टर्नर, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर मैकेनिक और पेंटर जनरल पासआउट व 2025 में पास होने वाले आईटीआई अभ्यर्थी उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की 10वीं कक्षा में न्यूनतम 40 फीसदी अंक एवं आईटीआई में न्यूनतम 50 फीसदी अंक होने चाहिए तथा आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को 24,550 रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा।

### संस्कृति को बचाने के लिए समन्वय समिति गठित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उत्तराखंड रामनगर में उत्तराखंड की राजनीति को एक दायित्वशील एवं पारदर्शी बनाने और पर्वतीय राज्यों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर की संस्कृतियों को बचाने के लिए भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक तथा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद एवं उत्तराखंड संयोजक एवं अध्यक्ष पर्वतीय महासभा, जीवन चंद्र उप्रेती की उपस्थिति में मिशन उत्तराखंड 2027 समन्वय समिति का गठन किया गया। जीवन चंद्र उप्रेती ने बताया कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की पहल पर हुई। रामनगर की दो दिवसीय बैठक पार्टी के प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी एवं समाजसेवी पत्रकार चारू तिवारी द्वारा संचालित की गई। बलदेव राज सूद ने कहा कि देश में सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए कार्यरत हैं, हम 1992 के संविधान के 73,74वें संशोधन, जिसमें ग्राम सभा को तीसरी सरकार माना गया है, उसको अब तक की सरकारों ने लागू नहीं किया है। उन्होंने पर्वतीय महासभा का विस्तार देश के सभी पर्वतीय राज्यों हिमाचल, जम्मू-कश्मीर आदि में करने की अपील की है, ताकि सभी पर्वतीय राज्यों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों पर दबाव बनाया जा सके।

# विकास खंड नगरोटा सूरियां को शिफ्ट करने की अधिसूचना की जाए रद्द

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक में उठाई मांग, कहा- भाजपा समर्थक समिति कर रही गुमराह

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना को लेकर नगरोटा सूरियां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक विश्राम गृह में डॉक्टर गुलशन की अध्यक्षता में हुई।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि 55 वर्ष पहले पौंग बांध विस्थापन के समय यह ब्लॉक मंगवाल से नगरोटा सूरियां शिफ्ट किया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामूहिक निर्णय लिया और मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री व पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नीरज भारती से मांग की है कि इस ऐतिहासिक विरासत ब्लॉक नगरोटा सूरियां को यहां से शिफ्ट करने की अधिसूचना को रद्द किया जाए।



नगरोटा सूरियां में डॉक्टर गुलशन की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक।

जवाली क्षेत्र में एक नया अलग विकास खंड कार्यालय खोलने की अधिसूचना जारी करने की भी मांग की। इस मौके पर सुगनाडा ग्राम पंचायत के प्रधान करण पठानिया, उपप्रधान रामसरूप, उपप्रधान अशोक कुमार ने कहा कि नगरोटा सूरियां विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति भाजपा के एक गुट की समिति बनकर रह गई है। संघर्ष समिति का गठन करने से पहले आम जनता को विश्वास में नहीं लिया गया। यह संघर्ष समिति आगामी चुनावों को मध्यनजर अपनी राजनीति को चमकाने का प्रयास कर रही है और अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ रही है। साथ ही यह स्थानीय लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ यह लोग हमारी पार्टी व नेताओं को गालियां दे रहे हैं और मुर्दाबाद के नारे लगाते हैं, विरोध करते हैं और दूसरी और कांग्रेस का साथ भी चाहते हैं, तो ऐसे बात कतई नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री चंद्र कुमार और पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने आश्वासन दिया है और हरसंभव प्रयासरत हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य वीना धीमान, पूर्व प्रधान राजशहरिया, पीसी विश्वकर्मा, भुवनेश, विशाल, मनोज भारद्वाज और श्याम धीमान आदि मौजूद रहे।

# अनुपूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई में आयोजित होने वाली मैट्रिक और जमा दो कक्षाओं की अनुपूरक परीक्षाओं, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय (डिप्लोमा धारकों सहित), इंग्लिश ओनली तथा प्रदर्शन सुधार (इम्प्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस) परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब छात्र 26 जून तक निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ 1000 रुपए विलंब शुल्क अदा कर आवेदन कर सकते हैं।

बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना 9 जून के अनुसार, सभी आवेदन केवल संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ही ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि मैट्रिक और जमा दो कक्षाओं के कंपार्टमेंट तथा इंग्लिश ओनली परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क 700 रुपये निर्धारित किया गया है। एक अतिरिक्त विषय (एडिशनल सब्जेक्ट) या डिप्लोमा धारकों के री-अपीयर के लिए भी 700 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, प्रदर्शन सुधार के लिए आवेदन करने वाले मैट्रिक छात्रों से 950 तथा जमा दो छात्रों से1150 रुपए शुल्क लिया जाएगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 26 जून के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी संबंधित अधिकारियों, जिला प्रबंधकों, सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्रों तथा आईटी सेल को अधिसूचना की प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। इसके साथ ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना अपलोड कर दी गई है।

# अमरावती से मां वैष्णो देवी के दर्शनों को साइकिल से निकले बाप और बेटी

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** मन में आस्था हो तो इंसान कठिन से कठिन सफर भी पूरा कर मां के दर्शन कर लेता है। जी हां हम बात कर रहे हैं एक बाप-बेटी की, जो महाराष्ट्र अमरावती से मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए साइकिल पर निकले हैं।

बाप और बेटी साइकिल से करीब सात माह पहले से घर से निकले हैं, जोकि मंगलवार मां बज्रेश्वरी माता के दर्शन करने के बाद मां श्री वैष्णो देवी के दर्शनों को रवाना हुए। अनंत ज्ञान से बातचीत में देवी दास ने बताया कि यह उनकी दूसरी बार की यात्रा है। यात्रा में उनके साथ 12 वर्षीय बेटी वैष्णवी, जो कि सातवीं कक्षा में पढ़ती है, वह भी उनके साथ मां के दर्शन को आई है। बाप व बेटी की यह एक तरफ की 2500 किलोमीटर से भी अधिक सफर की पैदल यात्रा है और वापसी ट्रेन के माध्यम से जाएंगे।



बज्रेश्वरी माता के दर्शन करने के बाद मां श्री वैष्णो देवी के दर्शनों को रवाना हुए बाप और बेटी।

देवी दास पेशे से अमरावती में एक बेल्डिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी के साथ पैदल यात्रा का अनुभव काफी कठिन रहा, परंतु मन में सच्ची लगन के चलते ही वह अपनी बेटी के साथ इस यात्रा को पूरा कर सके।

# लंज कॉलेज के छात्र पारस कौंडल ने सीयूईटी पीजी परीक्षा में झटका 31वां स्थान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय कॉलेज के बीएससी मेडिकल संकाय के मेधावी छात्र पारस कौंडल ने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। पारस ने केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमएससी बॉटनी प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। पारस ने सीयूईटी पीजी परीक्षा में बॉटनी विषय में अखिल भारतीय स्तर पर 31वां स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी योग्यता का प्रमाण दिया है। लंज महाविद्यालय के प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि पारस कौंडल गांव कंदरैरी, डाकघर बठेहर, तहसील देहरा का निवासी है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय पारस की कठिन परिश्रम एवं समर्पण के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय लंज के अनुभवी व प्रेरणादायक शिक्षकों को जाता है। वहीं, प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्र समुदाय की ओर से पारस कौंडल को बधाई दी है।



# इमरजेंसी भारत के माथे पर है कलंक का टीका : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि 50 साल पहले कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी भारत के माथे पर कलंक का ऐसा टीका है, जिसे हिंद महासागर का पूरा पानी भी कभी धो नहीं सकेगा। पूरे देश को जेल खाना बना दिया और मूलभूत अधिकार समाप्त कर दिए।

जय प्रकाश नारायण से लेकर मोरारजी देसाई और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं और हजारों कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया, क्योंकि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्ट तरीकों से चुनाव जीतने के आरोप में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पद से हटा दिया था, वे 6 साल तक चुनाव भी नहीं लड़ सकती थी। देश में कोई भूचाल नहीं आया, कहीं से कोई आक्रमण नहीं हुआ, केवल इंदिरा गांधी की कुर्सी बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या की गई और 19 महीने भारत को एक जेल खाना बना दिया। उन्होंने कहा कि हम मीसा बंदियों की तरफ से जब उच्च न्यायालय में जीने के मूलभूत अधिकार पर याचिका दाखिल की गई, तो सरकार की ओर से कहा गया कि मूलभूत अधिकार समाप्त कर दिए हैं और अब भारत के लोगों का जीने का अधिकार भी समाप्त है। इससे अधिक शर्म की बात क्या हो सकती है कि हमें जीने का अधिकार भगवान ने दिया है, उस समय कांग्रेस सरकार ने उसे भी समाप्त कर दिया था। शांता ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में जो जयप्रकाश नारायण अंग्रेजों की जेल तोड़कर बाहर निकले थे, उस देश भक्त को भी देश का दुश्मन कहकर कांग्रेस सरकार ने जेल में डाला था। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू और गांधी की कांग्रेस ने इतना भयंकर पाप किया था, जिसको कभी क्षमा नहीं किया जा सकता। आज के दिन कांग्रेस के नेता लोकसभा के सामने खड़े होकर कान पकड़ कर हर वर्ष भारत से क्षमा याचना किया करें। उस ऐतिहासिक संघर्ष में जिन लोगों ने लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक संघर्ष किया था। उन्होंने उन सब को नमन किया है और भारत की जनता से आग्रह किया कि भारत के इतिहास के उस सबसे काले अध्याय को कभी भुलाया न जाए।

# विद्यार्थियों को दिलाई कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की शपथ



द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत में छात्रों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**द्रोणाचार्य** पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी मेघना पठानिया ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में प्रेरित किया और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस. पठानिया तथा सभी फैकल्टी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में व्यावसायिक सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ, जिससे वे आने वाले समय में अपने करियर की दिशा में सकारात्मक कदम उठा सकें।

# शिव मंदिर में ज्यादा पार्किंग शुल्क लिया तो नपेगा ठेकेदार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** शिव मंदिर पार्किंग में प्रशासन द्वारा तय शुल्क से अधिक वसूली किए, जाने की शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने ठेकेदार को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में निर्धारित से अधिक शुल्क वसूला गया, तो ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जाएगा। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम के निर्देशों पर मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर ने पार्किंग स्थलों का दौरा किया और ठेकेदार को दो दिन के भीतर शुल्क संबंधी बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। पिछले काफी समय से शिव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक वसूली किए, जाने संबंधी शिकायतें आ रही थी। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने कहा कि इस संबंध में ठेकेदार को कड़ी हिदायत दी गई है। किसी भी श्रद्धालु से तहसील से अधिक वसूली की गई तो वह अपनी शिकायत पुजारी मंदिर के कर्मचारी या फिर स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर सकता है।

**मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार ने किया पार्किंग का दौरा**

**ठेकेदार को दो दिन के भीतर होर्डिंग लगाने के दिए निर्देश**

# आज नंदरूल, सिरमनी में बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विद्युत उपमंडल नंबर दो पुराना कांगड़ा के तहत 11 केवी घुरकड़ी दौलतपुर फीडर 25 व 26 जून, 11 केवी टांडा दौलतपुर फीडर 27 व 28 जून और 11 केवी घुरकड़ी सेराथाना के तहत 30 जून को जरूरी रखरखाव व तारों के साथ लगती टहनियों की कटाई के चलते बिजली बंद रहेगी। वहीं, 25 जून को जोगीपुर, रिहालपुरा, छोटी हलेड़, पुराना कांगड़ा, नंदरूल, खरठ, राजल, पठियार, सिरमणी व बौहड़ क्वालू के आसपास के क्षेत्रों में 27 जून को व 28 जून को बोदड़ बल्ला ललेहड, छोटी हलेड़, तरसूह समेला आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। वहीं, 30 जून को घुरकड़ी, कछियारी खोली आदि क्षेत्रों में बिजली सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल नंबर दो पुराना कांगड़ा के सहायक अधिशाषी अभियंता इंजी. सचिता भरमेर ने दी।

# कैडेट्स अपने गंतव्यों के लिए रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला छावनी की वादियों में मंगलवार का दिन जज्बातों और जोश से भरपूर रहा। ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन हिमट्रेक III के बैच-1 की कैडेट्स उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालयों की कैडेट्स अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुए। कैडेट्स ने ट्रैकिंग, सांस्कृतिक सहभागिता और भाईचारे की भावना के साथ एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, बैच-2 की कैडेट्स ने अपने ट्रैकिंग मिशन को आगे बढ़ाया। उन्होंने धर्मकोट और गल्लू देवी मंदिर की ओर ट्रैक करते हुए साहसिक यात्रा जारी रखी। रास्ते की ठंडी हवाओं, घने जंगलों और ऊंची चढ़ाइयों ने कैडेट्स के हौसले को परखा और निखारा।

**सम्मेलन** कुलपति बोले- युवाओं के अंदर स्व का भाव जागृत करना बहुत जरूरी

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति भविष्योन्मुखी दस्तावेज: बंसल

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** उच्च शिक्षा की परिकल्पना, भारत की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर समारोह नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की ओर से आयोजित कुलपतियों की 99वीं वार्षिक बैठक और राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। वहीं, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने समारोह में उपस्थित रहे।

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम एआईयू की राष्ट्र के प्रति 100 वर्षों की सेवा का उत्सव था, जिसमें चार सौ से अधिक कुलपति भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली के भविष्य को आकार देने के लिए एक साथ मंच पर आए। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि शैक्षणिक



सम्मेलन के दौरान मौजूद कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और अन्य गणमान्य।

उत्कृष्टता, दूरदृष्टि और नेतृत्व का यह एक एक गौरवपूर्ण अवसर रहा। हमारा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में देश का अग्रणी संस्थान रहा है, अगर हमें एक ग्रेड प्राप्त हुआ है, तो उसका श्रेय राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समर्पणपूर्वक लागू करने के प्रयासों को जाता है। वर्तमान सरकार द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक प्रगतिशील और भविष्योन्मुखी दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशी, समग्र और बहुविषयक प्रकृति का बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरे देश में लागू करने का प्रयास करते समय यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर खंडित रूप में विचार न किया जाए, बल्कि अधिक समग्र और साथ ही अधिक विस्तारित रूप में विचार किया जाए। युवाओं के अंदर स्व का भाव जागृत करना बहुत जरूरी है। जब युवा के अंदर स्व का भाव जागृत होगा, प्रवृत होगा, प्रतिष्ठित होगा, और श्रेष्ठता के उस उच्च स्तर तक जाने के लिए उस स्व का बोध होना उस युवाशक्ति में जरूरी होगा और जिसे शिक्षा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है।

### हमारा प्रयास बेस्ट माइंड्स तैयार करना

**बंसल** ने कहा कि शिक्षा की भूमिका को मानवता की दृष्टि से समझाते हुए कहा कि हमारा प्रयास बेस्ट माइंड्स तैयार करना है, जो आत्मनिर्भर और एकात्म मानवतावाद से प्रेरित हों। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को देश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में आठवां स्थान प्राप्त हुआ है।

# स्टूडेंट्स को उर्दू और हिंदी भाषा का दिया ज्ञान



पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला डरोह में सात दिवसीय भाषा समर कैंप का समापन।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला डरोह में आयोजित सात दिवसीय भाषा समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। सात दिवसीय कैंप में पहले दिन सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक रविंद्र राणा ने छात्रों को उर्दू भाषा का अक्षर ज्ञान दिया। अल्का कायस्था प्रवक्ता हिंदी ने हिंदी भाषा का ज्ञान दिया। तीसरे दिन छात्रों को विद्यालय के बाहर लोगों व स्थानीय ग्रामीणों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करने का मौका मिला, जिसे स्थानीय लोगों ने जमकर सराहा। चौथे दिन विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गान व देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। पांचवें दिन छात्रों ने स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया।

छठे दिन दुर्गा भाभी पर छात्रों ने रोल प्ले किया व छात्रों को मेजर सोमनाथ की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। सातवें दिन इतिहास प्रवक्ता अशोक राणा ने छात्रों को इतिहास की बारीकियों के बारे जागरूक किया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि सात दिनों तक चले इस विशेष समर कैंप को बहुत ही बढ़िया तरीके से किया गया और स्कूल के छात्रों ने काफी कुछ सीखा है।

इस अवसर पर प्रदीप पटियाल, आकाशदीप, अनिल धीमान, शर्मीला परमार, संजय सूद, विनोद शर्मा, सुनील, नरेश, जय चंद, राकेश गुलेरिया, चंपा रानी, अलका कायस्था, नवीन लता, अर्चना राणा, अजय सूद, अमन, अमित, नीरज धीमान आदि मौजूद रहे।

# कैंपस इंटरव्यू में 28 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर ।** आईटीआई शाहपुर में मंगलवार को बीएमटी स्पिनिंग मिल (सोलन) वर्धमान ग्रुप में चल रहे खाली पदों के लिए इंटरव्यू हुआ। कंपनी के एचआर हेमा ठाकुर ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में 38 प्रशिक्षणार्थी में से 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। दो पास आउट चयनित प्रशिक्षणार्थी आगामी दो या तीन दिन में ज्वाइनिंग देंगे तथा अपीयरिंग प्रशिक्षणार्थी परीक्षा समाप्ति के दौरान अपनी सेवाएं कंपनी में देंगे। कंपनी चयनित अभ्यर्थियों को 8 घंटे ड्यूटी के लिए 12,750 रुपए तथा ट्रेनिंग के बाद 14,368 रुपए और 1 साल के बाद 14,602 रुपए महीना वजीफा मिलेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशक तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में 38 अपीयरिंग प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सही खान-पान से बच सकते हैं बीमारियों से



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय राजोल में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। गेस्ट लेक्चर में हर्बल लाइफ की तरफ से वेलनेस कोच कांगड़ा से तारिका, शिमला से नेहा, मंडी से अंशिका ने छात्र-छात्राओं को उनके खान-पान के बारे में बताया कि बीमारियों का मुख्य कारण खान-पान की सही आदत का न होना है। हमें घर का खाना खाना चाहिए और फास्ट फूड को छोड़ना चाहिए। सही खान-पान के साथ नियमित व्यायाम करना चाहिए। कॉलेज की प्राचार्या विजेयता चौधरी ने तारिका, नेहा व अंशिका को गेस्ट लेक्चर के लिए धन्यवाद किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### बस रूटों के लिए 30 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धर्मशाला ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से 350 चयनित स्टेज कैरिज बस रूट मार्गों पर संचालन के लिए 9 जून से 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये सभी प्रकाशित मार्ग रूट फार्मूलेशन कमेटी की अनुशंसा पर प्रकाशित किए हैं तथा इन में से कोई भी रूट हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा सरेंडर नहीं किया गया है। इन रूटों के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदनकर्ता विभाग की वेबसाइट पर निर्धारित समय के भीतर आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### बिजली उपभोक्ता 30 से पहले करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली कनेक्शन की केवाईसी नहीं करवाई है, अब वे 30 जून से पहले विद्युत उपमंडल डरोह के कार्यालय में जाकर केवाईसी करवा लें। केवाईसी के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल को साथ रखें। आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए, अगर उपभोक्ता केवाईसी नहीं करवाते हैं तो भविष्य में विद्युत बिल में मिलने वाली सुविधाओं (सब्सिडी) से वंचित रहेंगे और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

### नूरपुर, इंदौरा में आम को दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारी

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** फलों के राजा आम का सीजन शुरू हो गया है, जिसको लेकर नूरपुर, इंदौरा में बागवानों-किसानों ने आम को दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। नूरपुर का नूरपूरी आम, इंदौरा का इंदौरी आम बाहरी राज्यों में अपने स्वाद को लेकर अलग जाना जाता है और एक अलग खास पहचान बनाए हुए है। व्यापारी नरेश शर्मा ने कहा कि आम हिमाचल की शान है। हिमाचल का आम इतना रसीला आम है व उसकी मांग पूरे देश में है। जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में आम भेजा जाएगा, क्योंकि वहां के लोग यहां के आम को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बागवान व किसानों को ऊपरी हिमाचल के बागवानों जैसी सुविधाएं दे तो कांगड़ा जिले के इस क्षेत्र का आम एक अलग पहचान बना सकता है। यहां पर आम का रेट कम चला हुआ, जिससे किसानों को नुकसान का खतरा है। बारिश होने पर आम काले पड़ने का खतरा सता रहा है।

### दैहण में बस से गिरा युवक, अस्पताल में भर्ती

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत गडूं दैहण नजदीक पैट्रोल पंप के पास बस से गिरने से युवक घायल हो गया। बस एचपी 94ए-2084 चालक विजय मोहन सिंह निवासी बधरेहड़ तहसील तेज रफ्तारी व लापरवाही से चला रहा था। इस दौरान बस में सवार राकेश कुमार निवासी गजनसू तहसील व जिला जम्मू बस से गिर गया। इस दुर्घटना में राकेश कुमार घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पालमपुर अस्पताल में दाखिल किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपकुलपति से मिले डीएवी कॉलेज के प्राचार्य



**अनंत ज्ञान। कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मंगलवार को प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के नवनियुक्त उपकुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उपकुलपति ने प्राचार्य को उनकी सद्भावना के लिए धन्यवाद दिया और हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### डाडासीबा में नशे के खिलाफ आज निकाली जाएगी रैली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उपमंडल डाडासीबा में नशाखोरी के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को परिवर्तन अभियान के तहत रैली का आयोजन किया जाएगा। उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) डाडासीबा डीएसपी राजकुमार ने बताया कि यह रैली सुबह 10:45 बजे बस स्टैंड से शुरू होकर मुख्य बाजार, अस्पताल, पुलिस स्टेशन, पुरानी पुलिस चौकी, पटवारखाना, डाकघरऔर मुख्य बाजार तक निकाली जाएगी। रैली का उद्देश्य समाज विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें जागरूक बनाना है। इस अवसर पर पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा के टॉपर छात्रों को 'परिवर्तन अभियान' का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया जाएगा। इन छात्रों को पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। रैली के दौरान इन ब्रांड एंबेसडरों से नशे के विरुद्ध अपने विचार साझा करने और अभियान की दिशा में पुलिस की पहलों पर बात करने के लिए संवाद भी आयोजित किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनमानस से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेकर समाज से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने में सहयोग करें।

# टांडा में हिमकेयर कार्ड ऑफिस में मरीजों को खाने पड़ रहे धक्के

## लोग बोले- लाइनों में घंटों तक किया जाता खड़ा, स्टाफ का व्यवहार भी ठीक नहीं

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



हिमकेयर ऑफिस में लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते तामीरदार।

**टांडा (कांगड़ा)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में मरीज स्वास्थ्य लाभ के लिए यहां आते हैं, परंतु उपचार के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। भर्ती होना पड़े तो उनके लिए सबसे बड़ी परेशानी की समस्या हिमकेयर कार्ड को खुलवाने और बंद करवाने की है, जिसका कारण स्टाफ की कमी है। अनंत ज्ञान ने मंगलवार को जब टांडा में हिमकेयर कार्ड ऑफिस का दौरा किया तो वहां की तस्वीरें खुद ही इस स्थिति से अवगत करवा रही हैं।

टांडा में आए अधिकतर मरीजों के परिजन निर्मल दास, निवासी हरिपुर, सुमन देवी निवासी शाहपुर, गोपाल दास सिहुंता जिला (चंबा) आदि का कहना है कि वह सुबह से लेकर शाम तक लाइनों में खड़े रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि स्टाफ के कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं है, उन्हें एक छोर से दूसरे छोर पर खड़ा कर यही कहा जा रहा है कि अपनी बारी का इंतजार करें, जबकि स्टाफ के कर्मचारी लंच के बाद भी कई समय तक अपनी अपनी सीट पर नहीं बैठते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि टांडा अस्पताल में फैली इन अव्यवस्थाओं पर ध्यान दें, ताकि यहां पर आने वाले लोगों के साथ ऐसा व्यवहार न हो। वहीं, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा ने बताया कि वह मीटिंग के सिलसिले में बाहर हैं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से इस समस्या के बारे में पता चला है।, अगर ऐसा है तो कार्रवाई कर स्टाफ को सख्त निर्देश जारी किए जाएंगे कि अस्पताल में आने वाले किसी भी रोगी व उनके तामीरदारों को कोई भी परेशानी न हो।

## चक्की खड्ड में चार मजदूर फंसे, क्रेन पर चढ़कर बचाई जान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** चक्की खड्ड में अचानक पानी का बहाव तेज हो जाने से काम करने वाले चार मजदूर पानी में फंस गए, जिन्होंने अपनी जान जेसीबी व क्रेन मशीन पर चढ़कर बचाई। यह घटना मंगलवार सुबह 11 बजे की है और करीब अढ़ाई घंटे की कड़ी मशक्त के बाद स्थिति कंट्रोल में हुई। इरीग्रेशन विभाग के डिस्चार्ज अधिकारी ओम प्रकाश सलारिया ने कहा कि पहले सूचित कर दिया था, लेकिन मजदूरों के पीछे हटने के कारण देरी हुई। दूसरी तरफ मजदूरों के पानी में फंसने का पता चलते ही रेलवे अधिकारियों ने एनडीआरएफ 14 कंपनी नूरपुर के इंस्पेक्टर आनंद को सूचित किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच स्थिति को कंट्रोल किया। थोड़ी सी देरी होती तो जानी नुकसान हो सकता था। ऐसे में उक्त लोग पहाड़ की सेफ्टी वाल बांधने का कार्य कर रहे थे, लेकिन बरसात के मौसम में अचानक चक्की खड्ड में पानी बढ़ गया और करीब 16 फुट तक पानी गहराई दर्ज की गई है।

## हैप्पी बर्थडे



चंडीगढ़ की आशिमा सैनी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कोठीगैहरी की प्रीती को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



हमीरपुर के भवारना की शारदा देवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## मंडल आयुक्त डॉ. आरके पुरुथी ने शिव मंदिर बैजनाथ में टेका माथा



द सहकारी सभा बैजनाथ ने मंडल आयुक्त कांगड़ा पुरुथी को समृद्धि चिन्ह भेंट किया।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** प्रदेश रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं एवं मंडल आयुक्त कांगड़ा डॉ. आरके पुरुथी ने शिव मंदिर बैजनाथ में दर्शन कर भोले शंकर का आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर द सहकारी सभा बैजनाथ ने उन्हें समृद्धि चिन्ह भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहकारी सभाएं प्रदेश में बहुत बढ़िया काम कर रही हैं। इससे लोगों की छोटी-छोटी वित्तीय जरूरतें पूरी हो रही हैं और इन सभाएं के माध्यम से लोगों की वित्तीय बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को काफी फायदा हो रहा है। इस अवसर पर उनके साथ सीएल ठाकुर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं धर्मशाला कैलाश ठाकुर एजीएम पर्यटन धर्मशाला अमित कपूर, विपुल शर्मा व राकेश नेगी उपस्थित रहे।

## श्रावण अष्टमी मेलों को लेकर समितियां व उपसमितियां गठित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** श्रावण अष्टमी मेलों को लेकर मंदिर न्यास की बैठक मंदिर सहायक आयुक्त एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रावण अष्टमी मेलो में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विचार-विमर्श किया गया। मंदिर सहायक आयुक्त एवम एसडीएम कांगड़ा इशांत जस्वाल ने बताया कि श्रावण अष्टमी नवरात्र में दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मेले की तैयारियों को संबंधित विभागों को निर्देश दिए। पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था व वन-वे व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, फैसला लिया गया कि बड़ी गाड़ियां बाईपास मार्ग में खड़ी की जाएंगी। मेलों के दौरान मंदिर में तीनों समय लंगर की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि मेलों के दौरान बाहरी राज्य से आने वाले श्रद्धालु बरसात के मौसम में खड्ड के करीब न जाएं। प्रशासन द्वारा अभी से ही तीन होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। मेलों के दौरान यहां पर और होमगार्ड्स की तैनाती की जाएगी, ताकि मेलो के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटित हो। मेले के दौरान मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। बैठक में मेलों के लिए समितियों व उप समितियों का भी गठन किया गया। इस मौके पर मंदिर अधिकारी नीलम राणा, जेई विजय कुमार, एसएमओ कांगड़ा अल्पना कायस्था, उमाकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## त्रिलोक कपूर ने लिया केंद्रीय राज्य मंत्री के धर्मशाला दौरे की तैयारियों का जायजा




प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने जिला कांगड़ा भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के प्रस्तावित धर्मशाला प्रवास की तैयारियों को लेकर धर्मशाला में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने लायंस क्लब, प्रयास भवन में होने वाले कार्यक्रमों का जायजा लिया।

इसके बाद कपूर ने जिला भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के स्वागत व पार्टी द्वारा धर्मशाला में प्रस्तावित कार्यकमों को लेकर योजना बनाई गई। इस कार्यक्रम के संयोजक त्रिलोक कपूर व सह संजोयक राकेश शर्मा हैं। इस बैठक में जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, प्रदेश भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष शाश्वत कपूर, प्रदेश भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनय चौधरी, जिला कांगड़ा भाजपा सचिव मुनीष सूद, धर्मशाला भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नेहरिया, भुवनेश चौधरी, मनी, सुशील कपूर सिल्लू, अक्षय शर्मा, तपन मिन्हास आदि नेता भी मौजूद रहे।

## धर्मशाला में आपातकाल की घटनाओं पर संगोष्ठी



धर्मशाला में आयोजित संगोष्ठी के दौरान पूर्व विधायक विशाल नेहरिया और अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की शोध समिति की ओर से '1975 आपातकाल: 21 महीने जब भारत ने अपनी आत्मा खो दी' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कैंपस धर्मशाला में किया गया।

यह कार्यक्रम 1975 में लगाए गए आपातकाल की ऐतिहासिक घटनाओं पर विचार करने और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विशाल नेहरिया रहे, जिन्होंने आपातकाल के प्रभावों पर राजनीतिक दृष्टिकोण साझा किया। संगोष्ठी का प्रमुख आकर्षण मीसा बंदियों की उपस्थिति रही, जिनमें राकेश भारती, सुनील मनोचा और नरेंद्र शाड़ी लाल शामिल थे। इन सभी ने आपातकाल के दौरान अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा किया, जिससे प्रतिभागियों को उस कालखंड की गंभीरता को समझने का अवसर मिला।

## कौना स्कूल में शिक्षा संवाद, स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाने पर फोकस

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुरिता जम्वाल की अध्यक्षता में 'शिक्षा संवाद' का आयोजन किया गया।

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुरिता जम्वाल की अध्यक्षता में 'शिक्षा संवाद' का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य विजय सिंह राणा ने अभिभावकों के साथ बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम की चर्चा करते हुए बताया कि विद्यालय का 10+2 कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि दसवीं कक्षा का परिणाम 92 प्रतिशत रहा, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने अब गुणात्मक शिक्षा व आगामी सत्र में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य लिया है, जो आप सभी अभिभावकों के सहयोग से संभव हो पाएगा। उन्होंने शिक्षा संवाद में अभिभावकों की अच्छी उपस्थिति के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सुरिता जम्वाल ने बोर्ड कक्षाओं के शानदार परिणाम के लिए अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर अभिभावकों के सुझाव पर छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को गृह कार्य देने के लिए डायरी लगाने, विद्यालय के सम्मान पट्ट को पुनः लिखवाने, मासिक परीक्षा को नियमित करवाने व विद्यालय में रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सीमा कुमारी, विद्यालय के शिक्षक यशपाल, अनिल कुमार, जोगिंदर सिंह, विनोद कुमार, मोनिका, अजीव सिंह, अरुण कुमार, अश्विनी गुलेरिया आदि भी उपस्थित रहे।

## थपकौर में करंट लगने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत थाना डमटाल के गांव थपकौर में नरेंद्र पठानिया के खेतों में एक युवक की बिजली की मशीन के साथ स्प्रे कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मृत्यु युवक की पहचान निखिल (19) पुत्र खैराती राम निवासी थाबकोर के तौर पर हुई है। डमटाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया है। पुलिस की ओर से 194 बीएनएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसकी पुष्टि डीएसपी इंदौर संजीव यादव ने की है

# तली गांव में ईसाई धर्म प्रार्थना सभाओं पर ग्रामीणों का हंगामा

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**



तली गांवद में विरोध-प्रदर्शन करते लोग व हिंदू संगठन।

**गरली।** कांगड़ा जिले की उप तहसील लगहू के अंतर्गत आने वाले तली गांव में आयोजित ईसाई धर्म प्रार्थना सभाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। लगडू, हरदीपपुर और पुखरु गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सनातन धर्म रक्षा समिति सहित विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ये सभाएं महज धार्मिक गतिविधियां नहीं, बल्कि एक गुप्त एजेंडे के तहत धर्मांतरण का साधन बन चुकी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी तत्व आर्थिक लालच, चिकित्सा सहायता और अन्य प्रलोभनों के जरिए ग्रामीणों को धर्म बदलने के लिए उकसा रहे हैं, जो कि न केवल सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा है, बल्कि देश के कानून और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का भी खुला उल्लंघन है। पंचायत लगडू, हरदीपपुर और पुखरु के प्रधानों और हिंदू सगठनों सहित सैकडों लोगों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच हो, दोषियों के बैंक खातों की जांच के साथ-साथ उन आयोजनों पर भी रोक लगे, जिनमें धर्मांतरण की आशंका हो। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की कि ऐसे प्रयासों से लोगों को बचाने के लिए सरकारी स्तर पर गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया है कि यदि शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला क्षेत्र में तनाव और सांप्रदायिक विभाजन को जन्म दे सकता है। प्रशासन से मामले को प्राथमिकता से लेने और कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**कार्यक्रम** डाडासीबा स्कूल में नशा विरोधी 'परिवर्तन अभियान' के तहत करवाई प्रतियोगिता

# बच्चों ने भाषण से बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



डीएसपी राजकुमार ने चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित।

**पुलिस** विभाग की ओर से नशा विरोधी 'परिवर्तन अभियान' के अंतर्गत मंगलवार को डाडासीबा के पीएम श्री बाबा कांशी राम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में विशेष चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) डाडासीबा डीएसपी राजकुमार की ओर से गोद लिए गए विद्यालय में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने चित्रों और भाषणों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित करना रहा। हर कक्षा से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डीएसपी राजकुमार की ओर से प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि सामाजिक चेतना को भी जाग्रत करते हैं। डीएसपी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पुलिस विभाग का यह अभियान केवल कानून तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भी भाग लेकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## कथावाचक भवानी शंकर को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, गरली।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला देहरा की टीम ने पाईसा पंचायत के बालुग्लोआ गांव में कथावाचक आचार्य भवानी शंकर के निवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह सम्मान उन्हें हाल ही में ईसाई मिशनरी प्रचार में फंसे एक युवक को वापस हिंदू धर्म की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रदान किया गया। आचार्य भवानी शंकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सत्संग प्रमुख के रूप में न केवल धार्मिक प्रवचन और संस्कारों के प्रचार में अग्रणी हैं, बल्कि समाज में आ रहे वैचारिक विचलनों को भी प्रभावशाली ढंग से संतुलित कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख पवन बजरंगी, जिला अध्यक्ष तरलोक चंद और जिला उपाध्यक्ष सूबेदार ठाकुर महेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुआवजे के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला दंडाधिकारी शिमला ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना मुआवजे के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। असंगठित क्षेत्र के वे सभी कामगार जिन्होंने 31 मार्च, 2022 तक या उससे पहले ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराया था, और जिनकी मृत्यु या अपंगता 31 मार्च, 2022 को या उससे पहले हुई थी, वे अब 30 जून, 2025 तक मुआवजे के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह विस्तार उन लंबित और असफल दावों के निपटान में भी मदद करेगा जिन्हें अब 31 जुलाई तक निपटाया जाना है। इस योजना के तहत, मृत्यु या पूर्ण अपंगता (जैसे दोनों पैर और एक हाथ या बांह का अक्षम होना) की स्थिति में नामांकित व्यक्ति को 2 लाख का मुआवजा मिलेगा, जबकि किसी एक अंग के पूरी तरह अक्षम होने पर 1 लाख प्रदान किए जाएंगे।

एसडीएवी स्कूल रोहडू में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

### रोहडू में तीन दिवसीय खेलकूद स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** एसडीएवी स्कूल रोहडू में स्कूल समूह की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस खेलकूद प्रतियोगिता में एसडीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रोहडू, एसडीएवी स्कूल पुजारली-4 व एसडीएवी स्कूल टिक्कर के 300 छात्र भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर फकीर चंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कब्बड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वालीबाल, ऐथलैटिक्स, कैरम, शतरंज, क्विज, भाषण प्रतियोगिता, एकल गान, एकल नृत्य, समूह गान, नाटि, पेंटिंग, लेख, माडलिंग आदि प्रतियोगिता होगी। इस दौरान एसडीएवी स्कूल टिक्कर के प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा व एसडीएवी स्कूल पुजारली -4 के प्रधानाचार्य नरेश बघलाट एवं पीटीए अध्यक्ष कपिल रमोल्टा एवं पीटीए के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### कॉलेज में दाखिले की बढाएं तिथि: एसएफआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने विश्वविद्यालय के डीएस को एक ज्ञापन सौंपकर कई महत्वपूर्ण मांगे उठाई हैं। एसएफआई की प्रमुख मांगों में से एक कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाना है। एसएफआई के कैंपस उपाध्यक्ष योगी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा हाल ही में, 19 जून को शाम को ही 12वीं एसओएस का परिणाम घोषित किया गया, जिसके बाद कई नए छात्र दाखिले के योग्य हो गए हैं। हालांकि, दाखिले की अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित होने के कारण, इन छात्रों को आवेदन करने में भारी कठिनाई हो रही है। इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य छात्र भी हैं जो विभिन्न कारणों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर पाए। एसएफआई का स्पष्ट मत है कि इन सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक और अवसर मिलना चाहिए और विश्वविद्यालय प्रशासन को कॉलेज दाखिले की अंतिम तिथि तुरंत बढ़ानी चाहिए।

### पीएमजीएसवाई के 190 करोड़ पर ठनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कोटखाई।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के लिए स्वीकृत 190 करोड़ के बजट को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष उमेश शर्मा ने कांग्रेस विधायक और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर तीखा हमला बोला है। शर्मा का आरोप है कि रोहित ठाकुर इस केंद्र पोषित योजना का श्रेय अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि यह राशि सीधे केंद्र सरकार और स्थानीय सांसद सुरेश कश्यप के प्रयासों का परिणाम है। भाजपा ने रोहित ठाकुर पर न केवल झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया है, बल्कि पीएमजीवाएस के शुभारंभ कार्यक्रमों में संवैधानिक और प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए सांसद को जानबूझकर दरकिनार करने का भी आरोप लगाया है। उमेश शर्मा ने जोर देकर कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार वित्तीय रूप से कमजोर है और अपनी तरफ से कोई बड़ी विकास योजना लागू करने में असमर्थ है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं का श्रेय लेना जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-कोटखाई की जनता अब इस तरह की 'झूठी राजनीति' को समझ चुकी है और यह स्पष्ट है कि कौन विकास के लिए काम कर रहा है और कौन केवल राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कर रहा है। भाजपा ने चेतावनी दी है कि कांग्रेस का यह 'राजनीतिक स्वांग' अब जनता के सामने बेनकाब हो चुका है।

# शिमला में टैक्सियों में सवारी बैठाने पर लगाई बंदिशें हटीं

## पर्यटकों और स्थानीय टैक्सी चालकों को मिली राहत

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** राजधानी शिमला में टैक्सियों में सवारियों की संख्या को लेकर चल रही दशकों पुरानी बंदिशें आखिरकार हटा दी गई हैं। यह फैसला हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आया है, जिससे स्थानीय टैक्सी चालकों और शिमला आने वाले पर्यटकों, दोनों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, शिमला शहर में टैक्सी चालकों पर लंबे समय से यह नियम लागू था कि वे निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठा सकते। उदाहरण के लिए, एक सामान्य कार में चार या पांच सवारियों से अधिक बैठाने पर जुर्माना लगाया जाता था। ये बंदिशें क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) और यातायात पुलिस द्वारा लगाई गई थीं, जिनका उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और ओवरलोडिंग को रोकना था। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में इस मामले में सुनवाई करते हुए आरटीए और यातायात पुलिस को इन बंदिशों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने साफ किया कि मोटर वाहन अधिनियम में ओवरलोडिंग की कोई विशेष परिभाषा नहीं है, जो बच्चों को वयस्कों के बराबर माने। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कार की सीटिंग क्षमता के भीतर भी बच्चे हैं, तो उन्हें अलग सवारी के रूप में नहीं गिना जाना चाहिए, जब तक कि इससे वाहन की सुरक्षा या स्थिरता पर कोई असर न पड़े।

इस निर्देश के बाद, आरटीए और यातायात पुलिस ने आपसी सहमति से इन नियमों को शिथिल करने का फैसला किया है। अब टैक्सी चालक वाहन की सीटिंग क्षमता के भीतर अधिक सवारियां बैठा सकेंगे।

### हाईकोर्ट के फैसले से टैक्सी चालकों में खुशी

**इस** फैसले से शिमला के टैक्सी चालकों में खुशी की लहर है, क्योंकि अब वे बिना किसी डर के अधिक ग्राहकों को सेवा दे सकेंगे और उनकी आय में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

### आम जनता को राहत देने में महत्वपूर्ण कदम

**यह** निर्णय हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की जनहित याचिका पर सुनवाई का परिणाम है, जो नियमों को व्यावहारिक बनाने और आम जनता को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राज्यपाल ने नवाजे सरस्वती विद्या मंदिरों के मेधावी

## हिमाचल शिक्षा समिति की ओर से 27 छात्रों को किया सम्मानित

दशमी रावत, अनंत ज्ञान



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ सम्मानित किए मेधावी बच्चे और अन्य।

**रोहडू।** विद्या भारती एवं हिमाचल शिक्षा समिति ने सरस्वती विद्या मंदिरों में अध्यनरत सभी मेधावी भैया बहन को हिम रश्मि परिसर में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हाथों से सम्मान दिया। कक्षा दसवीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट स्थान पर रहने वाले भैया बहनों को खेलकूद, विज्ञान जगत एवं मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा, नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा में अव्वल रहने वाले भैया बहन को हिमाचल शिक्षा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

इसी संदर्भ में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोली रोहडू के 27 छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र यथार्थ, अदिति, अक्षरा व मिताली सहित अखिल भारतीय कबड्डी में अव्वल रहने वाली छात्राओं, रियाना, एंजेल, जागृति, अविशा, उरगेन, आकृति, नव्या, अवनी, नव्या रेकटा, अनन्या, सेजल, काव्या,स्मृति, समायरा, सिमरन, कसक, आरुषि, सारिका, पालक, पल्लवी व सुहाना आदि 27 छात्रों को सम्मानित किया गया। संकुल प्रमुख रोहडू मुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या मंदिरों में भैया बहनों को समिति द्वारा समय-समय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाता है। जिससे भैया बहनों में प्रतिस्पर्धा की भावना का निरंतर संचार हो और भैया बहन शीघ्र अति शीघ्र अपने लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम हो।

विद्या भारती राष्ट्रीय स्तर पर मेधावी छात्रवृत्ति नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित करवाती है। वहीं इन परीक्षाओं के अलावा ऐसी अनेक प्रकार की परीक्षाओं का भी समय-समय पर आयोजन करती है जिससे भैया बहनों की बौद्धिक एवं तार्किक शक्ति का निरंतर विकास हो। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल ने सभी मेधावी भैया बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भैया बहनों को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

# जुब्बल में कांग्रेस को झटका, 5 कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल


प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के शिक्षा मंत्री के गृह क्षेत्र जुब्बल में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों और 'विकसित भारत' के संकल्प से प्रभावित होकर जुब्बल क्षेत्र के पांच प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं में अनूप टांटा गांव मिहाना, आत्मा राम गांव शोली कायना, नितिन कुमार गांव रामपुरी, प्रसून गांव रामपुरी, और देवेंद्र सिंह गांव रामपुरी, तहसील जुब्बल शामिल हैं। इन सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने गर्मजो शी से स्वागत किया। इस अवसर पर चेतन बरागटा ने कहा कि यह बदलाव इस बात का स्पष्ट प्रतीक है कि क्षेत्र की जनता अब भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व में अपनी अटूट आस्था जता रही है। कांग्रेस द्वारा लगातार की जा रही उपेक्षा और विकास की अनदेखी के चलते इन कार्यकर्ताओं ने भाजपा में जुड़ने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भाजपा मंडल जुब्बल की अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा और कोटखाई-नावर मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने नए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।

# संघ ने युक्तिकरण की अधिसूचना का किया विरोध

## राज्य अध्यक्ष अजय की अध्यक्षता में शिक्षा निदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान, रोहडू

**शिक्षा** विभाग द्वारा 100:1 की पीटीआर के आधार पर युक्तिकरण की अधिसूचना पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष अजय नेगी की अध्यक्षता में विद्यालय शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, सहायक निदेशक दस जमा दो जीवन नेगी, सहायक निदेशक प्रशासन बी आर शर्मा व संयुक्त निदेशक जगदीश नेगी से मिला। उन्होंने इस अधिसूचना पर अपना विरोध व्यक्त किया है।

जारी संयुक्त प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि इन मांगों के अतिरिक्त पांच से कम संख्या वाले विषयों में 25 फीसद परीक्षा परिणाम की शर्त हटाने, वाणिज्य प्रवक्ताओं के दोनों पदों को निरंतर जारी रखने जैसी प्रवक्ताओं की अन्य मांगों पर प्रवक्ता संघ का पक्ष सभी अधिकारियों के समक्ष सम्पूर्ण तर्क के साथ रखा गया। इस प्रतिनिधि मंडल में राज्य अध्यक्ष अजय नेगी के अतिरिक्त, संघ संरक्षक लोकेंद्र नेगी, राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, महासचिव इंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरजीत सिसौदिया, राज्य मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर, राज्य बेब सचिव भूपेश नेगी, जिला अध्यक्ष सिरमौर डॉ. आईडी राही, जिला अध्यक्ष शिमला देवेंद्र लक्टू, जिला अध्यक्ष मंडी महेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष सोलन जयलाल जलपैक, महासचिव जिला शिमला आकाशदीप, महासचिव सिरमौर दिनेश शर्मा, महासचिव सोलन हेमंत शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य विवेक मेहत्ता, जितेंद्र ठाकुर, नंदलाल वर्मा, विवेक मेहता, सत्य प्रकाश शर्मा व जोगिंदर भीमटा सहित राज्य एवं जिला प्रतिनिधि शामिल रहे।



शिक्षा निदेशक को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते स्कूल प्रवक्ता संघ के पदाधिकारी।

## शराब के ठेके के विरोध में खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** नालदेहरा पंचायत के गांव जख्लैणा में शराब का नया उप ठेका खोलने पर क्षेत्र के महिलाओं व स्थानीय लोगों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नालदेहरा पंचायत की प्रधान सुष्मा कश्यप ने बताया कि जख्लैणा गांव में शराब का ठेका खोलने के लिए पंचायत के कोई एनओसी नहीं ली गई है। आबकारी एवं कराधान विभाग ने अपनी मनमर्जी से इस गांव में ठेका खोल दिया है। शराब का ठेका खुलने के उपरांत कुछ लोग खुलेआम शराब पीकर सड़कों पर पड़े रहते हैं जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों में भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

सुष्मा ने बताया कि इस गांव में सौ फीसदी अनुसूचित जाति वर्ग के लोग रहते हैं। ठेका से करीब एक सौ मीटर की दूरी पर सरकारी पाठशाला है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने हाल ही में डीसी व अतिरिक्त आयुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग से ठेका बंद करने बारे भेंट की गई परंतु जब किसी स्तर पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# बिलासपुर में स्कूलों के बनेंगे क्लस्टर डेढ़ किमी के दायरे वाले स्कूल होंगे मर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा एक अहम फैसला लिया गया है। बिलासपुर जिले में स्कूलों के क्लस्टर बनाए जाएंगे और डेढ़ किलोमीटर के दायरे वाले स्कूल मर्ज होंगे।


बैठक में मौजूद उच्च शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी व मुख्याध्यापक।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में आयोजित बैठक में प्रारंभिक व उच्च शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारियों और विभिन्न स्कूलों के मुख्याध्यापकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता उच्च शिक्षा उपनिदेशक रेणु कौशल तथा प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक नरेश चंदेल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में निर्णय लिया कि एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के डेढ़ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्राथमिक, मिडल और उच्च विद्यालयों को उस वरिष्ठ विद्यालय के साथ मर्ज किया जाएगा। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी, जिसके तहत पूरे जिले में स्कूल क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इस प्रणाली के अंतर्गत छोटे स्कूल अब बड़े स्कूल के संसाधनों जैसे स्मार्ट क्लास, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल सामग्री व अन्य बुनियादी सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही, छात्रों को उच्च स्तर के शिक्षण माध्यमों व डिजिटल संसाधनों से अवगत कराया जाएगा। बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों का विस्तृत सर्वेक्षण कर संभावित मर्जिंग की रिपोर्ट मुख्यालय को शीघ्र उपलब्ध करवाएं। इस रिपोर्ट के आधार पर मर्जिंग की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक के दौरान विद्यालयों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग को लेकर निर्देश जारी किए हैं। सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर आदि का नियमित और प्रभावी उपयोग करें। साथ ही इस उपयोगिता की साप्ताहिक रिपोर्ट भी विभाग को भेजनी होगी। आगामी मानसून सीजन को देखते हुए सभी विद्यालयों को अपने परिसरों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को इस परिवर्तन के बारे में जागरूक किया जाए।

## 21 रूटों पर स्टेज कैरिज बस संचालन के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश ने बताया कि प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से 4 जून को प्रदेश के 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट (टेंपो ट्रैवलर) के संचालन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन प्रक्रिया 9 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगी। इन चयनित 350 रूटों में से 21 रूट बिलासपुर जिले से संबंधित हैं। ये सभी रूट 'रूट फार्मूलेशन कमेटीग की अनुशंसा पर प्रकाशित किए गए हैं और इनमें से कोई भी रूट हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा सरेंडर नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन रूटों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है तथा यह तिथि परिवहन विभाग द्वारा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इच्छुक आवेदकों से आग्रह किया कि वे समय रहते विभागीय पोर्टल https://online.himachaltransport.hp.gov.in/publiclogin के माध्यम से निर्धारित रूटों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें।

# टनल नंबर-3 के पास कार से चिट्टा, दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**किरतपुर**-नेरचौक फोरलेन पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टनल नंबर-3 के पास सोमवार रात को नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार से 6.9 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। कार में दो युवक सवार थे, जिन्हें मौके पर ही हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, फोरलेन पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान किरतपुर की दिशा से आ रही एक कार को जांच के लिए रोका गया। कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड से चिट्टा बरामद हुआ।



**कार के डैशबोर्ड में रखा था चिट्टा, आरोपियों से पूछताछ जारी**

गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान 24 वर्षीय शगुन शर्मा निवासी छडोल जट्टा (डाकघर बैरी रजादियां, तहसील सदर) और 38 वर्षीय अंकेश कुमार निवासी धार टटोह, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है कि यह नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बीते कुछ महीनों में इस तरह की कई कार्रवाइयों के बाद अब इस घटना को भी नशे के नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि नशे की किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## हिमाचल की स्विमिंग टीम दिखा रही दमखम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ओडिशा के भुवनेश्वर में 22 जून से 26 जून तक आयोजित 78वें सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप हिमाचल के पांच सदस्यीय टीम भाग ले रही है। भाग्य वर्दिका वर्मा, अलीजा धारटा, दीपक कुमार, आदित्य राणा एवं भूषण ठाकुर हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इशान अख्तर ने बताया कि हिमाचल के विभिन्न जिलों से संबंधित खिलाड़ी बेस्ट स्ट्रोक, फ्री स्टाइल स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक एवं बटरफ्लाई स्ट्रोक में भाग ले रहे हैं। हिमाचल स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एचएएस विनय धीमान ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## दरोबड़, सोलग में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विद्युत उपमंडल नंबर-1 के सहायक अभियंता इंजीनियर सन्नी जगोता ने बताया कि कि 26 जून को अनुभाग पंजगाई में विद्युत लाइन के साथ लगते पेड़ों की काट-छांट एवं आवश्यक रखरखाव का कार्य के चलते पंजगाई, हुडू, विष्णु धार, टटोह, हिव, इवानी, दरोबड़, सोलग, जुराशी, टिकरी, धार, सोलर प्लॉट तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य मौसम की अनुकूलता पर निर्भर करेगा। अतः यदि मौसम प्रतिकूल रहता है तो तिथि में परिवर्तन संभव है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए आग्रह किया है।

# कुटबांगड़ पेयजल योजना को वन विभाग की मंजूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**झंडूता** विधानसभा की करोड़ों की कुटबांगड़ पेयजल योजना को वन विभाग की मंजूरी मिली है। लंबे समय से विभाग इस मंजूरी का इंतजार कर रहा था। वन विभाग की मंजूरी न मिलने के चलते इस पेयजल योजना में बिजली कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था। इसके चलते यह पेयजल शुरू नहीं हो पा रही थी, लेकिन अब इस पेयजल को जल्द ही बिजली का कनेक्शन मिलेगा। यह योजना शुरू होगी और कोटधार क्षेत्र की हजारों की आबादी को इस योजना का लाभ मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने इस योजना को लेकर भाजपा नेताओं पर राजनीतिक करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस पेयजल योजना को बिना वन विभाग की मंजूरी से ही बना दिया था। करोड़ों की राशि खर्च की गई, लेकिन वन विभाग की मंजूरी नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनने के बाद जल शक्ति विभाग द्वारा इस मसले को उठाया गया। बाकायदा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री के समय यह मसला रखा गया। इसके चलते इस पेयजल योजना की वन विभाग की मंजूरी लेने की प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने कहा कि यह योजना कोटधार क्षेत्र की 14 दर्जन पंचायत के लोगों को पानी प्रदान करेगी। इस योजना के लिए आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने क्षेत्र की जनता को गुमराह करके रखा। उन्होंने पेयजल योजना को वन विभाग की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री, जल शक्ति विभाग का आभार जताया है। जल्द ही मुख्यमंत्री सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इसका विधिवत उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे।

**भाजपा सरकार ने नहीं ली मंजूरी जनता को किया गुमराहः विवेक**

## 1 जुलाई से जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। यह प्रक्रिया बिलासपुर जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त पेंशनधारकों के लिए लागू रहेगी। जिला कोष अधिकारी अमित कुमार ने सभी पेंशनधारकों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपना जीवन प्रमाण पत्र आवश्यकतानुसार किसी अधिकृत अधिकारी से सत्यापित करवा कर संबंधित कोष कार्यालय अथवा उसके अधीनस्थ उप कोष कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान प्रस्तुत करें। जिला कोष अधिकारी ने सभी पेंशनभोगियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर अपनी पेंशन की निर्बाध प्राप्ति सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कोष कार्यालय बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222322 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पानी की समस्या को लेकर विधायक से मिले मल्यावर पंचायत के लोग

# पेयजल सुविधा से कोई गांव नहीं रहेगा वंचित: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मल्यावर** पंचायत में निर्माणाधीन पेयजल व सिंचाई योजना से पानी की आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों की चिंता काफी हद तक दूर हो गई। टिहरा, भटोली व बहया गांवों के लोगों को पूर्व में कोलडैम पेयजल योजना से भी पानी नहीं मिल पाया था। उन्होंने चिंता थी कि वे नई योजना के लाभ से भी वंचित न रह जाएं। मंगलवार को लोगों ने इस मसले को लेकर विधायक त्रिलोक जम्वाल से मुलाकात की।

लोगों ने ने विधायक को बताया कि मल्यावर पंचायत के टिहरा, भटोली व बहया गांवों के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि, पूर्व में इस पंचायत को कोलडैम पेयजल योजना से जोड़ा गया था, लेकिन उसका पानी इन गांवों तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत प्रतिनिधि ने उनके गांवों के लिए बिछाई गई पाइपें उखाड़कर कोलडैम योजना को केवल मल्यावर के ऊपरी गांवों तक ही सीमित कर दिया था। इसकी वजह से उन्हें पानी के संकट से जूझना पड़ता है। समस्या के समाधान के लिए अब मल्यावर-भटोली पेयजल व सिंचाई योजना का निर्माण चल रहा है। हालांकि, यह योजना पूरी पंचायत के लिए बन रही है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि ने फिर से टिहरा, भटोली व बहया गांवों के लिए पानी की पाइपें डलवाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के द्वेषपूर्ण रवैये की वजह से पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि नई योजना पूरी पंचायत के लिए बन रही है। इसकी सुविधा से किसी भी गांव को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता से संपर्क करके निर्देश दिए कि पाइपलाइन किसी दूसरी जगह से बिछाने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए आवश्यक कदम समय रहते उठाए जाएं, ताकि सभी लोगों को पेयजल योजना का लाभ मिलने के साथ ही यह विवाद भी दूर हो सके। इसके बाद ग्रामीणों ने अधिशाषी अभियंता से भी मुलाकात की और उन्होंने पाइप लाइन किसी अन्य जगह से बिछाने का आश्वासन दिया।



पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को विधायक त्रिलोक जम्वाल से मिलते ग्रामीण।

**अधिशाषी अभियंता को निर्देश पाइपलाइन को किसी दूसरी जगह से बिछाया जाए**

# सब्जी से लदी पिकअप ट्रक से टकराई, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर समलेटू के पास मंगलवार सुबह करीब डेढ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। इस हादसे में सब्जी से लदी पिकअप के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चमन लाल (32) पुत्र खेम चंद, निवासी गांव हवानी, तहसील बल्ह, जिला मंडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार चमन लाल मंडी से पिकअप में फूलगोभी लेकर अमृतसर मंडी की ओर जा रहा था। जब समलेटू के पास पहुंचा तो पिकअप ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक चमन लाल वाहन में फंस गया और उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। हालत ऐसी थी कि शव को बाहर निकालना भी मुश्किल हो गया। ट्रैफिक थाना भगेड़ के पुलिस कर्मी अजय कुमार और उनकी टीम ने मौके पर मौजूद अन्य वाहन चालकों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही सीएचसी स्वारघाट से 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर एम्स बिलासपुर भेजा, जहां पोस्टमार्टम करवाया। यातायात पुलिस थाना भगेड़ में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी हेडक्कार्टर मदन धीमान ने की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण पिकअप का ट्रक से टकराना है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की मौत, युवती घायल

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा जिला के उपमंडल चुराह में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवती घायल है। मृतक युवक की पहचान चैन लाल (19) पुत्र चमारु निवासी धनलाई डाकघर नकरोड़ तहसील चुराह के रूप में हुई। वहीं चालक रीनू (18) पुत्री चेत सिंह निवासी भराड़ा डाकघर टिकरीगढ़ घायल हो गई है। कार (एचपी 44-5030) चांजू से लिंक रोड बड़खेल की तरफ जा रही थी। इसमें एक युवक व युवती सवार थे। कार को युवती चला रही थी। जब कार बड़खेल के समीप पहुंची तो युवती ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार खाई में जा गिरी। कार को खाई में गिरता देख स्थानीय लोग तुरंत बचाव के लिए पहुंचे। दोनों घायलों को घटनास्थल से बाहर निकाल कर तीसा अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। घायलों को जब तीसा अस्पताल पहुंचाया गया तो युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवती उपचाराधीन है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का जायजा लेकर स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए गए, जिसके बाद तीसा अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया, जिसे पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### लंगर समितियों के साथ बैठक आयोजित

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** श्री मणिमहेश यात्रा- 2025 से संबंधित सभी लंगर समितियों के अध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने की। बैठक में श्री मणिमहेश यात्रा में भाग लेने वाली सभी लंगर समितियों के अध्यक्ष, श्री मणिमहेश न्यास के सरकारी व गैर- सरकारी सदस्य उपस्थित रहे,जिनमें से कई प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लंगर समितियों से सैनिटेशन शुल्क चेक के माध्यम से लिया जाएगा और सभी संस्थाओं को अपनी ऑडिट रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जमा करवानी होगी, प्रत्येक लंगर समिति की पहचान के लिए 5 पहचान पत्र निर्गत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशा-निर्देश अनुसार नॉन-बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग में खाद्य सामग्री पर और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### केंद्रीय मंत्री के हस्तक्षेप से सड़क कार्य तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजेश कपूर ने जानकारी दी कि दिल्ली में उन्होंने गत वर्ष केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से विशेष मुलाकात कर सड़क निर्माण की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की थी। मंत्री के निर्देश पर उनके प्राइवेट सेक्रेटरी ने तत्काल गावर कंपनी के एमडी से संपर्क कर कार्यवाही के आदेश दिए, जिससे कार्य को गति मिली। हालांकि बीच में लेबर के भाग जाने से निर्माण कार्य फिर रुक गया। इस पर दोबारा केंद्रीय मंत्री के कार्यालय से संपर्क किया गया और समाधान का आश्वासन मिला। अप्रैल 2025 में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से भी मुलाकात हुई, जिन्होंने कंपनी प्रबंधन को मानसून से पहले कारपेटिंग कार्य पूरा करने को कहा। नतीजतन, अब तक सड़क का 60 प्रतिशत कारपेटिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। राजेश कपूर ने बताया कि प्रोजेक्ट डायरेक्टर से नियमित बातचीत कर कमियों से उन्हें अवगत करवाया जा रहा है। मंत्रालय के निर्देश पर कार्य की गुणवत्ता की जांच भी चल रही है। उन्होंने तुंगल क्षेत्र की जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार का गैरकानूनी कार्य न करें और अधिकारियों के दौरे पर संयम बरतें।

### आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी की अध्यक्षता में खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल विकास परियोजना सदर में किए जा रहे पोषण अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निरोधक अधिनियम तथा मनरेगा के तहत निर्मित हो रहे आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। एसडीएम ने बताया कि बाल विकास परियोजना सदर में संचालित 479 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 3 वर्ष तक के 5767 बच्चों तथा 1994 गर्भवती व धात्री माताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बेटी है अनमोल योजना के तहत 63, मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 99, मुख्यमंत्री सुखआश्रय योजना के तहत 51 तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 22 मामले स्वीकृत हुए हैं।

### अवन्या व सरण्या ने हासिल की ब्लू बेल्ट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जवाहर पार्क सुंदरनगर में ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय सेना के जवान भीम सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन गोजू रियु कराटे डू सौफ इंडिया के तकनीकी निदेशक रैंशी हंस राज, ओम प्रकाश सानवी और पंकज सोनू ने किया। ब्लू बेल्ट प्राप्त करने वालों में अवन्या वर्मा, सरण्या वर्मा, निशुल, प्राकृति, यथार्थ, नरेश ठाकुर, प्रियांश सोनी, उत्कर्ष ठाकुर, रियांश चौहान और गुरजशन शामिल रहे। ग्रीन बेल्ट दीया और अनन्या ठाकुर को मिली। संस्था के महासचिव कृष्ण लाल भूपी ने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि कराटे जैसी गतिविधियां युवाओं को सकारात्मक राह दिखाती हैं। जिला मंडी कराटे संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार, संस्था प्रधान हरि सिंह, चेयरमैन दौलत राम सहित अन्य पदाधिकारियों व प्रशिक्षकों ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

### देव बालाकामेश्वर मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के चांगर स्थित देव बालाकामेश्वर मंदिर में मंगलवार को चांगर सुधार सभा द्वारा वार्षिक मेला के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी देते हुए चांगर सुधार सभा के सदस्य राजेंद्र सैनी ने बताया वार्षिक मेला के अवसर पर मंदिर परिसर में 15 से 23 जून तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें कथा व्यास पंडित पंकज शर्मा ने प्रभु की कथा का वर्णन किया।

# प्राचीन बौद्ध मठ का हो संरक्षण

## चंबा के बौद्ध समुदाय की ऐतिहासिक पुकार, डीसी मुकेश रेपसवाल को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** चंबा जिला के चुराह क्षेत्र के गांव भनोड़ी में स्थित एक अत्यंत प्राचीन बौद्ध मठ की सुरक्षा और संरक्षण की मांग जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को चंबा के अल्पसंख्यक बौद्ध समुदाय की ओर से नालंदा पद्मा ट्रिटेट सेंटर के सचिव ताशी दोरजे खम्पा ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत गुईला के अधीन यह मठ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि हिमालयी संस्कृति, बौद्ध परंपरा और चंबा की समृद्ध विरासत का अद्भुत प्रतीक भी है। बर्फबारी और पीछे से बहते ग्लेशियरों के चलते यह मठ आज गंभीर खतरे का सामना कर रहा है।



अल्पसंख्यक बौद्ध समुदाय के सदस्य डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

### ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए कार्रवाई की मांग

### धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान व पर्यटन की उम्मीद

ज्ञापन में मांग की गई है कि मठ के चारों ओर सुरक्षा दीवारें बनाई जाएं तथा इसकी मरम्मत के लिए विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि इसे संरक्षित किया गया तो यह स्थल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे चुराह क्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### स्थलीय दौरे का मौखिक आमंत्रण भी दिया

**ताशी** दोरजे खम्पा ने न केवल ज्ञापन सौंपा, बल्कि जिलाधीश महोदय को इस प्राचीन मठ स्थल पर व्यक्तिगत रूप से आने का मौखिक निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन स्थल का भौतिक निरीक्षण करे तो उन्हें इस मठ की गंभीर स्थिति और ऐतिहासिक महत्व का प्रत्यक्ष अनुभव होगा, जिससे उचित निर्णय लेने में आसानी होगी।

### हम अल्पसंख्यक जरूर हैं पर हमारी पहचान अमूल्य

**ताशी** दोरजे खम्पा ने कहा कि हम चंबा में अल्पसंख्यक बौद्ध समुदाय से हैं, लेकिन यह मठ हम सभी की साझी विरासत है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इसे इतिहास बनने से पहले संभाले।

# वन अधिकारों को लेकर सक्रिय हुई पल्युर पंचायत मोहाल टिपरा



वन अधिकार समिति टिपरा के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से की मुलाकात।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**वन** अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत अधिकारों की बहाली को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन अधिकार समिति टिपरा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपमंडलाधिकारी (ना0) चंबा एवं उपखंड स्तरीय समिति (SDLC) के अध्यक्ष आईएएस प्रियांशु खाती से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में मनोज कुमार, मुहम्मद सहान (काकू) और अल्ला दित्ता, दिशिराज व गुलामरसूल शामिल थे। इन्होंने चंबा एसडीएम को 120 व्यक्तिगत दावों की उस संशोधित सूची को सौंपा, जो पहले साक्ष्य अधूरे पाए जाने के कारण कार्यालय द्वारा फरवरी 2023 में वापस कर दी गई थी।

गौरतलब है कि दिनांक 7 जून 2022 को ग्राम पंचायत पल्यूर के ग्राम टिपरा से अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत 120 व्यक्तिगत दावे प्रस्तुत किए गए थे। जांच के उपरांत दावों में साक्ष्य अधूरे पाए गए, जिसके चलते इन्हें सुधार के लिए वन अधिकार समिति टिपरा को लौटा दिया गया था।

# केएस प्रेमी व ममता भारद्वाज के नाम रही दूसरी सांस्कृतिक संध्या

### जिला स्तरीय आषाढ़ नागदेव मेले में कलाकारों ने खूब नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** स्तरीय आषाढ़ नागदेव मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकारों के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार केएस प्रेमी, ममता भारद्वाज, डॉ. गगन, वंशिका शर्मा, लक्की ठाकुर, करण आर्य, अनुज व ऋषभ पठानिया ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरजन किया।

गायक ममता भारद्वाज ने इश्क दी गली बिच कोई कोई लंगदा, माहि वे, निक्की जिनि गोजरी व ओ लाड़ी शांता जैसे गानों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा गायक केएस प्रेमी ने शिव नाम हरि नाम जपना, धुड़ू नचदा भजन से गाने की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने गोरा गोरा रंग तेरा, चम्बा आर की नदियां पार, मीनू प्यारी आई जाया हो, अज छतराड़ी कल राखा, लाल तेरा साफा, टोली पीछे, बीसारी पांगी रे जोता, पांगी पक्की ठांगी, चम्बा आर भी नदियां पार, चिट्टा तेरा चोला काला डोरा गानों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब झूमाया।



जिला स्तरीय आषाढ़ नागदेव मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

### लोक गायक सुनील राणा ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ऐतिहासिक जालपा माता मंदिर मैहला का जातर मेला बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष ये मेला हेल्पिंग यूथ मैहला व जालपा माता मंदिर कमेटी द्वारा करवाया जा रहा है। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में सुनील राणा ने एक के बाद एक गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। लोगों का कहना है कि हेल्पिंग यूथ मैहला का प्रयास सराहनीय है, हर दिन नए नए ख्याति प्राप्त कलाकारों को बुला रहे हैं, और अपनी समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में भी डॉ जनक राज विधायक भरमौर पांगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता उप विजेताओ को स्मृति चिन्ह व नकद पुरस्कार, विजेता टीम को 15 हजार और उपविजेता टीम को 7100 रुपए प्रदान किया गया। आपको बताते चलें कि इस संध्या को हेल्पिंग यूथ मैहला के साथ आयोजक की भूमिका में एनएचपीसी चमेरा 2 और चमेरा 3व स्वामी अल्ट्रा ग्लो रूफ शीट व स्थानीय पंचायतों ने सहयोग किया।

### मिंजर स्मारिका एवं निमंत्रण कार्ड उपसमिति की बैठक आयोजित

# निमंत्रण कार्ड व स्मारिका के आवरण पृष्ठ का डिजाइन पद्मश्री विजय से करवाने का निर्णय

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला- 2025 के तहत निमंत्रण कार्ड के डिजाइन एवं स्मारिका प्रकाशन की रूपरेखा तय करने को लेकर उनके कार्यालय कक्ष में निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका उपसमिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उप समिति के सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने हिस्सा लिया। मिंजर मेला के निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका के आवरण पृष्ठ के डिजाइन को लेकर चर्चा के दौरान सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि पद्मश्री विजय शर्मा से डिजाइन करवाया जाए।

मिंजर स्मारिका के प्रकाशन की रूपरेखा तय करने को लेकर चर्चा के पश्चात ज़िला के सभी साहित्यकारों, युवा लेखकों की रचनाओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।



मिंजर मेले की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ज़िला के अनछुए पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों, पारंपरिक लोक-कला एवं संस्कृति से संबंधित छाया चित्रों (फोटोग्राफ्स) को ज़िला वासियों से आमंत्रित किया जाए।

उच्च गुणवत्ता और रचनात्मकता वाले छाया चित्रों को कमेटी द्वारा चयनित करने के पश्चात उन्हें स्मारिका का हिस्सा बनाया जाएगा। स्मारिका में प्रकाशन के लिए रचनाओं तथा फोटोग्राफ्स को ज़िला भाषा अधिकारी के ईमेल पत्ते डीएलओ चंबा ऐट दा रेट आफ जी मेल डाट कोम पर भेजना होगा ।

बैठक में गैर सरकारी सदस्यों में जगदीश हान्डा, एजाज मिर्जा सहित जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, राजकीय महाविद्यालय चंबा से प्रोफेसर संतोष कुमार, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम से जीनेश कुमार, अक्षय कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करीयां चंबा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, में नशा पर जागरूकता पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इसके प्रति सावधान रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा की ओर से गिरधारी लाल जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशीली दवाओं का सेवन करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बच्चों को नशीली दवाओं के प्रति जागरूक रहने और इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित किया।

# पेंशनर 30 सितंबर से पहले जमा करवाएं अपना जीवन प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** कोषाधिकारी गिरिजा मनकोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कोष कार्यालय चंबा के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों को राज्य वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2025-26 के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जिला कोषाधिकारी कार्यालय चंबा या संबंधित उपकोष कार्यालय में जमा करवाना होगा।

गिरिजा मनकोटिया ने बताया कि जो पेंशनर जिला या प्रदेश से बाहर रह रहे हैं या जो पेंशनर किसी कारण बस जिला कोष या उपकोष आने में असमर्थ हैं वे अपना जीवन प्रमाण - पत्र संबंधित राज्य के राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवा कर जिला कोष कार्यालय चंबा को प्रेषित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन धारक स्वय भी अपना जीवन प्रमाण - पत्र पी0पी0 ओ0 संख्या तथा आधार संख्या आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण वेबसाइट के माध्यम से या घर बैठे मोबाइल से जीवन प्रमाण - पत्र फेस एप के माध्यम से सत्यापित करवा कर इसकी हार्ड कॉपी जिला कोषाधिकारी चंबा को भेज सकते हैं।

उन्होंने समस्त पेंशनरों से अपील करते हुए कहा कि वे उपरोक्त अवधि के दौरान दर्शाए गए किसी भी माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र जिला कोष या संबंधित उपकोष कार्यालय में जमा करवायें ताकि उन्हें पेंशन से संबंधित भुगतान में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### पीटी कैंथली ने जीती माली

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में चल रहे छोटे मिंजर मिले के नाम से मशहूर जिला स्तरीय आषाढ़ मेले का समापन हो गया। मेले में गायक कलाकारों, स्कूलो के छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी कला का खूब प्रदर्शन किया व पहलवानों ने भी अपना अपना दम दिखाया। पहले नंबर पर माली पीटी कैंथली इनाम 71000 के नाम रही व दूसरे नंबर की माली उपविजेता जानी अटारी अमृतसर के नाम रही। छोटी माली विजेता रोबिन कोहाली 51000 व उपविजेता रुस्तम 31000 के नाम रही। वहीं अंडर-19 विशाल बगढार 7100 व उपविजेता 5100 नाम रही। मेले के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि रहे। डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर को सम्मानित किया गया।

### बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, चबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा निवारण को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करियां में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों को नशीली दवाओं के सेवन और उनके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के साथ नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्बा की ओर से पैरा लीगल एडवाइजर गिरधारी लाल ने बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशीली दवाओं का सेवन करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है।

### स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्र परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश के द्वारा चिन्हित किये गए मार्गो पर स्टेज कैरिज वाहनों के संचालन के लिए इच्छुक हिमाचली बेरोजगार युवाओं से जिला चम्बा के 41 (टिम्पो ट्रैवलर) स्टैज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि चयनित मार्गो की सूची व रूटों के आबंटन प्रक्रिया के लिए नियमों व शर्तों का विस्तृत विवरण विभाग की बेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदनकर्ता रूट के लिए 30 जून तक ऑन लाईन आवेदन कर सकतें हैं।

### नौकरी के लिए 30 जून को आएं डलहौजी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा युवाओं के लिए एक विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह इंटरव्यू सुरक्षा एवं खुफिया सेवाएं (Security & Intelligence Services India Ltd.) द्वारा विभिन्न जिलों में 190 पदों को भरने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष (केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए) के बीच होना चाहिए। कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 30 जून को डलहौज़ी के उप-रोजगार कार्यालय, 1 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा, 2 जुलाई को उप-रोजगार कार्यालय तीसा, 3 जुलाई को पंचायत घर भरमौर, और 4 जुलाई 2025 को उप-रोजगार कार्यालय पांगी में किया जाएगा।

# कोहाल स्कूल में साइंस स्ट्रीम शुरू करने की मांग

**हशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोहाल में विज्ञान संकाय (साइंस स्ट्रीम) न होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना अधूरा रह जा रहा है। यह स्कूल चुराह क्षेत्र के शिक्षा केंद्रों में एक अहम स्थान रखता है, लेकिन यहां 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए साइंस स्ट्रीम की सुविधा नहीं है। स्थानीय बच्चों और अभिभावकों ने कई बार सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूल में साइंस स्ट्रीम की शुरुआत की जाए, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए शहरों की ओर रुख न करना पड़े।

स्कूली छात्रों का कहना है कि विज्ञान विषय के अभाव में उन्हें मजबूरी में अन्य संकाय चुनने पड़ते हैं, जबकि उनकी रूचि मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में है। यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन समिति ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है और जल्द से जल्द स्कूल में साइंस स्ट्रीम शुरू करने की मांग की है।

### सूडोकू नवताल- 7471 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7470 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 25 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** अमावस्या (04:04) **: नक्षत्र** मृगशिर (10:41), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** गंड (06:00), **शुभ मुहूर्तः** अभीजित कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:23-02:08)।

**विशेष दिन**

- 25 जून 2025: देवपितृकार्य अमावस आज।
- 25 जून 2025: हलहरिणी अमावस आज।

**मेषः** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषः** अपने हित के काम सुबह निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुनः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है।

**कर्कः** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंहः** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्याः** निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**तुलाः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृश्चिकः** संतान पक्ष से थोड़ी दुक्षचता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**धनुः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**मकरः** मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कुंभः** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मीनः** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भाली**
**विकास खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत भाली विकास खंड नगरोटा सुरियां जिला कांगड़ा द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ हि. प्र. पंचायती राज ( वित्त ,बजट , लेखे , संपरीक्षा , संकर्म , कराधान और भत्ते ) नियम ,2002 के नियम 67 (5) क तथा ख के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं । निविदाएँ दिनांक 26-06-2025 को सांय पांच बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भाली में पहुँच जानी चाहिए । निविदाएं दिनांक 27-06-2024 को 12 बजे ग्राम पंचायत की कमेटी निविदिताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय भाली में खोली जायेगी । सामग्री व मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से है -

| क्रमांक | सामाग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य बांछित है |
|---|---|---|
| 1 | FLUTED PVC WITH FITTING AND OTHER CAHRGES WITH GST | RUNNING FOOT 12 INCH |
| 2 | CELING OF ROOF | SQ FT |

**नियम व शर्तें** - **1** निविदाता के पास अपना पंजीकरण GST नंबर होना अवश्यक है । **2** निविदा का पूरा नियत्रण पंचायत के पास होगा कभी भी रद्द की जा सकती है। **3** सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होंगी । **4** निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । **5** ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की कोई अदायगी देय नहीं होगी । **6** निविदाता यदि सामग्री आपूर्ति समानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा । **7** किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने , समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने ,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । **8.** GST रेट भी मेंशन किया जाए ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भाली**
**विकास खंड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगडा हि. प्र. ।**

मुकदमा नं0 363,364,362/T/2022
किस्म मुकदमा-तक्सीम
तारीख पेशी- 18/7/25

**उत्तम चन्द बनाम प्रकाश चन्द आदि**

**नोटिस बनामः** 1. प्रकाश चन्द सुपत्र श्री विधू, 2 मान चन्द सपुत्र श्री विधू, 3 कौशलया देवी पुत्री श्री विधू 4 धनी देवी पुत्री श्री विधू 5 वीना देवी पुत्री श्री विधू, 6 वाला पुत्र श्री झडू 7. हरी सिह पुत्र श्री वाला राम 8. पंकज कुमार पुत्र औम प्रकाश 9. सुषमा देवी पत्नी ओम प्रकाश 10. विन्द्रा पत्नी अशोक कुमार 11 नीलमा देवी पुत्री वाला 12. कुशमलता पत्नी राकेश कुमार 13. सुषमा देवी पुत्री वाला निवासी महाल रजियाणा खास, मौजा रजियाणा, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगडा हि. प्र.।

भूमि खाता न0 91 खतौनी न0 112 खसरा किता 8, रकवा तदादी 00-24-36, है भूमि खाता न0 94 खतौनी न0 115 खसरा किता 1, रकवा तदादी 00-15-79, है0 भूमि खाता न0 92 खतौनी न0 113 खसरा किता 1, रकवा तदादी 00-07-46, है0 स्थित महाल रजियाणा खास मौजा रजियाणा तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगडा हि. प्र.

**मुस्त्री मुनादी वजरिया जमेदार-** उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। उपरोक्त प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलव किया गया। परन्तु तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते हैं। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त की तथा अनुरोध किया कि मुस्त्री मुनादी जारी कर तलव किया जाए। अतः अब मुस्त्री मुनादी द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 18-07-2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर मुकद्दमा पैरवी करें। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 18/6/2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**



**कार्यालय ग्राम पंचायत नम्होंग**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नम्होंग विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 06/07/2025 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 07/07/2025 को 11 बजे के वाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का नाम** -1. रेत, खान व क्रशर (प्रति घनफुट) 2. बजरी 10,20,40 एमएम (प्रति घनफुट) 3. मारवल (प्रति घनफुट) 4. ईट (द्वितीय श्रेणी) (प्रति नं.) 5. शटरिंग (प्रति नं.) 6. आर सी सी पाईप (प्रति नं.) 7. जी आई पाईप (प्रति नं.) 8. पीवीसी पाईप (प्रति नं.) 9. एल्काथिन पाईप (कि. ग्राम) 10. जेसीवी (प्रति घनमीटर) 11. सीमेंट टाईल (प्रति नं.) 12. ईंटरलॉक, पेवर, सीमेंट टाईल (प्रति वर्ग मीटर) 13. जी आई शीट (प्रति नं.) 14. फर्नीचर (प्रति नं.) 15. सीमेंट ब्लॉक (प्रति न.)16. स्टील 8, 10, 12एमएम (प्रति किग्रा) 17. लोहा एंगल व शीटें (प्रति किग्रा)18 सीआईबी बोर्ड (प्रति नं.) 19. वाल राईटिंग (प्रति अक्षर) 20. बागवानी पौधे (प्रति नं.) 21. जंगली पौधे (प्रति नं.) 22. इमारती लकड़ी (घनफुट) 23. क्रेटवायर (प्रति बंडल) 24. एल्युनिनियम फिटिंग (प्रति घनफुट) 25. पत्थर तोड़ान (प्रति घनफुट) 26. पत्थर ढोलान (प्रति घनफुट) 27. दीवार तथा फ्लोर टाईल (प्रति वर्ग मीटर)

**नियम व शर्तेः**- **1.** निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी । **2.** पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचत करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्वर जी.एस.टी. सी.एस.टी. नम्वर की छाया प्रति संलग्न करें। **3.** सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता सही होनी चाहिए। **4.** कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। **5.** यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा अथवा सामग्री की गुणवता सही नही पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेष प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। **6.** सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सडक है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। **7.** सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। **8.** सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीवी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। **9.** निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। **10.** सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। **11.** निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। **12.** निविदादाता को 30000/- रू0 धरोहर / सुरक्षित राषि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। **13.** निविदादाता य समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। **14.** ग्राम पंचायत के स्पलाई आर्डर के अनुरूप ही स्पलाई स्वीकार की जाएगी। **15.** दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवष्यक है। **16.** ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। **17.** सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. निविदा दाता अपना मोवाईल न. लिफाफे के वाहर लिखना सुनिश्चित करें।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नम्होंग विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

जो ईश्वर से प्रेम करता है उसे अपने प्रेम की वस्तु हर जगह दिखाई देती है।
–अरविंद घोष

## संपादकीय

# सड़क सुरक्षा के प्रयास

पहाड़ी राज्य हिमाचल में आए दिन कहीं न कहीं सड़क हादसे होते रहते हैं। कई लोग मारे जाते हैं और कई लोग विकलांग हो जाते हैं। बरसात के दिनों में सड़क हादसे कुछ ज्यादा ही होते हैं। जगह-जगह भूस्खलन होने से वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी दिक्कतें होती हैं। तंग मोड़, धुंध और बदहाल सड़कें स्थिति को और कमजोर और गंभीर बना देती है। इन घटनाओं में कई बार युवा, पर्यटक और स्कूली बच्चे तक शिकार बनते हैं। ऐसे में यह सुखद संकेत है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार अब इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रयासरत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में प्रति वर्ष हजारों सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें सैकड़ों लोग जान गंवा बैठते हैं और अनेक लोग स्थायी विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। यह एक त्रासदी है जो हर वर्ष दोहराई जाती है।

सरकारी आंकड़ों में भी साफ है कि बरसात के मौसम में यह घटनाएं औसतन 30-40 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं, जिनका प्रमुख कारण सड़क की कमजोर स्थिति, लापरवाह ड्राइविंग और समय पर रेस्क्यू न हो पाना है। हिमाचल सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु और चोटों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा है। निश्चित रूप से यह एक साहसिक, लेकिन जरूरी कदम है। इसके लिए सरकार ने परिवहन विभाग के तहत रोड सेफ्टी सेल को सक्रिय किया है, जो नीतिगत और तकनीकी सुधारों पर काम कर रहा है। सुक्खू सरकार ने एक और सराहनीय निर्णय लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं में घायल किसी भी राज्य के व्यक्ति को त्वरित और निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा करके भी सार्थक पहल की है। यह न केवल मानवता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे 'गोल्डन ऑवर' यानी हादसे के बाद के पहले एक घंटे में इलाज मिलने से जान बचाने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी। राज्य सरकार ने ट्रॉमा केयर सेंटरों को मजबूत करने की दिशा में भी विचार करना शुरू किया है।

वर्तमान में राज्य के अधिकांश ट्रॉमा सेंटर संसाधनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में हादसे के बाद अगर घायलों को तुरंत उचित इलाज नहीं मिलता, तो मौत का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में ट्रॉमा सेंटरों को आधुनिक उपकरणों, एंबुलेंस सेवाओं और प्रशिक्षित स्टाफ से सुसज्जित करना अत्यावश्यक है। हिमाचल की कठिन भौगोलिक जटिलता सड़क हादसे होने की राह में बहुत बड़ी बाधा है। यहां की टेढ़ी-मेढ़ी, संकरी और ढलानदार सड़कों पर ड्राइविंग करना बेहद जोखिम भरा है। भूस्खलन, बर्फबारी और अचानक बदलता मौसम दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनते हैं। दूसरी ओर, कई सड़कें तकनीकी रूप से सही डिजाइन नहीं की गई हैं। सड़क की चौड़ाई, सुरक्षा रेलिंग, संकेतक और मोड़ों पर चेतावनी बोर्डों की भारी कमी है। ऐसा नहीं है कि इन्हीं कारणों से सड़क हादसे होते हैं, बल्कि इसके लिए मानव त्रुटियां भी कम जिम्मेदार नहीं होती। ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्राइविंग के दौरान लापरवाही-ये सभी मानव-जनित त्रुटियां दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण हैं। इमरजेंसी रेस्पॉन्स की कमजोरी भी अक्सर देखने को मिलती है। दुर्घटना के बाद रेस्क्यू और प्राथमिक चिकित्सा के अभाव में कई लोगों की जान चली जाती है।

आमजन में ट्रैफिक नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता और सतर्क ड्राइविंग को लेकर अभी भी जागरूकता की भारी कमी है। सरकार को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान करके वहां तकनीकी सुधार करने होंगे। सुरक्षा रेलिंग, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और रोशनी की व्यवस्था जैसे उपाय अनिवार्य होने चाहिए। भू-वैज्ञानिक विशेषज्ञों की मदद से भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की मैपिंग की जानी चाहिए। इन इलाकों में जिओ-टेक्निकल उपाय जैसे रिटेनिंग वॉल और ड्रेनेज सिस्टम बनाए जाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कठोर जुर्माना, शराब परीक्षण, ओवरलोडिंग रोकना और तेज रफ्तार वाहनों पर नजर रखने के लिए हाईवे पर सीसीटीवी कैमरों और स्पीड गन की मदद ली जानी चाहिए। ड्राइविंग टेस्ट और लाइसेंस प्रणाली में सुधार लाना बेहद लाजिमी है। लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक कठोर और व्यावहारिक बनाना होगा।

प्रशिक्षित चालकों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार को ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करनी चाहिए। अत्यधिक दुर्गम क्षेत्रों में सड़क से अस्पताल तक समय पर पहुंचना संभव नहीं होता। ऐसे में हेलि-रेस्क्यू सेवा और एयर एंबुलेंस को सड़क सुरक्षा नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। स्थानीय स्तर पर 'रोड सेफ्टी वॉलंटियर्स' तैयार करके उन्हें हादसों के समय प्राथमिक उपचार, ट्रैफिक नियंत्रण और सूचना देने की ट्रेनिंग दी जा सकती है। सरकार, प्रशासन, नागरिक समाज और आम जन यदि मिलकर प्रयास करें, तो निश्चित रूप से सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। सुक्खू सरकार ने जो लक्ष्य रखा है वह न केवल सराहनीय है, बल्कि एक आदर्श की स्थापना भी कर सकता है, यदि इसे रणनीतिक ढंग से लागू किया जाए। सड़क सुरक्षा की दिशा में हर छोटा प्रयास भी किसी की जान बचा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

**सुचेता** कृपलानी अथवा 'सुचेता मजूमदार' प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ थीं। यह उत्तर प्रदेश की चौथी और भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थीं। भारत के संविधान को मूल रूप देने वाली समिति में 15 महिलाएं भी शामिल थीं। इन्होंने संविधान के साथ भारतीय समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुचेता कृपलानी इन्हीं में से एक थीं। सुचेता कृपलानी का जन्म भारत के हरियाणा राज्य के अंबाला शहर में हुआ। 1963 से 1967 तक वह उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। कृपलानी देश की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं। वे बंटवारे की त्रासदी में महात्मा गांधी के बेहद करीब रहीं। वर्ष 1963 में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने से पहले वह लगातार दो बार लोकसभा के लिए चुनी गईं। सुचेता दिल की कोमल तो थीं, लेकिन प्रशासनिक फैसले लेते समय वह दिल की नहीं, दिमाग की सुनती थीं। आजादी के आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्हें जेल की सजा हुई। 1946 में वह संविधान सभा की सदस्य चुनी गईं। 1948 से 1960 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव थीं। ■



सुचेता कृपलानी
**जन्म :** 25 जून, 1908
**मृत्यु :** 1 दिसंबर, 1974



कविता

### रोला छंद-मेघ बरखा जो लाया

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*तड़ित कड़क के साथ, मेघ बरखा जो लाया।*
*मन में उठी हिलोर, जाग यौवन जो आया।*
*देख हुई हैरान, पास सजना को पाके।*
*बन बाहों का हार, थाम लिया मैंने जा के।*
*आखिर पूरी आस, मिलन की होती ऐसे।*
*चंदा और चकोर, मिले सदियों से जैसे।*
*बहा नैन से नीर, मिलन की रात सुहानी।*
*मिला पिया का प्यार, हुई उनकी दीवानी।*
*आखिर पूरी बात, सुनी जो दिल की मेरी।*
*चला पकड़ के हाथ, करी कब उसने देरी।*
*रिमझिम थी बरसात, आम की देखी डाली।*
*दिए तोड़ के आम, हुई खा कर मतवाली।*
*भीग गए हम साथ, केश से टपका पानी।*
*निखर गई इक सार, बदन की खिली जवानी।*
*हुई शर्म से लाल, भींच कर दोनों बांधे।*
*थाम लिया तब हाथ, लगी साजन के कांधे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मां की शक्ति, बच्चों का भविष्यः योग से बदलता परिदृश्य

चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि—मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएं ही बदलाव की वाहक होती हैं। महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है और योग इसकी कुंजी है।

योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है- 'योगः कर्मसु कौशलम्', अर्थात् 'योग कर्मों में कौशल है।' भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है। इस वर्ष, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम,'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है।



लेखिका : अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

माननीय प्रधानमंत्री ने भी इस बात पर जोर दिया है कि 'योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है—आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं।' जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए। भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है और योग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएं गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं ।



प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और मां-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है। महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है-जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं।

मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। हमारी प्रमुख योजनाएं, जैसे- आंगनबाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण संबंधी सेवाएं प्रदान करते हैं। विकसित भारत 2047 की ओर हमारी यात्रा में, योग एक संवेदनशील, सशक्त और लचीला समाज गढ़ने की दृष्टि प्रदान करता है। आइए, हम सभी मिलकर 'स्वस्थ भारत' की प्रतिबद्धता के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य और राष्ट्रीय समृद्धि में योग को अपनाने की दिशा में एकजुट हों।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ममता की मूर्त, कोमल और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति है स्त्री

ब्रह्मांड के अस्तित्व से ही शिव और शक्ति ब्राह्मंडीय ऊर्जा का स्वरूप रही हैं। ये दोनों शक्तियां पुरुषत्व और स्त्रीत्व का प्रतीक रही, जिन्होंने एक दूसरे को पूर्ण किया है, एक दूसरे के साथ समंजस्य एवं एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाकर ही पूरी पृथ्वी को लायबद्ध किया है। शिव की शक्ति के बिना, शक्ति की शिव के बिना कल्पना करना असंभव सा प्रतीत होता रहा है।



लेखिका : कनुप्रिया शर्मा
नूरपुर, हिमाचल प्रदेश

इतिहास साक्षी है कि स्त्री हमेशा से ही ममता की मूर्त, कोमल और सहनशीलता की प्रति-मूर्ति रही है, लेकिन जिस तरह का समाज अब होता जा रहा है उससे लगता है कि आने वाले समय में स्त्रियां अपनी ऊर्जा का अगर सही से इस्तेमाल नहीं करेंगी, तो आने वाली पीढ़ी संस्कार रहित होगी। उनमें निर्णय करने की क्षमता नहीं होगी और हिंसा उनकी रगों में दौड़ेगी और समाज का पतन निश्चित है। पुरुष हो या स्त्री दोनों ही ऊर्जाओं को एक समान समंजस्य लाने की जरूरत है, वरना इसका खामियाजा पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

उनके अंदर अगर इस तरह की भावना पनपती रहेगी, तो पूरे विश्व में कल्याण की अपेक्षा नहीं की जा सकती। समय है सही चुनाव करने का, सही निर्णय लेने का अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर न केवल अच्छी दिशा की ओर जाने का, बल्कि आने वाली पौध को संचित एवं सिंचित करने का निर्णय ही हमारे देश, हमारे विश्व को हमारी ऊर्जाओं को सही दिशा में बढ़ा सकता है। जैसे-जैसे समय बीतता गया पुरुषत्व का स्वामित्व प्रकृति के ऊपर होता गया, नारी को उसने हमेशा उपभोग की वस्तु समझा एवं उसका शोषण किया, जब आपस तालमेल नहीं होता है और जब आप दूसरे को दबाने की कोशिश करते हैं, अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश करते हैं तो स्त्री का कोमल भाव कहीं न कहीं दबता जाता है। सदियों से ऐसा ही होता आया, स्त्री अपने अंदर की बुद्धिमत्ता को अपनी क्षमता को कभी पूरी तरह से पहचान ही नहीं पाई और जब उसने पहचानने की कोशिश की भी तो पुरुष प्रधान समाज ने उसके गुणों को समझने की बजाय उसे कुचलना का भरकस प्रयास किया।



सदियों से यह ऊर्जा जो पुरुष ने हमेशा से कुचली वह अब वही विध्वंशकारी ऊर्जा के रूप में धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है किसी न किसी रूप में हम अपने आसपास देख सकते हैं कि कैसे स्त्रियां निर्दयी, निष्ठुर, क्रूर, अत्याचारी और हत्यारी होने लगी है। इसके पीछे का रहस्य समझने के लिए हमें बहुत सारे पहलुओं को ध्यान में रखना होगा, जिसमें एक पहलू यह भी है कि ब्रह्मांड में हमेशा से ही दो ऊर्जा का विचरण होता रहा है, एक पुरुषत्व तो और दूसरा स्त्रीत्व।

पुरुष की ऊर्जा हमेशा से ही उच्च रही और स्त्री की ऊर्जा को हमेशा ही कमतर समझ गया, सदियों से चली आ रही इस प्रवृत्ति को बदलते-बदलते इतना समय लग गया कि अब जिस रूप में यह सामने आई है। वह विध्वंसकारी साबित होने लगी है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए, इसके पीछे का कारण सिर्फ यही समझ में आता है कि स्त्रियां अत्यधिक शोषित रही, उनकी भावनाओं की जो घुटन है वह अब बढ़ने लगी है, उनके अंदर सहनशक्ति की कमी होने लगी है। पुरुष भी बहुत सारे मंचों पर स्त्रियों का अभिनय करने लगे हैं।

जिन शक्तिओं को साधना मुश्किल माना जाता था, अब जैसे हर किसी की पहुंच में है। जिस तरह से पहले पुरुष में अहम् था। वह सारी कार्यों का उत्तराधिकारी खुद को समझता था और बुद्धिमत्ता से कम और अहम् से ज्यादा उसने अपने इस ऊर्जा को अच्छे से समझा नहीं था। वही कार्य अब स्त्री करने लग पड़ी है उनके हाथों में शक्ति आने की वजह से ही कहीं न कहीं जो बुद्धि है, जो ज्ञान है, जो प्रज्ञा है वह उनके हाथों से छुटती जा रही है, निर्णय क्षमता खत्म होती जा रही है और वह उन कार्यों में लिप्त हो रही है जो कि उसकी प्रकृति के बिलकुल विपरीत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने न केवल भारत को झकझोर कर रख दिया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरों को भी पाकिस्तान की ओर घुमा दिया है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई, जिसमें तीर्थयात्री और सुरक्षाकर्मी शामिल थे। इस हमले के बाद पाकिस्तान एक बार फिर वैश्विक स्तर पर घिरता नजर आ रहा है और उस पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगे हैं। एफएटीएफ ने यह स्पष्ट कहा कि ऐसा हमला आतंकी फंडिंग के बिना संभव नहीं हो सकता। इससे यह संकेत मिलता है कि पहली बार एफएटीएफ ने सीधे पाकिस्तान को इस प्रकार के हमले से जोड़ने का प्रयास किया है। पाकिस्तान पहले भी कई वर्षों तक एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रे लिस्ट में डाले जाने से किसी देश की आर्थिक गतिविधियों की वैश्विक निगरानी बढ़ जाती है।

**पंकज गुप्ता, बैजनाथ**

# आपातकाल के 50 सालः लोकतंत्र पर इंदिरा गांधी का प्रहार

25 जून 1975 की वह रात भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काले पन्ने की तरह दर्ज है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी। यह वह क्षण था जब भारत के लोकतांत्रिक ढांचे पर एक गहरा प्रहार हुआ, जिसने स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और नागरिक अधिकारों को कुचल दिया। आपातकाल के 21 महीनों ने न केवल भारत की जनता को दमन का शिकार बनाया, बल्कि यह भी दिखाया कि सत्ता की लालसा लोकतंत्र को कितना नुकसान पहुंचा सकती है। आज इस घटना को 50 साल पूरे हो रहे हैं और यह समय उस दौर की समीक्षा करने का है, जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र की हत्या का प्रयास हुआ। यह लेख उस कालखंड की पड़ताल करता है, जिसमें सत्ता के दुरुपयोग ने देश की आत्मा को झकझोर दिया।



लेखक : सौरभ धीमान
नालागढ़

आपातकाल की घोषणा से पहले का माहौल बेहद तनावपूर्ण था। 1971 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी की भारी जीत ने उन्हें अपार लोकप्रियता दिलाई थी, लेकिन इसके बाद उनकी नीतियों और शासन शैली पर सवाल उठने लगे। आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने जनता में असंतोष को जन्म दिया। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 'संपूर्ण क्रांति' का आंदोलन शुरू हुआ, जिसने सरकार के खिलाफ जनता को एकजुट किया, लेकिन आपातकाल की तात्कालिक वजह बनी इलाहाबाद उच्च न्यायालय का 12 जून 1975 का फैसला, जिसमें इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा चुनाव अवैध घोषित किया गया। इस फैसले ने उनकी सत्ता को खतरे में डाल दिया।

सुप्रीम कोर्ट में अपील के बावजूद, इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर अपने विरोधियों को कुचलने का रास्ता चुना, जो लोकतंत्र के लिए एक घातक कदम साबित हुआ। आपातकाल की घोषणा के साथ ही संविधान के अनुच्छेद 352 का इस्तेमाल किया गया, जिसमें 'आंतरिक अशांति' का हवाला देकर आपातकाल लागू किया गया, लेकिन यह तर्क केवल एक बहाना था। वास्तव में, यह इंदिरा गांधी की सत्ता को बचाने की रणनीति थी। रातों-रात विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी शुरू हो गई। जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे प्रमुख नेताओं को जेल में डाल दिया गया। प्रेस पर सख्त सेंसरशिप लागू की गई। अखबारों को सरकार की अनुमति के बिना कुछ भी छापने की इजाजत नहीं थी। कई समाचार पत्रों ने विरोध में खाली पन्ने छापे, लेकिन सत्ता के दबाव में ज्यादातर को झुकना पड़ा।



यह वह समय था जब प्रेस, जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया। इस सेंसरशिप ने जनता को सच्चाई से दूर रखा और सरकार की मनमानी को बढ़ावा दिया। नागरिक स्वतंत्रता का हनन आपातकाल का सबसे दुखद पहलू था। संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अन्य मूल अधिकारों को निलंबित कर दिया गया। मीसा (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) और डीआईआर (डिफेंस ऑफ इंडिया रूल्स) जैसे कठोर कानूनों का इस्तेमाल कर हजारों लोगों को बिना किसी ठोस कारण के जेल में डाल दिया गया। छात्र, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, और यहां तक कि सामान्य नागरिक भी इस दमन का शिकार बने। जेलों में अमानवीय हालात थे, और कई लोगों को यातनाएं दी गईं। बिना मुकदमे के हिरासत में रखना आम बात हो गई थी। यह वह दौर था जब भारत में डर का माहौल था, और लोग अपनी राय व्यक्त करने से डरने लगे थे। लोकतंत्र का यह दमन न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला था, बल्कि यह देश की आत्मा पर भी प्रहार था। इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की भूमिका ने आपातकाल को और विवादास्पद बना दिया।

संजय, जिनके पास कोई आधिकारिक पद नहीं था, ने सत्ता के केंद्र के रूप में काम किया। उनकी अगुवाई में नसबंदी अभियान को आक्रामक तरीके से लागू किया गया, जिसने लाखों लोगों, खासकर गरीब और हाशिए पर रहने वाले समुदायों, को प्रभावित किया। जबरन नसबंदी के मामले सामने आए, जहां लोगों को डर और दबाव में यह प्रक्रिया करवानी पड़ी। यह अभियान मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन था। संजय गांधी ने न केवल नीतियों में हस्तक्षेप किया, बल्कि दिल्ली में स्लम उन्मूलन और ब्यूटीफिकेशन के नाम पर गरीबों के घरों को तोड़ा गया, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए। यह सत्ता का वह दुरुपयोग था, जो आपातकाल की क्रूरता को और उजागर करता है। आपातकाल के दौरान संविधान में किए गए बदलावों ने लोकतंत्र की नींव को और कमजोर किया। 42वां संशोधन, जिसे 'मिनी संविधान' कहा जाता है, सत्ता को और केंद्रीकृत करने का प्रयास था।

50 साल बाद, आपातकाल हमें यह सिखाता है कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए सतर्कता जरूरी है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए जो कदम उठाए, उन्होंने न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया, बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ा। प्रेस की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकार, और न्यायपालिका की स्वायत्तता—ये सभी लोकतंत्र के आधार हैं, और आपातकाल ने इन पर गहरा आघात किया। आज, जब हम सूचना और तकनीक के युग में हैं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सत्ता का दुरुपयोग न हो। आपातकाल की कहानी हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्र केवल नेताओं का नहीं, बल्कि जनता का है, और इसकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ...जब लोकतंत्र बना 'बंदी' और संविधान की हुई 'हत्या'

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 25 जून 1975 का वो काला दिन एक कालिख की भांति अमिट रहेगा। जब देश में बेवजह आपातकाल की घोषणा की गई एवं लोकतंत्र को बंदी बनाकर संविधान की हत्या कर दी गई।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

12 जून 1975 को जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द किया एवं देशभर में उनके इस्तीफे की मांग होने लगी तो एकाएक 24 जून को इंदिरा गांधी ने संवैधानिक परंपराओं के बिलकुल विपरीत जाकर आंतरिक आपातकाल के लिए अनिवार्य परिस्थितियों के अभाव में ही मात्र अपने अहंकार एवं प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए तानाशाही रवैया अपनाते हुए आपातकाल की घोषणा की एवं अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालने का क्रम आरंभ करके कार्यपालिका, विधानपालिका न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता पर भी सेंसर लगाकर न मात्र संविधान को रौंद डाला अपितु भारत के लोकतंत्र को बंदी बनाकर इंदिरा इज इंडिया इंडिया इज इंदिरा का विमर्श चलाकर यह साबित कर दिया कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कांग्रेस उस ग्रहण की भांति याद रखे जाने योग्य है।

आपातकाल के दिनों में समस्त मौलिक अधिकारों को निरस्त कर न्यायालय के अधिकार छीन लिए जाना एवं प्रेस पर सेंसरशिप लगाना इस बात का प्रमाण है कि इंदिरा का अहंकार सातवें आसमान पर था एवं देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति उनकी आस्था के शून्य का दैत्याकार संविधान सहित समूचे लोकतंत्र को निगल जाने के लिए आतुर था। जय प्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी ,आडवाणी राममनोहर लोहिया सरीखे नेताओं सहित लाखों विपक्षियों को जेल में बंद करना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस नेतृत्व की तात्कालिक विचारधारा में राष्ट्र, लोकतंत्र, नैतिकता एवं मूल्यों के लिए कोई स्थान नहीं था एवं इंदिरा गांधी की आत्मा में धृतराष्ट्र का प्रवेश होने के साथ साथ ही संजय रूपी दुर्योधन का भी जन्म भी हो चुका था और कांग्रेस के भीतर एक ऐसा वंशवादी बीज पनप उठा जिसकी छाया में आज तक कोई वृक्ष पनप नहीं पा रहा एवं आज भी कांग्रेस का आंतरिक लोकतंत्र घायल पड़ा है। देश की जनता ने तो संघर्ष एवं विवेक से लोकतांत्रिक व्यवस्था को संभाल लिया एवं इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंडिया के विमर्श को दो साल बाद हुए चुनाव में ध्वस्त कर दिया, परंतु कांग्रेस में एक स्थायी विमर्श खड़ा हो गया कि गांधी परिवार ही कांग्रेस और कांग्रेस फॉर गांधी ही भारतीय राजनीति का एक कटु सत्य है। आज जहां कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं वंशवाद के युवराज राहुल गांधी संविधान को हाथ में पकड़कर संविधान खतरे में है का विमर्श खड़ा करने का प्रयत्न कर रहे हैं, परंतु वो यह भूल गए हैं कि यह देश ठीक उस प्रकार कभी संविधान की हत्या को भूल नहीं सकता जिस प्रकार महाभारत में द्रौपदी चीर प्रकरण को नहीं भुलाया जा सकता और देश कभी भी कांग्रेस को उस अक्षम्य अपराध के लिए माफ नहीं कर सकता खासकर तब तक जब तक कांग्रेस वंशवादी प्रभुत्व से मुक्त होकर आंतरिक लोकतंत्र की स्थापना कर जन सामान्य के लिए नेतृत्व के अवसर पैदा कर यह स्वीकार न कर ले कि वास्तव में आपातकाल कांग्रेस द्वारा रचा गया वो लाक्षा गृह था।

जहां लोकतंत्र के चार स्तंभों सहित पांचवें संविधान अर्थात् पांच पांडवों एवं भारत माता रूपी कुंती को जिंदा जलाने का षड्यंत्र स्वयं कांग्रेस रूपी कौरव दल ने ही रचा था। भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष 25 जून को आपातकाल को काले दिन के रूप में स्मरण करते हुए यह जन चेतना बनाए रखना चाहती है कि कांग्रेस के भीतर परिवार का प्रभुत्व इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सदैव चिंतनीय है एवं भाजपाई लोकतंत्र ही वास्तव में लोकतंत्र के उच्च मानकों को प्रतिष्ठित करते हुए इस राष्ट्र की संवैधानिक अपेक्षाओं की पूर्ति का साधन है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# शिकारी माता-कमरुनाग पैदल ट्रैक पर ठहराव के लिए उम्दा पड़ाव

## देवदार के घने जंगल में देवीदढ़ का खुला मैदान बना पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, बड़ा देव कमरुनाग की बहन करती हैं निवास

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** समुद्र तल से करीबन 7800 फीट की ऊंचाई पर स्थित देवीदढ़ जिला मंडी का एक उभरता हुआ पर्यटन स्थल है। यह क्षेत्र पूरी तरह से देवदार के घने जंगलों से ढका हुआ है। लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न देवीदढ़ मैदानों की चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने के लिए बेहतरीन स्थल है। देवीदढ़ शिकारी माता और देव कमरुनाग के लिए एक प्रमुख ट्रैकिंग प्वाइंट भी है।

शिकारी माता यहां से मात्र आठ किलोमीटर की दूरी पर है। कमरुनाग पहुंचने के लिए यहां से पैदल ट्रैक के साथ ही संपर्क सड़कें भी हैं। हर साल हजारों प्रकृति प्रेमी यहां सप्ताहांत बिताने आते हैं। हिमाचल के अलावा पंजाब, हरयाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली से भी पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। चंडीगढ़ से आए दंपत्ति मीना एवं विद्या सागर ने बताया कि वे अकसर यहां घूमने आते रहते हैं। यहां का शांत वातावरण व स्वच्छ हवा उन्हें काफी भाती है। मंडी से आए गगनेश ने बताया कि गर्मी से राहत पाने यहां आए हैं। यहां ताजा हवा, मनमोहक नजारे और देवी दर्शन का आनंद मिला।

देवीदढ़ का नाम यहां स्थित माता मुंडासन से जुड़ा है। स्थानीय ग्रामीण नारायण सिंह बताते हैं कि दढ़ का शाब्दिक अर्थ मैदान होता है और देवी शब्द जुड़ने से इसका अर्थ हुआ देवी का मैदान। माता मुंडासन का एक छोटा सा मंदिर यहां स्थित है। बकौल नारायण सिंह देवी मुंडासन मंडी जनपद के आराध्य देव कमरूनाग की बहन मानी गई हैं। मेले के दौरान कमरूनाग जी के पुजारी पांच दिन यहां निवास करते हैं। एक मान्यता यह भी है कि चंड-मुंड संहार में मुंड को हराने पर देवी दुर्गा का नाम मुंडासन पड़ा और शेर पर सवार उनकी मूर्ति मंदिर में अवस्थित है।

### पार्क में ट्रैकिंग ट्रेल आदि स्थापित

**देवीदढ़** में निचले छोर पर बच्चों के लिए ट्रैकिंग ट्रेल, वाटर वोटिंग, झूले इत्यादि स्थापित किए गए हैं। सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। घास के मैदान से थोड़ा बाहर निकलें तो यहां से बहते पहाड़ी नाले के किनारे टहलना एक अलग अनुभव देता है। नाले पर बना पुराना पुल हर किसी को आकर्षित करता है। थोड़ी ऊंचाई पर शिकारी माता मार्ग से और भी मनमोहक नजारे देखे जा सकते हैं।



देवदार के घने जंगल में देवीदढ़ का खुला मैदान।

### सुलभ दामों पर होमस्टे की अच्छी सुविधा

**यहां** ठहरने के लिए होमस्टे की अच्छी सुविधा सुलभ दामों पर मिल जाती है। प्रदेश सरकार होम स्टे सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम भी उठा रही है, जिससे सैलानियों को ठहरने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही होम स्टे संचालकों को भी लाभ सुनिश्चित हो रहा है। पर्यटक देवीदढ़ में वन विश्राम गृह में भी ठहर सकते हैं। उन्हें आस-पास के ग्रामीण जीवन को और नजदीक से जानने-समझने का भी मौका मिलता है। स्थानीय लोगों को इससे आमदन भी अच्छी हो जाती है। चाय-स्नैक्स का ठेला लगाने वाले डूम राम बताते हैं कि वे सीजन के दौरान एक दिन में दो से तीन हजार रुपए कमा लेते हैं।

# एनएच निर्माण में अनियमितताओं पर दर्ज करवाई ऑनलाइन शिकायत

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सामाजिक कार्यकर्ता ने की अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी की मांग**

**सरकाघाट।** एनएच के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही और घटिया गुणवत्ता के आरोपों को लेकर धाड़ता क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ने संबंधित निर्माण कंपनियों और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने सरकाघाट थाना में ऑनलाइन शिकायत संख्या 12250036072500017 के माध्यम से गावर निर्माण कंपनी, एलएन मालवीया परामर्श कंपनी, सूर्या निर्माण कंपनी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भूतल परिवहन मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि इन कंपनियों और अधिकारियों की लापरवाही जनता की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की है कि दोषी व्यक्तियों और संस्थाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस की वेबसाइट पर सीधे प्राथमिकी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, इसलिए उन्होंने ऑनलाइन शिकायत के रूप में यह कदम उठाया है। अब अपेक्षा है कि पुलिस इस शिकायत को औपचारिक प्राथमिकी में परिवर्तित करेगी। सामाजिक कार्यकर्ता ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को दंडित नहीं किया जाता, तब तक वे इस मुद्दे को लगातार उठाते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोठी और हरलोट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई. राज सिंह पराशर ने बताया कि 26 जून को 11 केवी चोलथरा एचटी तारों का आवश्यक रखरखाव व इनके आसपास लगते पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का कार्य किया जाना है, जिस कारण 11 केवी चोलथरा के तहत आने वाले क्षेत्र बासी, कोठी, हरलोट, भटवान, रसैन, गलू, मोरगलू, कंडयोल, बग्गर नाला, टेला लटेहरा, भलवान और आस-पास के क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### लाइनों की मरम्मत के चलते दो दिन पावर कट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-दो, मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि 25 व 26 जून को विद्युत अनुभाग सौली खड्ड व रंधाड़ा के अधीन आने वाले क्षेत्र में उच्चतम आवेग की लाइनों की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों को काटने का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के दृष्टिगत 25 जून को सुबह 9.30 बजे से सायं 5 बजे तक सौली खड्ड अनुभाग के श्रृंगार होटल, होटल मंजुल, रिवर बैंक, औद्योगिक क्षेत्र, नेला, शिल्पकोफिर, बनोट, बिन्द्रावनी जबकि 26 जून को रंधाड़ा अनुभाग के गांव रंधाड़ा, गजनोहा, अलाथू, तांदी, पतरोंग, रत्ती पुल, घेरा, जोल्ला तथा आसपास के क्षेत्र में बीच-बीच में बिजली बंद रहेगी।

### सनातनी ग्रंथों का किया जा रहा गुणगान

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सनातन धर्म से संबंधित धार्मिक ग्रंथों की विस्तृत जानकारी के दृष्टिगत एक बार फिर प्रचारक दल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच जाकर पवित्र ग्रंथ गीता सहित अन्य तमाम वैदिक प्रचार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विश्वविख्यात धार्मिक संस्थान इस्कान मंदिर से जुड़े युवा प्रचारक भजन कीर्तन करते हुए सनातनी ग्रंथों का लगातार गुणगान कर रहे हैं। नाचन विधानसभा क्षेत्र की धार्मिक एवं ऐतिहासिक ग्राम पंचायत महादेव के यहां इस प्रचारक दल ने विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों से संपर्क कर खासतौर पर हिंदुओं यानि सनातन धर्म के लोगों को धर्म संबंधी भव्यता एवं दिव्यता को लेकर प्रकाश डाला। यह भी देखने को मिला कि लोगों ने भी स्वयं आगे आकर साध संगत को अंगीकार किया और धर्म के मार्ग पर चलने का अपना संकल्प भी दोहराया, वहीं धार्मिक कार्यक्रम करवाने में दो कदम आगे रहने वाली श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सेवा समिति महादेव ने भी इस प्रचारक दल को सर आंखों पर बिठाया।

### मछली के अवैध शिकार पर वसूला 7 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मत्स्य मंडल मंडी की सहायक निदेशक नीतू सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा जिला में वर्जित काल में अवैध रूप से मछली पकड़ने तथा उसका व्यापार करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार सांय वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तेज राम के नेतृत्व में एक टीम द्वारा ब्यास नदी व सुकेती खड्ड में अवैध रूप से मछली का शिकार करते हुए 5 लोग पकड़े गए तथा उनसे मौके पर ही जुर्माने के तौर पर 7 हजार रुपये की राशि वसूल की गई। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में वर्जित काल में मछली पकड़ने के दस मामले पंजीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे अवैध मछली शिकार व व्यापार करने से बचें तथा दूसरों को भी ऐसा न करने के लिए जागरूक करें। यदि उनकी नजर में अवैध मछली पकड़ने का कोई मामला आता है तो वे इसे बारे विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित करें ।

### 200 वरिष्ठ नागरिकों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** समाज सेवा और मानवता के उत्कृष्ट मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए बेटा राम फाउंडेशन ने मंगलवार को लडभड़ोल तहसील की ग्राम पंचायत लडभड़ोल के प्रांगण में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाना था। शिविर का समापन प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने किया। उनके पहुंचने पर बेटा राम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर और अन्य सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के 15 अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों की गहन स्वास्थ्य जांच की। मौके पर ही जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

### बच्चों के विकास के लिए संस्कार जरूरी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी के थुजी गांव के समाजसेवी व पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान और कथयाडू गांव के शिवभक्त तेजमल ठाकुर ने पाठशालाओं में संस्कार और अध्यात्मिक विषयों की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों का पूर्ण विकास तभी संभव है, जब उन्हें प्रारंभ से ही नैतिक और अध्यात्मिक शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में भले ही गणित, विज्ञान, अंग्रेज़ी, हिंदी, संस्कृत आदि विषयों की पढ़ाई प्रमुखता से हो रही है, लेकिन बच्चों को यदि जीवन के मूल्यों, आंतरिक ज्ञान और आत्मिक विकास की शिक्षा नहीं दी जाएगी तो शिक्षा अधूरी मानी जाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि पहली कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक संस्कार और अध्यात्म जैसे विषयों को नियमित रूप से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए, जिससे भावी पीढ़ी एक सशक्त, सजग और संस्कारित समाज का निर्माण कर सके।

### राजगढ़ में बच्चों को बताया रक्तदान का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्यया के आदेशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अभिलाषा सेन ने की। खंड स्वास्थ्य शिक्षक ज्वालामुखी सुरेश चंदेल ने बच्चों को रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि रक्तदान से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति 18 से 60 वर्ष की आयु में रक्तदान कर सकता है और एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। कार्यक्रम के दौरान भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। भाषण में कशिश, राधिका, आंचल और शिवम को स्थान मिला, जबकि पेंटिंग में अदिति, कनिष्का, संस्कृति और खुशी विजेता रहीं। प्रतिभागियों को रजिस्टर देकर प्रोत्साहित किया गया।

### नशा निरोधक दिवस पर कार्यक्रम कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 26 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नशा निवारण पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता भी करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम स्थल से मुख्य अतिथि द्वारा स्कूली विद्यार्थियों की एक रैली को भी रवाना किया जाएगा जो लोगों को नशा निवारण पर जागरूक करेगी। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी समीर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह, राजकीय वल्लभ कॉलेज के सहायक प्रोफेसर रतन ठाकुर सहित अन्य संबंधित विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# बारिश से सरकाघाट-धर्मपुर सड़क बाधित, कई स्थानों पर भू-स्खलन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** में भारी वर्षा के चलते सोमवार को सरकाघाट-धर्मपुर-नेरी-जोगिंद्रनगर सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन हो गया। जगह-जगह हुई स्लाइडिंग के कारण यह मुख्य मार्ग कई घंटों तक बंद रहा, जिससे वाहन चालकों और आम यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



बारिश से खड्ड पर बना लकड़ी का पुल क्षतिग्रस्त।

धर्मपुर के चलाल, कैंची मोड़, सरोहली और कांडापतन जैसे क्षेत्रों में बड़े स्तर पर लैंडस्लाइड हुआ, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई लोग समय पर अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच पाए, जबकि कुछ स्कूल और कार्यालय जाने वाले भी फंसे रहे। एनएच निर्माण कंपनी और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। करीब चार से पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को आंशिक रूप से बहाल किया जा सका। हालांकि, कुछ स्थानों पर अब भी फिसलन और मलबा जमा होने से खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे स्थायी सुरक्षा उपाय किए जाएं ।

# पटड़ीघाट-गैहरा-चंदैश सड़क बंद

## पहली ही बारिश में पूरी तरह बंद हुई सड़क, तीन पंचायतों के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट-गैहरा-चंदैश सड़क वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है इस सड़क पर तीन पंचायतों के हजारों लोग निर्भर हैं।



पहली ही बारिश में पटड़ीघाट-गैहरा-चंदैश सड़क वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद हो गई।

स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधी चंद, उपप्रधान बीरी सिंह, ग्राम पंचायत गैहरा के प्रधान रूप लाल, अनंत राम, सीता राम, सुरेश कुमार, जोगिंद्र पाल, रत्न चन्द, राकेश आजाद, सुरेंद्र कुमार, मित्र देव, गुरु देव, नरेंद्र कुमार, ओम चंद, चुनी लाल आदि लोगो का कहना है कि दो वर्ष पहले अगस्त 2023 में पटडीघाट पंचायत के ज्वाली गांव में भारी लैंडस्लाइड के कारण लगभग 100 मीटर सड़क पूरी तरह से बह गई थी। लोक निर्माण विभाग ने उस समय वाहन चलाने के लिए सड़क को अस्थायी तौर पर खोला था, परंतु आज लगभग ढाई वर्ष बीत जाने के बाद यह सड़क इस बार भी बरसात की पहली बारिश में यह सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है।

लोक निर्माण विभाग ढाई वर्ष बीतने के बावजूद भी इस स्थान पर कोई डंगा और सोलिंग तक नहीं लगा सके है। जिस कारण यह सड़क थोड़ी से बारिश में भी बंद हो जाती है परंतु आजकल तो बरसात के मौसम में तो यह सड़क छोटे व बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद हो जाती है और यह सड़क कई जगहों पर धंस चुकी है, जिस कारण हर समय हादसे का भय बना रहता है। अगर रात के समय कोई बीमार हो जाए तो उसे अस्पताल पहुंचाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस सड़क को छोटे-बड़े वाहनों के लिए सड़क को खोल दिया जाए।

इस बारे में अधिशासी अभियंता सरकाघाट हितेश शर्मा ने बताया कि मैं खुद मौके का निरक्षण करूंगा व इस सड़क के कन्वर्ट और डांगों के टैंडर लगाए जाएंगे।

# घटिया निर्माण बना खतरा; हुक्कल स्कूल पर गिरी एनएच की दीवार, लोगों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** क्षेत्र में घटिया निर्माण की आशंका आखिरकार सच साबित हुई। धर्मपुर के हुक्कल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) विस्तार के दौरान बनाई गई करीब 20 फीट ऊंची डंगे की दीवार मंगलवार सुबह भारी बारिश के चलते भरभरा कर गिर गई। यह दीवार हुक्कल मिडिल स्कूल की दो कक्षाओं और बरामदे पर गिरी, जिससे भवन को भारी क्षति पहुंची है। दीवार के नीचे आए मलबे से स्कूल का रास्ता भी पूरी तरह तबाह हो गया है और बच्चों की पढ़ाई ठप हो गई है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने बीते तीन माह में घटिया निर्माण को लेकर प्रशासन, पुलिस और एसडीएम से कई बार शिकायत की थी। 11 अप्रैल को एसडीएम को, जबकि 2 जून को दुबारा शिकायत दी गई। 13 जून को एसडीएम धर्मपुर ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदारों को कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन यह सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया। बीआरएन कंपनी द्वारा यह ठेका दो स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों को सबलेट किया गया था, जिन्होंने कच्ची मिट्टी पर ही डंगा खड़ा कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इन्हें स्थानीय विधायक का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब एसडीएम जोगिंदर पटियाल ने 24 घंटे के भीतर मलबा हटाने और स्कूल मार्ग व भवन की मरम्मत के आदेश दिए हैं। परंतु बनाल, हवानी, बरोटी, बनेरडी समेत दर्जनभर गांवों के लोग अभी भी डर के साये में हैं।



हुक्कल स्कूल पर एनएच की दीवार गिरने से रास्ता पूरी तरह तबाह।

# पाड़छु में निर्माणाधीन पुल गिरने पर सियासत तेज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**भाजपा प्रवक्ता ने रहस्यमयी चुप्पी पर उठाए सवाल**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र के पाड़छु में गावर कंपनी द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-03 पर स्थित इस पुल का निर्माण शटरिंग तकनीक के स्थान पर अवैध रूप से खड़ में मिट्टी भरकर किया गया, जिसका स्थानीय जनता व विपक्ष ने पहले ही विरोध किया था।

बावजूद इसके न कंपनी ने चेतावनी मानी व न प्रशासन ने संज्ञान लिया। अब शुरुआती बरसात में जलस्तर बढ़ने से खड्ड में पानी का बहाव रुक गया, जिससे पीछे का हिस्सा जलमग्न हो गया। इसी जलभराव में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र गासीयां माता मंदिर डूबने की कगार पर है। साथ ही मिट्टी पर खड़े किए गए पुल का भारी ढांचा ढह गया, जिससे गावर कंपनी की लापरवाही और तकनीकी विफलता उजागर हुई है। इस पूरे घटनाक्रम पर भाजपा प्रवक्ता राजीव आर्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पहले तो विधायक ने कंपनी के खिलाफ खूब बयान दिए, एफआईआर तक करवाई, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रहस्यमयी चुप्पी साध ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं कोई सौदेबाजी तो नहीं हुई? राजीव आर्य ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि गावर कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गासीयां माता मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह स्थान श्रद्धा व आस्था का केंद्र है और विभाग की लापरवाही से अगर इसकी सुरक्षा को खतरा पहुंचता है, तो स्थानीय लोग आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

### किसान सभा का प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के पाड़छु में निर्माणाधीन पुल गिरने और भारी बारिश के चलते गासियां खड्ड में आया जलभराव अब बड़े खतरे का संकेत बन गया है। खड्ड में रुके पानी से गासियां माता मंदिर और मोक्षधाम डूब चुके हैं। माकपा नेता और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने मंडी प्रशासन से अविलंब राहत एवं बचाव दल भेजने की मांग की है, ताकि जलनिकासी व मलबा हटाने का कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने पुल निर्माण में लगी गावर और सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनियों के प्रबंधकों की गिरफ्तारी की भी मांग की है। भूपेन्द्र सिंह ने चेताया कि अगर रुका हुआ पानी मलबा बहा कर नीचे ले गया तो शिवदवाला से लेकर धर्मपुर तक तबाही मच सकती है। हिमाचल किसान सभा इस मुद्दे पर आज, 25 जून को घटनास्थल पर प्रदर्शन करेगी। सभा के अध्यक्ष रणताज़ राणा, सुरेश शर्मा, देशराज पालसरा समेत कई नेताओं ने पुल निर्माण में अनियमितताओं की बात दोहराई है। आरोप है कि बिना अनुमति खड्ड में मलबा डाल कर शटरिंग की गई, जिससे निर्माणाधीन पुल ढह गया।

# खड्ड पर डाली नालियों से गुजरते थे लोग, हटाने पर बढ़ी मुश्किल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** टिकरू-भालारिहड़ा को सैंथल पड़ैन होते हुए चौंतड़ा से जोड़ने वाली सड़क पर बरसात शुरू होते ही वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। इस सड़क पर खड्ड पार करने के लिए कोई पुल नहीं बनाया गया था, बल्कि पानी की निकासी के लिए खड्ड में अस्थायी रूप से पाइपें डाली गई थीं। अब जैसे ही बरसात शुरू हुई, लोक निर्माण विभाग ने ये पाइपें हटा दी हैं, जिससे यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है।

ग्राम पंचायत मैन भरोला के उपप्रधान संजय जम्वाल ने बताया कि इस सड़क का निर्माण शुरू होते समय ही उन्होंने विभाग से पुल बनाने की मांग की थी, लेकिन विभाग ने इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। अब स्थिति यह है कि न केवल वाहन, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों को भी इस मार्ग से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपप्रधान ने चिंता जताई कि इस सड़क निर्माण से प्राचीन महात्मा जुलाई नाथ जी की तपोस्थली, उनकी कुटिया को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बरसात में भी कुटिया को नुकसान पहुंचा था, लेकिन विभाग ने केवल छुटपुट डंगे बनाकर औपचारिकता पूरी कर दी। कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर महात्मा जी की कुटिया को और नुकसान होता है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह लोक निर्माण विभाग की होगी।

# जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स पर लगे युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** जल शक्ति विभाग ने थुनाग में आउटसोर्स पर लगे युवाओं को बाहर का रास्ता दिखाया है और यह युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। करीब 3 साल से जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स में अपनी सेवाएं दे रहे कई युवाओं को अब नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। एक और विभाग अपनी गलतियों पर पला झाड़ते हुए कंपनी को दोष दे रही है तो दूसरी और आउटसोर्स से निकल गए कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग ने उनके साथ छल किया है और उनके भविष्य को अंधेरे में डाल दिया है।

> **आउटसोर्स** कर्मचारी पहले क्लीज बेट कंपनी द्वारा रखे गए थे, जिन्होंने दूसरी बार टेंडर नहीं भरा, इसलिए पहले कंपनी द्वारा रखे गए कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। आजकल नई कंपनी नाईलेट शिमला से है इनके द्वारा 21 कर्मचारी जल शक्ति विभाग थुनाग में रखे गए हैं। आउटसोर्स कर्मचारी की नियुक्ति विभाग ने अंकों के आधार पर की है।
>
> **-संदीप कांत, एक्सईएन, जल शक्ति विभाग, थुनाग।**

जल शक्ति विभाग ने वर्ष 13-8-2019 में आउटसोर्स में रखे गए पंप ऑपरेटर, बेलदार, डाटा ऑपरेटर की नियुक्ति, जो कि स्वयं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई जिसमें के प्रदेश में लगभग 1571 लोगों को रोजगार मिला था। उस वक्त जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स पर कर्मचारियों के रखने का ठेका शिमला की एक कंपनी क्लीनवेट को दिया था। विभाग द्वारा द्वारा 31-12-2022 बिना सूचना के सभी आउटसोर्स कर्मचारी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

जल शक्ति विभाग पर आरोप लगाते हुए डिंपल व सोहनलाल ने बताया कि जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स पर सिलेक्ट उम्मीदवारों की दो बार लिस्ट निकाली गई। नाम में हेरा फेरी की गई और विभाग से आरटीआई भी मांगी गई है परंतु विभाग उन्हें जानकारी देने में आना-कानी कर रहा है।

जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता संदीप कांत ने इस बारे में बताया कि आउटसोर्स पर रखे गए कर्मियों की नियुक्ति नियमा अनुसार हुई है फिर भी अगर जो पिछले 3 सालों से आउटसोर्स पर कार्य कर रहे कर्मचारी रह गए हैं उनकी नियुक्ति भी जल्दी ही विभाग खाली हो रहे पदों पर करेगा।

# सरसों तेल फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में सरकारी डिपुओं में फूड लाइसेंस रहित मिलावटी सरसों तेल की आपूर्ति को लेकर बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा और माकपा ने कांग्रेस सरकार पर इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों दलों का कहना है कि बिना फूड लाइसेंस के तेल की सप्लाई कर जनता की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है और सरकार की इसमें मिलीभगत है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अजय चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास नागरिक आपूर्ति विभाग होने के बावजूद इतनी बड़ी अनियमितता हुई, यह गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कलकत्ता की यूनिवर्सल गोल्ड, बद्दी की हिम एग्रो इंडस्ट्री और पंजाब की हरि संस कंपनी ने मिलकर हज़ारों फर्जी तेल के पाउच हिमाचल में पहुंचाए और आबकारी व खाद्य सुरक्षा विभाग मूकदर्शक बना रहा। उन्होंने इस मामले की सीआईडी या न्यायिक जांच की मांग की। वहीं, माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने सरकार पर पैसे के खेल में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी डिपुओं में केवल मान्यता प्राप्त कंपनियों के उत्पादों को ही शामिल किया जाए। उन्होंने मांग की कि डिपुओं में इनकी सूची चस्पा की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# चौहार व छोटाभंगाल घाटी में विकास ठप

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश सरकार को सत्ता संभाले लगभग ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन चौहार घाटी और छोटाभंगाल घाटी में विकास कार्यों की गति अत्यंत धीमी बनी हुई है। इन क्षेत्रों के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की बाट जोह रहे हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि यहां न तो अब तक मुख्यमंत्री का दौरा हुआ है और न ही किसी विभागीय मंत्री ने इन घाटियों की सुध ली है। केवल विधायकों के औपचारिक दौरे हो रहे हैं, जिससे जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। घाटीवासियों की मांग है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां के सरकारी विभागों में खाली पद तुरंत भरे जाएं, बरोट स्थित सीएचसी को सिविल अस्पताल का दर्जा दिया जाए और डीनोटिफाई किए गए आईटीआई केंद्र को दोबारा नोटिफाई किया जाए।

**अनदेखी** जायका योजना के तहत चयनित कूहल दो सालों से लंबित, धान की फसल पर मंडराया खतरा

# कूहल का निर्माण न होने से सिंचाई संकट से जूझ रहे किसान

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली के अंतर्गत मसौली और छत्तर गांव के किसान इस समय गंभीर सिंचाई संकट से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में धान की रोपाई का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन खेतों तक पानी न पहुंचने से किसान बेहद परेशान हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध न होने के चलते धान की फसल पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

स्थानीय किसानों ने बताया कि वे वर्षों से पारंपरिक कूहलों के माध्यम से अपने खेतों की सिंचाई करते आ रहे हैं, लेकिन अब ये कूहलें जर्जर हो चुकी हैं और बारिश न होने की स्थिति में खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता। नतीजतन, किसान पूरी तरह वर्षा जल पर निर्भर हो गए हैं, जो कि अनिश्चित और जोखिमपूर्ण विकल्प है। मौसम की अनियमितता के चलते कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि मसौली और छत्तर गांवों में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जायका योजना के अंतर्गत दो वर्ष पूर्व सर्वेक्षण किया गया था। उपयुक्त भूमि चिन्हित कर ली गई थी, लेकिन अब तक शिलान्यास तक नहीं हो पाया है। दो वर्षों से किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन कार्य की शुरुआत न होने से वे हताश हो चुके हैं।



छत्तर गांव में सिंचाई पाइपों की खस्ताहालत से किसानों को हो रही परेशानी।

किसानों के अनुसार यह कूहल सिर्फ मसौली और छत्तर ही नहीं, बल्कि धरूं, कोंसल, ढकरैला, बनाई और लिंकरोड जैसे गांवों को भी लाभ पहुंचाएगी। इससे सैकड़ों बीघा कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और किसानों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकेगी। इस योजना से क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सकती है। ग्रामीण किसानों ने खंड परियोजना अधिकारी और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि इस बहुप्रतीक्षित कार्य को अब प्राथमिकता दी जाए और जल्द कूहल निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

किसानों ने पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं की निष्क्रियता पर भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की है कि पंचायत और विभागीय अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य आरंभ करवाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सतपाल राजयादा ने पूछा देवीलाल का कुशलक्षेम



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल राजायदा ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निदेशक देवीलाल सांडिल से मिलकर उनका स्वास्थ्य और कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर उनके साथ जिला मेडिकल अधिकारी संजीव वर्मा भी साथ में थे। गौरतलब है कि देवी लाल सांडिल पेट की इंफेक्शन के चलते पिछले 4 दिन से ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती थे । सीएमओ डॉ संजीव वर्मा ने बताया कि उनकी स्थिति सामान्य है। इस अवसर पर राजायदा अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से भी मिले और असुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

### बाबा बालकनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस 30 को

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल की सोहारी पंचायत के बलदोह गांव में बाबा बालक नाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष पर 30 जून को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि बाबा बालक नाथ के मंदिर में स्थापना दिवस के उपलक्ष पर गुरु महाराज श्री नारायण पुरी जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर मंदिर के सेवकों और स्थानीय लोगों ने मिलकर भव्य आयोजन की रूपरेखा बनाई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के लिए आवेदन 7 तक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना अंब के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 4 और सहायिकाओं के 7 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। कार्यकारी सीडीपीओ अंब कुलदीप कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन सादे कागज पर भर के 7 जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय अम्ब में जमा करवा सकते हैं। कुलदीप कुमार ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र छपरोहिए, स्तोथ, प्रतापनगर-1 और कटोहड़ खुर्द-2 में आंगनवाडी वर्करों का 1-1 भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र अरनवाल, झोला भटोला, सारड़ा, वधमाणा-1, मिरगु (अमोकला प्रीतम), सेरी-1 और थनीकपुरा में सहायिकाओं का 1-1 पद भरा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन पदो के लिए साक्षात्मकार 9 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अंब में होगा।

### अम्बेहड़ा में प्राकृतिक खेती पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, ऊना।** अम्बेहड़ा धीरज पंचायत के उपगांव अम्बेहड़ा रामकिशन में कृषि विभाग आत्मा परियोजना विकास खंड बंगाणा द्वारा प्राकृतिक खेती के विषय पर एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 किसानों ने भाग लिया व प्राकृतिक खेती के बारे मे जाना। यह शिविर नेहरू युवक मण्डल अम्बेहड़ा के प्रांगण में संपन्न हुआ। आतमा परियोजना कृषि विभाग बंगाणा की सीआरपी सोनिका देवी ने किसानों को बताया कि अपने खेतो में रासायनिक जहरीली वस्तुओं के छिड़काव से कैंसर जैसे रोगों ने विकराल रूप ले लिया है। हमें इन जहरीली वस्तुओं का छिड़काव अपने खेतों में न करके प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा, तभी हम खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर राज कुमार, सीआरपी सोनिका कुमारी, रजनी कुमारी, नेहरू युवक मंडल के प्रधान नवनीत शर्मा, सचिव अजय शर्मा, रिशव शर्मा, आशीष शमा व अन्य कृषक मौजूद रहे।

### जिले में बढ़ रही अवैध गतिविधियों पर चिंता जताई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश चेयरमैन नव बैंस ने प्रदेश में बढ़ रहे अवैध धंधों पर चिंता जताई है। उन्होंनेकहा कि दिन-प्रतिदिन प्रदेश की युवा पीढ़ी जुआ, सट्टा, अवैध माइनिंग की अवैध कार्यो की ओर बढ़ रही है, जिस कारण प्रदेश का माहौल खराब होता जा रहा है। इस प्रचलन से गरीब घरों के बच्चों का अधिक नुकसान पहुंच रहा है। उधर, सोमभद्रा नदी को खनन के कारण नुकसान पहुंच रहा है । महासभा ने कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस कारण महासभा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अवैध धंधों के खिलाफ उचित कदम नहीं उठाया तो आने वाले समय में उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### टकोली बेहलां खड्ड मस्यानी पर 17 वर्ष बाद बने डैम का विधायक ने किया शुभारंभ

# खेतों तक पहली बार पहुंचा पानी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



2008 में स्वीकृत हुए डैम का 17 वर्ष के बाद शुभारंभ होने पर लोगों ने जताई खुशी।

**बंगाणा।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव बलदोह में किसानों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। टकोली बेहलां खड्ड मस्यानी पर वर्ष 2008 में स्वीकृत हुए डैम का 17 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस डैम के शुरू होने से बलदोह गांव के खेतों में पहली बार सिंचाई के लिए पानी पहुंचा है, जिससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

यह डैम वर्ष 2008 में तत्कालीन धूमल सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था, उस समय सीपीएस वीरेंद्र कंवर ने इस परियोजना को स्वीकृति दिलवाई थी। डैम के निर्माण पर 11 करोड़ की लागत आई, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता व राजनीतिक अस्थिरता के चलते यह योजना वर्षों तक अधूरी पड़ी रही। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने क्षेत्र की जनता की इस पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए डैम परियोजना को प्राथमिकता दी।

मुख्यमंत्री सुक्खू को इस मुद्दे से अवगत करवाया गया, जिन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए डैम को चालू करवाने की स्वीकृति दी और आवश्यक धनराशि भी मुहैया करवाई। स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक बबलू का आभार जताते हुए कहा कि यह डैम अब उनके जीवन की दिशा बदल देगा। इससे उनकी खेती में सुधार होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**दूसरे चरण में पांच पंचायतों की करीब 5500 कनाल भूमि को मिलेगा पानी :** टकोली बेहला चैक डैम के पहले चरण में बलदोह गांव के खेतों तक पानी पहुंचाया गया है। वहीं दूसरे चरण में सोहारी, टकोली, जोल, चौकी मनियार सहित करीब पांच पंचायतों के हजारों किसानों की लगभग 5500 कनाल भूमि सिंचित की जाएगी। स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने जानकारी दी कि क्षेत्र की पेयजल समस्याओं को हल करने के लिए जलशक्ति विभाग मंडल अंब के अधिशाषी अभियंता होशियार सिंह जस्सल एवं उनकी टीम ने अथक मेहनत की है। उनके अनुसार चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के लिए 35 करोड़ की पेयजल योजनाओं की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। आने वाले समय में ये योजनाएं लोगों को पीने के पानी की गंभीर समस्या से राहत दिलाएंगी।

जनता ने सवाल उठाया कि 2008 में स्वीकृत इस सिंचाई योजना को इतने वर्षों तक शुरू क्यों नहीं किया गया। इस पर विधायक बबलू ने कहा मुझे इसके कारणों की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन जब हमने जनता की मांग को मुख्यमंत्री के सामने रखा, तो उन्होंने बिना देरी किए इसे स्वीकृति दी। हम क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए हर समय तत्पर हैं।

#### सीएम और स्थानीय विधायक का जताया आभार

**सोहरी** पंचायत के बलदोह गांव के किसानों और आसपास की पंचायतों के लोगों ने इस योजना को शुरू करवाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सरकार का धन्यवाद किया है। किसानों ने कहा कि इस डैम से उन्हें हर सीजन में फसल उगाने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। जल शक्ति विभाग मंडल अम्ब के अधिशाषी अभियंता होशियार सिंह जस्सल के नेतृत्व में विभाग की टीम ने इस डैम को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आषाढ़ महीने के मंगलवार को चिंतपूर्णी में उमड़े श्रद्धालु



श्रद्धालुओं की लाइनें पुराने बस स्टैंड के पास से दर्शनों के लिए लगी रहीं।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में आषाढ़ महीने के मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर 1ः00 बजे तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन पुराना बस स्टैंड को पार करती हुई संतोष होटल के पास तक पहुंच गई। श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किए श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन के तय नियमों के अनुसार डबल लाइन व्यवस्था के तहत दर्शन प्राप्त करके अपने मनोकामना की अरदास की। इंद्रदेव की मेहरबानी से मौसम में ठंडक रही, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से काफी राहत मिली।सुरक्षा में तैनात होमगार्ड और एक्स सर्विसमैन के जवान सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवानों और एक्स सर्विसमैन के जवानों ने श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया, ताकि श्रद्धालुओं को सरल और सुगम दर्शन प्राप्त हो सके।

मंदिर प्रशासन की तैयारियां मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधा प्रदान करना ही मंदिर प्रशासन का एकमात्र कार्य है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण विषयों और प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है, जो कि अंतिम चरण में है।

## लठियाणी पंचायत में खराब सोलर लाइटों को जल्द ठीक करने की उठाई मांग

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



क्षतिग्रस्त सोलर पैनल जिसको मुरम्मत की दरकार है।

**लठियाणी।** बंगाणा उपमंडल की लठियाणी पंचायत में सोलर लाइटों के खराब और टूटे होने के कारण स्थानीय लोगों को रात के समय बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांवों, बाजार और मुख्य रास्तों में लगी सोलर लाइटें काफी समय से बंद हैं, जिससे अंधेरे में राहगीरों को बहुत ही मुश्किल हो रही है, विशेषकर बरसात के इस मौसम में लोगों को रात के समय रातों पर अंधेरे में चलना खतरे से खाली नहीं है। पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा उर्फ पौणु एवं उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर एवं पंचायत के सभी सदस्यों ने कहा कि सोलर लाइटें की मुरम्मत के लिए संबंधित विभाग को अवगत करवा दिया है। उन्होंने कहा कि यह समस्या गंभीर है और इसे जल्द हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पंचायत समिति सदस्य (लठियाणी-तनोह वार्ड) जोगिंदर देव आर्य ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में सोलर लाइटों के खराब होने से लोगों को रात के समय काफी दिक्कतें हो रही हैं। यह समस्या जल्द हल करवा दी जाएगी। स्थानीय निवासी रमेश चौधरी ने बताया कि उनके गांव में भी दो से तीन सोलर लाइटें काफी समय से बंद हैं, जिससे गांव में अंधेरा होने के कारण लोगों को रात के समय बहुत कठिनाई होती है।

स्थानीय दुकानदारों रणजीत सिंह, विनोद शर्मा, पंकज कुमार,जगमोहन सिंह, जोगिंदर सिंह, मनीष कुमार डोह, शोकी, राकेश कुमार एवं अन्य सभी ने बताया कि लठियाणी बाजार में भी लगी सोलर लाइटें टूट चुकी हैं या खराब हो चुकी हैं। ग्रामीणों और दुकानदारों ने कहा कि सोलर लाइटों की मुरम्मत या प्रतिस्थापन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द करवाया जाए।

## रिश्वत लेने वाले एसआईटी का एक सदस्य भाजपा नेता का नजदीकी : रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में हुए चर्चित जुएबाजी प्रकरण में अब एक नया मोड़ आ गया है। सदर ऊना से कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने इस मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के दो कर्मचारियों पर रिश्वत लेने का तथ्यों सहित गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने निलंबित एसआईटी के दोनों सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस प्रकरण की विजिलेंस जांच की मांग की है। रायजादा ने कहा कि मेहतपुर में जुएबाजी के मामले में पकड़े गए 14 लोगों में से दो को एसआईटी से जुड़े दो पुलिसकर्मी नितिन और वीरेंद्र ने डरा धमकाकर पंजाब ले जाकर उनसे दो लाख वसूले हैं। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि इनमें से एक पुलिसकर्मी का संबंध भाजपा नेता से है और भाजपा को इस पर जवाब देना चाहिए।

इस मामले में पुलिस ने फिलहाल दोनों आरोपित कर्मियों को सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया है। सतपाल ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा इस मामले को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास कर रही है, जबकि असली सवाल एसआईटी कर्मियों की भूमिका और भाजपा से उनके संबंधों पर उठता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता सतपाल सत्ती कांग्रेस पर अवैध खनन को लेकर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि अब अवैध खनन अधिक हो रहा है या उनके शासनकाल में साथ ही उन्होंने संतोषगढ़ में पकड़ी गई रेत से भरी ट्रॉलियों और रजत चब्बा नामक व्यक्ति की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

## दियोली में पेड़ों की टहनियों से टकराते हैं वाहन, विभाग बना मूकदर्शक

**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान**



जोखिम : पेड़ से टकराती बिजली की लाइनें।

**घनारी।** किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने लिए सरकार व प्रशासन विभिन्न दिशा-निर्देश विभागों को देता है, लेकिन विभाग उन पर कितना ध्यान देते हैं, इसकी कलई गगरेट दौलतपुर चौक सड़क के किनारे दियोली में सड़क के ऊपर आरपार पेड़ के टहनियों से लगती हुई जाती बिजली की सप्लाई लाइन की तारों का गुजरने से खुल रही है।द वहीं, जिला प्रशासन द्वारा मानसून सीजन के चलते व्यापक व्यवस्था में सुधार के निर्देश दे चुका है।

बता दें कि पेड़ों की टहनियां कई बार टकराने के कारण वाहनों को नुकसान पहुंचा रही हैं, वहीं किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बढ़ा रही हैं। वहीं इन पेड़ों के टहनियों से वाहनों के टकराने से मकान को खतरा बना हुआ है। इस बारे प्रबुद्ध वर्ग ने कहा कि इस बारे कई बार पंचायत व विभागों को सिर पर मंडरा रहे खतरे को उचित कार्रवाई कराकर जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की है और साथ ही साथ इन पेड़ों के साथ बिजली तारें भी खतरा बनी हुई हैं, लेकिन जनसुरक्षा को लेकर किसी भी विभाग ने गंभीरता से कार्रवाई की ओर ध्यान नहीं दिया ह । इस बारे में गांव के प्रधान पूर्ण ने कहा की सड़क किनारे रह रहे परिवार ने बताया था और जो उचित कार्रवाई होगी, जल्द की जाएगी। इस बारे वन विभाग के भरवाईं रेंज अधिकारी पूर्ण चंद का कहना है कि अभी तक किसी भी पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क से अभी जुड़ी समस्या को लेकर कोई पत्र व्यवहार नहीं किया है। पीडब्ल्यूडी एसडीओ गगरेट दिनेश जसवाल ने कहा कि सड़क के किनारों पर पेड़ वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

वहीं, इस बारे दियोली पंचायत प्रधान पूर्ण चंद ने कहा कि वार्ड 3 के लोगों ने मौखिक रूप से समस्या बताई थी लेकिन लिखित रूप से आते ही विभाग को लिखा जाएगा। इस बारे बिजली विभाग के जेई दीपक कुमार का कहना है कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है अगर ऐसा है तो जल्द ही इस पेड़ की टहनियों को काट दिया जाएगा।

## पुलिस ने टैक्सी चालकों से नशे के खिलाफ मांगा सहयोग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



पुलिस अधिकारी टैक्सी यूनियन के सदस्यों के साथ विभिन्न मुद्दों पर बैठक करते हुए।

मंगलवार को थाना प्रभारी चिंतपूर्णी जयराम शर्मा ने विशाल टैक्सी यूनियन चिंतपूर्णी के टैक्सी चालकों के साथ बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। थाना प्रभारी ने टैक्सी चालकों से नशा बेचने वाले लोगों को पकड़ने के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि 'नशे को मात देंगे एक साथ' के स्लोगन के तहत सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई नशा कारोबारी की सूचना देता है, तो पुलिस उसका नाम गुप्त रखेगी।

इस बैठक में एएसआई महिंदर सोनी, ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा, एएसआई राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र खन्ना, टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेंद्र ठाकुर और अन्य टैक्सी चालक उपस्थित रहे।

**टैक्सी चालकों को लॉग बुक और पैसेंजर लिस्ट बनाने के निर्देश**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने चिंतपूर्णी के टैक्सी चालकों को निर्देश दिए कि वे अपनी टैक्सी में लॉग बुक और पैसेंजर लिस्ट जरूर बनाएं। इससे वे नशे के कारोबार में शामिल लोगों को पहचान सकेंगे और अपनी सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

**दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील :** इसके अलावा, थाना प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की और नाबालिग बच्चों को बिना लाइसेंस के स्कूटर या मोटरसाइकिल न देने की सलाह दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई नाबालिग बच्चा बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके माता-पिता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान :** थाना प्रभारी ने बताया कि 23 जून से 30 जून तक पुलिस उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ड्रंक एंड ड्राइव, फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटेगी। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## बरसात से पहले नगर निगम की तैयारी अधूरी, नहीं की सफाई : पुष्पा देवी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने उठाए सवाल

मुहाने पर खड़ी बरसात ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों को अभी से बरसात के दिनों में जलभराव की चिंता सतानी शुरू हो गई। नगर निगम ऊना द्वारा समय रहते नालों की सफाई नहीं करवाई जा सकी है, ऐसे में आने वाले दिनों में ऊना शहर के लोगों को जलभराव की समस्या गहराने की आशंका बढ़ गई है। नगर परिषद ऊना की पूर्व अध्यक्ष व पार्षद पुष्पा देवी ने कहा कि हर साल बरसात के दिनों में नालों की सफाई करवाई जाती है, लेकिन इस बार नालों की सफाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न इलाकों में नालों की हालत बद से बदतर बनी हुई है। गंदगी, प्लास्टिक और मलबा जमा होने के कारण पानी का बहाव पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। इस बारे में स्थानीय लोग भी उनसे कई बार गुहार लगा चुके है, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुष्पा देवी ने बताया कि वार्ड नंबर 1, 5, 9, वार्ड नंबर 10, 11 रामपुर एरिया में बड़े-बड़े नाले हैं, जिन्हें हर साल बरसात से पहले जेसीबी के साथ साफ करवाया जाता था, लेकिन अब नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा मिल चुका है, लेकिन इस बार नगर निगम के अधिकारियों द्वारा इन नालों की सफाई के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि अगर जल्द नालों की सफाई नहीं करवाई गई तो पहली ही बारिश में दुकानों व घरों में पानी घुसने का खतरा पैदा हो जाएगा। इसके अलावा शहर की विभिन्न गलियों में गहरे गड्ढे पड़ चुके है, जो कि हादसों का कारण बन रहे है। लोग लगातार ऐसी समस्याएं लेकर उनके पास आ रहे हैं, इसलिए नगर निगम के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, अन्यथा नगर निगम को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

## युक्तिकरण की अधिसूचना पर किया विरोध दर्ज

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान**



स्कूल शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों से मिलते हुए लेक्चरर संघ के सदस्य।

**गोंदपुर बनेहड़ा।** शिक्षा विभाग द्वारा 100:1 की पीटीआर के आधार पर युक्तिकरण की अधिसूचना पर त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष अजय नेगी के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, सहायक निदेशक दस जमा दो जीवन नेगी, सहायक निदेशक प्रशासन बीआर शर्मा तथा संयुक्त निदेशक जगदीश नेगी से मिला तथा इस अधिसूचना पर अपना विरोध दर्ज किया। राज्य प्रधान अजय नेगी, राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा, पूर्व प्रदेश प्रधान लोकेंद्र नेगी ने कहा कि पांच से कम संख्या वाले विषयों में 25 प्रतिशत परीक्षा परिणाम की शर्त हटाने, वाणिज्य प्रवक्ताओं के दोनों पदों को निरंतर रखने जैसी प्रवक्ताओं की अन्य मांगों पर भी प्रवक्ता संघ का पक्ष सभी अधिकारियों के समक्ष संपूर्ण तर्क के साथ रखा गया।

प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य अध्यक्ष अजय नेगी के अतिरिक्त, संघ संरक्षक लोकेंद्र नेगी, राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, महासचिव इंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरजीत सिसोदिया, राज्य मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर, राज्य वेव सचिव भूपेश नेगी, जिलाध्यक्ष सिरमौर डॉ. आईडी राही, जिला अध्यक्ष शिमला देवेंद्र लक्टू, जिला अध्यक्ष मंडी महेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सोलन जयलाल जलपैक, महासचिव शिमला आकाशदीप, महासचिव सिरमौर दिनेश शर्मा, महासचिव सोलन हेमंत शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य विवेक मेहता, जितेंद्र ठाकुर सहित अन्य राज्य एवं जिला प्रतिनिधि शामिल हुए। यह जानकारी प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने दी। यद्यपि निदेशक विद्यालय शिक्षा ने स्वीकार किया कि एक शिक्षक द्वारा 100 विद्यार्थियों को एक ही कक्षा में पढ़ाए जाने से गुणात्मक शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। अत: एक कक्षा को दो सेक्शन में बांटा जा सकता है। इस पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि किसी भी विषय के केवल एक पद सृजित होने के कारण विद्यार्थियों के अनिवार्य तथा ऐच्छिक विषयों की संख्या तथा दैनिक समय सारिणी के मद्देनजर एक कक्षा को दो सेक्शन में विभाजित कर पाना किसी भी प्रकार से व्यावहारिक अथवा संभव नहीं होगा। अत: निदेशक ने इस विषय पर निदेशालय की संबंधित शाखा के अधिकारियों तथा प्रवक्ता संघ के प्रतिनिधियों के साथ पुन: ओपचारिक बैठक कर चर्चा का आश्वासन दिया।

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को मशवरा दिया कि अपनी सभी मांगों पर सभी तथ्यों को समायोजित कर तर्कसंगत एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर निदेशालय भेजें तथा उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी अवगत करवाएं ताकि उस पर विचार विमर्श के बाद एक सकारात्मक प्रस्ताव सरकार को भेजा जा सके।

## हिमाचल प्रांतीय हरे कृष्ण मिशन करवा रहा तीर्थ यात्राएं, मिलेगा धर्म लाभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रांतीय हरे कृष्ण मिशन द्वारा भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव एवं श्रावण मास के शुभ अवसर पर विभिन्न तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। मिशन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना और श्रद्धालुओं को विभिन्न पावन स्थलों के दर्शन कराना है। मिशन द्वारा आयोजित यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत 26 से 29 जून तक श्री मथुरा-वृंदावन धाम की यात्रा से होगी, जिसमें पावन तीर्थों एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का दर्शन शामिल है।

इसके अतिरिक्त 27 जून को हमीरपुर में एकदिवसीय लोकल स्तर पर विशेष स्नान एवं दर्शन के साथ रथयात्रा महोत्सव मनाया जाएगा। इन यात्राओं की बुकिंग 24 और 25 जून तक की जाएगी। इसके बाद 11 से 16 जुलाई तक प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे त्रिलोकीनाथ, वशिष्ठ मंदिर, मणिकर्ण, मार्कंडेय, संकट मोचन, तारादेवी, कालका देवी, मनसा देवी, कुरुक्षेत्र व अन्य स्थानों की यात्रा होगी। वहीं, 18 से 24 जुलाई तक पांवटा साहिब, सहस्त्रधारा, नीलकंठ महादेव, हरिद्वार, शुकताल, मथुरा और वृंदावन आदि पवित्र स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। 26 जुलाई से 10 अगस्त तक श्री जगन्नाथ पुरी, मायापुर धाम, प्रयाग, चित्रकूट, काशी, अयोध्या धाम, नेमिषारण्य 88 हजार ऋषियों की धरती नेपाल, काठमांडू, पशुपति नाथ और अन्य प्रमुख तीर्थों की यात्रा होगी। इन यात्राओं की बुकिंग की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। सभी यात्राएं वातानुकूलित गाड़ियों द्वारा संचालित होंगी।

वहीं, 24 से 31 अगस्त तक राधा रानी के प्राकट्य स्थल रावल सहित वृंदावन के प्रमुख स्थलों का दर्शन कराया जाएगा। किसी भी प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना की स्थिति में मिशन उत्तरदायी नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु 78339-90972 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मेहनत | बंगाणा के उपरली बॉल में उगाए ड्रैगन फ्रूट, 3300 पौधों से इस वर्ष 4.5 लाख रुपए तक की आमदनी की उम्मीद

# 74 की उम्र में नवाचार की खेती, रोशन लाल ने रची आत्मनिर्भरता की कहानी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



दूसरों के लिए प्रेरणा बने रोशन लाल अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ।

**ऊना।** कहते हैं हौसले उम्र नहीं देखा करते। ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल के उपरली बॉल गांव निवासी 74 वर्षीय रोशन लाल इसकी जीवंत मिसाल हैं। उन्होंने न केवल खेती के पारंपरिक ढर्रे को बदला, बल्कि ड्रैगन फ्रूट जैसी उन्नत और उच्च मूल्य की फसल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नवाचार की नई इबारत लिख दी।

वर्ष 2023 में जब रोशन लाल ने छोटे स्तर पर ड्रैगन फ्रूट की खेती का बीड़ा उठाया, तब यह क्षेत्र के लिए एक नया प्रयोग था, लेकिन आज 25 कनाल भूमि में लगाए गए ताइवान पिंक वैरायटी के 3300 पौधे फल देने लगे हैं और किसान की मेहनत रंग ला रही है। खेत से ही प्रति फल 80 से 100 रुपए में बिक्री हो रही है और इस साल उन्हें 4 से 4.5 लाख रुपए तक की आमदनी की उम्मीद है।

**एक पौधा-25 साल तक की आमदनी :** ड्रैगन फ्रूट औषधीय गुणों से भरपूर होता है, इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-एजिंग तत्व शामिल हैं, साथ ही यह स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर फल है, जो बाजार में ऊंचे दामों पर बिकता है। इसकी विशेषता यह है कि एक बार रोपित पौधा 25 से 30 वर्ष तक फल देता है, जिससे यह किसानों के लिए एक स्थायी आमदनी का स्रोत बन सकता है।

**मिश्रित खेती से बढ़ाया आर्थिक संतुलन :** रोशन लाल ने केवल ड्रैगन फ्रूट पर निर्भर न रहकर प्याज, लहसुन और प्याज की पनीरी जैसे फसलों की मिश्रित खेती भी अपनाई। पिछले वर्ष उन्होंने इससे 20 हजार रुपए की आमदनी अर्जित की, जबकि ड्रैगन फ्रूट की आंशिक बिक्री से 15 हजार रुपए का लाभ हुआ। यह बहुआयामी कृषि मॉडल सबके लिए एक सुंदर सीख है कि किस प्रकार समर्पण, ज्ञान और सरकारी योजनाओं के समुचित उपयोग से कोई भी किसान आत्मनिर्भर बन सकता है।

**उपरली बॉल क्षेत्र बन रहा है मॉडल बागवानी क्लस्टर :** बागवानी विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अगस्त 2023 में उपरली बॉल क्षेत्र में 8 प्रगतिशील किसानों के साथ फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन साइट स्थापित की गई। 18.75 लाख रुपए की परियोजना के तहत सीमेंट पोल, पौधरोपण, बाड़बंदी और गड्ढा निर्माण जैसे कार्य किए गए हैं। अब यह गांव ड्रैगन फ्रूट और सब्जी उत्पादन के समन्वय से एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रहा है।

#### सरकारी योजनाओं से मिली मजबूती

**रोशन** लाल का कहना है कि पहले जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान होता था, लेकिन अब बागवानी विभाग के सहयोग से स्थितियां सुधरी हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत उन्हें ड्रिप इरिगेशन सिस्टम 80 प्रतिशत अनुदान पर मिला है। इसके अतिरिक्त, विभागीय अधिकारी उन्हें समय-समय पर तकनीकी जानकारी, पोषण सलाह और फसल सुरक्षा उपाय प्रदान करते रहते हैं।

#### नवाचार से सशक्त हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था : डीसी

ऊना के डीसी जतिन लाल ने कहा कि ड्रैगन फ्रूट जैसी नवाचारी और उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक आत्मनिर्भरता को साकार करने में सहायक है। ऊना जिले में किसानों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में योगदान दे सकें।

# नाले में बाढ़ आने से ग्रांफू काजा मार्ग हुआ अवरुद्ध

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

केलांग। स्पीति घाटी में लोसर के समीप नाले में बाढ़ आने से ग्रांफू-काजा मार्ग अवरुद्ध हो गया है। स्पीति नदी भी उफान पर है, जिससे लोसर के पास बनाया अस्थायी पुल पार करना जोखिम भरा हो गया है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही रोक दी।

प्रशासन ने बाया कीमो व चिचलिंग होकर काजा की ओर वाहनों को आने-जाने की सलाह दी है। दूसरी ओर आज दोपहर बाद एनएच-505 पर लोसर-कुंजुम सड़क पर लोसर से लगभग 2 किलोमीटर दूर एक नाले में अचानक बाढ़ आने के कारण सड़क अवरुद्ध हो गई। इस घटना के कारण चार वाहन बाढ़ के मलबे में फंस गए। हालांकि, वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित स्थान में पहुंच गए हैं, लेकिन वाहन फंसे हुए हैं। बीआरओ सहित सड़क निर्माण में जुटी संबंधित निर्माण एजेंसी गर्ग कंपनी राहत कार्य में जुट गई है। एसडीएम काजा शिखा ने राहगीरों व पर्यटकों से आग्रह किया कि लोसर के पास बने अस्थायी पुल के बजाए बाया कीमो व चिचलिंग का रुख करें। उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही सफर करें।



स्पीति घाटी में लोसर के समीप नाले में बाढ़ आने से ग्रांफू-काजा मार्ग हुआ अवरुद्ध।

### चंद्रभागा नदी में अभी भी बनी है झील

**लाहौल** घाटी के जाहलमा नाले में बाढ़ का पानी कम हो गया है। पानी कम होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, नाले में पानी कम हो गया है, लेकिन तीन दिन बाढ़ में लगातार आए मलबे से चंद्रभागा नदी में झील अभी भी बनी हुई है। हालांकि, नदी ने अपना रास्ता बना लिया है, लेकिन लिंडूर गांव की पहाड़ी से आया भारी-भरकम मलबा नदी में आ पहुंचा है। जाहलमा की प्रधान कृष्णा देवी ने बताया कि मंगलवार को नाले में बाढ़ का पानी कम हो गया है, लेकिन नदी में झील अभी भी बनी हुई है।

# अनुराग पराशर को कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन शिमला की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन शिमला के चुनाव कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एमपी सूद की अध्यक्षता में हुए। इसमें कुल्लू के अनुराग पराशर को अध्यक्ष तथा ओपी कायस्था को महासचिव चुना गया।



डॉ. एमपी सूद को मुख्य संरक्षक तथा संजीव शर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया। डॉ. कविंद्र लाल एसोसिएशन के सलाहकार होंगे। मुरारी गौतम शास्त्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गुलपाल वर्मा को उपाध्यक्ष, जीवन को वित्त सचिव, उपमन्यु वर्मा को संयुक्त सचिव तथा नीरज को प्रेस सचिव चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष को एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों को चुनने का अधिकार भी दिया गया। इस अवसर पर कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन शिमला के नव निर्वाचित अध्यक्ष अनुराग पराशर ने सबसे पहले पुरानी कार्यकारिणी के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने विशेषकर अध्यक्ष डॉ. एमपी सूद व महासचिव संजीव शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन शिमला के पिछले लंबे कार्यकाल में जहां कुल्लू पीपुल्स एसोसिएशन शिमला के गठन की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। वहीं, अन्य कल्याणकारी कार्य भी किए गए। पिछली कार्यकारिणी ने शिमला में रहने वाले कुल्लू के लोगों से जुड़े अन्य कार्यों को करने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्तमान पदाधिकारियों को भविष्य में भी पुरानी कार्यकारिणी से मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से निर्णय अनुसार शेष कार्यों को क्रियान्वित करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इसमें कुल्लू जिले के आंतरिक व बाह्य सिराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों व मरीजों की सुविधा के लिए शिमला में कुल्लू भवन का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर एसोसिएशन के नवनियुक्त महासचिव ओम प्रकाश कायस्था ने एसोसिएशन के सदस्यों की मोबाइल टेलीफोन निदेशिका प्रकाशित करने की बात कही, ताकि शिमला में रहने वाले कुल्लू के लोगों को एक-दूसरे से संपर्क की बेहतर सुविधा मिल सके।

# पर्यटकों ने मारपीट का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान, मनाली। पर्यटन स्थल मनाली में हरियाणा से आए पर्यटकों ने स्थानीय लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पर्यटक प्रदीप कुमार ने मनाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रदीप कुमार महेंद्रगढ़ हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ मनाली घूमने आए थे। किराये की स्कूटी पर मनाली के टेलीफोन एक्सचेंज के पास पहुंचे, वहां ट्रैफिक जाम लगा था। जाम में फंसे कुछ लोकल लोगों ने उनसे स्कूटी आगे से हटाने को कहा। इस बात को लेकर उनकी बहस हुई। बहस मारपीट में बदल गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि लोकल लोगों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान प्रदीप की पत्नी के साथ उनकी चार माह की बेटी भी गिर गई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2), 352, 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अनुभवी चिकित्सक डॉ. सहाय का हमारे साथ जुड़ना सम्मान की बात: डॉ. ललिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



अभी हाल ही में जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में खुले रघुनाथ अस्पताल में जहां मरीजों को बेहतरीन सेवाएं मिल रही हैं। वहीं, अब अनुभवी चिकित्सक भी इस अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे ही एक सीनियर व अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. संजय सहाय भी अब रघुनाथ हॉस्पिटल, ढालपुर कुल्लू में सेवाएं देंगे।

मंगलवार को डॉ. सहाय ने ज्वाइन किया और रघुनाथ हॉस्पिटल के प्रबंधन एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ललिता बंसल द्वारा उनका स्वागत किया गया। डॉ. संजय सहाय पिछले 22 वर्षों तक कुल्लू वैली अस्पताल में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों मरीजों का सफल इलाज किया, सैकड़ों जटिल सर्जरियां कीं और लोगों के बीच एक बेहद विश्वसनीय, सरल और समर्पित डॉक्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने ऑर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट व ट्रॉमा केयर जैसे क्षेत्रों में महारत हासिल की है। कुल्लू और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उन्हें सिर्फ डॉक्टर नहीं, परिवार का हिस्सा मानते हैं। इस अवसर पर डॉ. ललिता बंसल (मेडिकल डायरेक्टर रघुनाथ अस्पताल) ने कहा कि डॉ. संजय सहाय जैसे अनुभवी विशेषज्ञ का हमारे साथ जुड़ना हमारे लिए एक सम्मान की बात है। हमारा उद्देश्य हमेशा से गुणवत्ता, करुणा और पहुंच योग्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा है। उनकी उपस्थिति इस लक्ष्य को और मजबूत बनाएगी। रघुनाथ हॉस्पिटल कुल्लू का एक आधुनिक और तेजी से उभरता मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो 24×7 अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, फार्मेसी और आपातकालीन सेवाएं प्रदान करता है। महिला रोग, बाल रोग, सर्जरी, मेडिसिन और अब हड्डी रोग में विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ यह अस्पताल कुल्लू क्षेत्र में लोगों के लिए एक भरोसेमंद चिकित्सा केंद्र बनता जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्फूर्ति योजना सशक्तिकरण में मददगार होगी साबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिले में पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान और कारीगरों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान के लिए निधि योजना (स्फूर्ति)के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है। केलांग में स्फूर्ति योजना पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। परंपरागत उद्योगों से जुड़े छोटे कारीगरों की आर्थिकी में सुधार और लघु उद्योगों का विकास स्फूर्ति योजना का उद्देश्य है। डीसी किरण भड़ाना ने बताया कि स्फूर्ति योजना लाहौल में महिलाओं के सशक्तिकरण में मददगार साबित होगी। उन्होंने स्फूर्ति योजना की समस्त टीम के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### बंजार में आज होगा किसान मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री, प्रोफेसर चंद्र कुमार बुधवार को बंजार में आयोजित किसान मेले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि किसान मेला प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। प्रवक्ता ने बताया कि मेले में कृषि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई तकनीकों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी और किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उधर, बंजार कांग्रेस ने बंजार विधानसभा चुनाव क्षेत्र के सभी किसानों और कांग्रेस पार्टी 24 बंजार से संबंधित सभी स्तर के निवर्तमान संगठन पदाधिकारियों, सदस्यों, फ्रंटल आर्गेनाइजेशन के प्रमुखों, कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों विस बंजार के सभी स्तर के जन प्रतिनिधयों, पूर्व जनप्रतिनिधियों कांग्रेस पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों उनकी टीम सहित विस बंजार के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ महिला युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बुधवार को कृषि मंत्री चंद्र कुमार कलाकेंद्र बंजार में 11 बजे कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि मेले बंजार में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। उनके साथ अध्यक्ष एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां भी उपस्थित रहेंगे।

### धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित की

**अनंत ज्ञान, सैंज।** कुल्लू के प्रवास पर पहुंची सांसद कंगना रनौत मंगलवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के सैंज दौरे पर पहुंची। सांसद बनने के बाद कंगना का बंजार विधानसभा क्षेत्र का यह पहला दौरा था। मेला मैदान सैंज लक्ष्मी-नारायण मंदिर प्रांगण में एक संवाद कार्यक्रम में सांसद बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं तथा मंडी संसदीय क्षेत्र में पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से मंडी संसदीय क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के अलावा गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को निशुल्क पोषण किट वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम के तहत जिले के करीब 20000 बच्चे व महिलाएं लाभान्वित होंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि विभाग को लाभार्थियों की पहचान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उधर, सैंज भाजपा मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर ने बताया कि सांसद दोपहर बाद करीब 2 बजे सैंज पहुंची। इससे पूर्व वह बंजार विधानसभा के शाढ़ाबाई में एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि सांसद का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया है।

### संघ की वर्षगांठ मनाने को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संघ कटराईं की कार्यकारिणी की विशेष बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष सितंबर माह में संघ की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व छात्र संघ के रजत जयंती समारोह को बड़े ही गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अधिकतर सदस्यों का कहना था कि अपने गठन से लेकर अभी तक के 25 वर्षों के शानदार सफर को मद्देनजर रखते हुए संगठन की गतिविधियों को दर्शाती स्मारिका का प्रकाशन किया जाए, इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। इसी के साथ-साथ संगठन में नए सदस्यों, खास कर महिला सदस्यों को संगठन से जोड़ने की कवायद को तेज करने का भी फैसला लिया गया। आगामी 9 जुलाई को कार्यकारिणी की एक अहम बैठक बुलाई जाएगी।

# जल्द बनकर तैयार होगा बिहाड़ी पुल लोगों को मिलेगी राहत: अनुराधा राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि धार्मिक पर्यटन स्थल त्रिलोकीनाथ के समीप बीहाड़ी पुल को बड़े वाहनों के लिए दुरुस्त करने का कार्य प्रगति में है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में पुल बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने मारबल गांव में बन रहे घाटी के आराध्य देवी-देवता 18 नाग के दरबार में माथा टेककर सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। विधायक ने मंदिर में चल रहे निर्माणाधीन भवन के कार्य का निरिक्षण किया। अनुराधा राणा ने आज ग्राम पंचायत तांदी के तांदी, सुमनम, बोक्टा, ले सुमनम, मरबल, गाडंग, मांलग गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने जनसमस्याओं को विभागीय अधिकारियों के साथ जाना। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सूक्खू के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति का चहुमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को वह हर समय प्रयासरत है। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी, समिति सदस्य भावना, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों के काटें चालान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला पर्यावरण योजना की प्रगति, पर्यावरण कानूनों के प्रवर्तन की जांच के लिए जिला पर्यावरण समिति, कुल्लू की बैठक अतिरिक्त जिला उपायुक्त, कुल्लू अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस मौके पर उन्होंने सभी हितधारकों को ठोस अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण व शहरी निकाय गीले व सूखे कूड़े का सही निष्पादन करना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में यहां साफ-सुथरे पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट पदार्थ की स्त्रोत पर ही पृथक्करण करने के लिए उचित कदम उठाएं तथा उन सभी जगह को, जहां लोग कूड़ा फेंकते हैं, स्वच्छ रखने के लिए प्रयास करें, जहां आवश्यक हो अहवेलना करने वालों के चालान करें, ताकि लोग खुले में कूड़ा फेंकने की आदत को रोक सकें। बैठक में उपमंडल अधिकारी कुल्लू निशांत ठाकुर, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सभी खंड विकास अधिकारी, नगर परिषद कुल्लू और मनाली, नगर पंचायत, भुंतर और बंजार, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पशुपालन , खनन , जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर सख्ती से पाबंदी लगाने के लिए चालान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-वेस्ट की कलेक्शन के लिए भी सभी नगर पंचायत में एक-एक दिन तय किए जाएं तथा लोगों को इस संबंध में जानकारी दी जाए, ताकि वह निर्धारित दिन में ई-वेस्ट को निर्धारित स्थान पर पहुंचा सकें।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार।

### उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना करने के निर्देश

**उन्होंने** लोगों द्वारा कूड़े की डंपिंग किए जाने वाले सभी स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने तथा उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना करने के भी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी ऐसे हॉट स्पॉट की पहले सफाई सुनिश्चित करें तथा उसके उपरांत लोगों को जागरूक करें कि इन स्थानों पर पुनः कूड़ा न फेंका जाए। उन्होंने घरेलू खतरनाक अपशिष्ट पदार्थ के निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

# एबीवीपी कुल्लू ने सीटें बढ़ाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई ने मंगलवार को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति को महाविद्यालय प्राचार्य के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। कुल्लू इकाई मंत्री मोनिका ठाकुर ने बताया कि यह ज्ञापन प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में परिषद ने बताया कि बहुत से विद्यार्थियों के दस्तावेज समय पर तैयार नहीं हो पाए हैं तथा कई छात्रों के परिणाम भी विलंब से आए हैं, जिससे उन्हें ऑनलाइन आवेदन भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिषद ने बताया कि सीमित सीटों के कारण अनेक योग्य छात्र प्रवेश से वंचित हो रहे हैं। अतः एबीवीपी ने मांग की है कि प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को कम से कम 3 दिन और बढ़ाया जाए, ताकि सभी विद्यार्थियों को अवसर मिल सके।

# विश्व धरोहर उत्सव का आज होगा समापन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्राप्त प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में, वन्यजीव विंग, हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा विश्व धरोहर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस उत्सव का बुधवार को समापन होगा। विश्व धरोहर उत्सव के समापन मौके पर तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री, राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। हर साल की तरह इस बार भी 21 जून से 25 जून तक ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में उत्सव मनाया जा रहा है। इस उत्सव के दौरान ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीर्थन रेंज शाईरोपा में पांच दिनों तक अनेक गतिविधियां और अन्य कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से आयोजित हो रहे हैं। बुधवार को तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री, राजेश धर्माणी इस उत्सव का समापन करेंगे।

# जानस गांव में भालू का बच्चा पहुंचा रिहायशी इलाके में, ग्रामीणों में दहशत

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** नित्थर की ग्राम पंचायत देहरा के जानस गांव में सोमवार शाम करीब पांच बजे एक भालू का बच्चा रिहायशी क्षेत्र में आ गया। माना जा रहा है कि वह अपनी मां से बिछड़ कर गांव तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने उसे जंगल की ओर भगाने की कई कोशिशें कीं, लेकिन वह बार-बार खेतों की ओर लौट आता रहा।

ग्रामीणों को यह डर सताने लगा कि कहीं मादा भालू अपने बच्चे को खोजते-खोजते गांव तक न आ जाए, जिससे खतरा और बढ़ सकता है। इसी डर के चलते ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में रेंज ऑफिसर सोहन लाल नेगी, मोईन बीट के फॉरेस्ट गार्ड तेजवीर सिंह और वन मित्र राजेश कुमार शामिल थे। उन्होंने बच्चे को पकड़ने की भरपूर कोशिश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू सफल नहीं हो सका। ग्रामीण नील चंद, विनोद कुमार, श्याम चंद और अन्य ने बताया कि गांव से सटे जंगलों में भालुओं की संख्या बहुत ज्यादा है। इसके अलावा तेंदुए भी अक्सर दिखाई देते हैं, जिससे स्थानीय लोग हर रोज सुबह-शाम डर के साये में घरों से बाहर निकलते हैं। रेंज ऑफिसर सोहन लाल नेगी ने कहा कि अंधेरा होने के कारण भालू के बच्चे को पकड़ना संभव नहीं हो पाया है, लेकिन वन कर्मियों ने पूरी कोशिश की। उन्होंने आशा जताई कि संभवतः बच्चा जंगल में लौटकर अपनी मां से मिल गया होगा। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जानस गांव और आसपास के क्षेत्रों में जंगली-जानवरों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि ग्रामीण भयमुक्त जीवन जी सकें।


# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी अटल टनल

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** विश्व प्रसिद्ध अटल टनल रोहतांग इन दिनों पर्यटकों की पहली पसंद बनती जा रही है।

इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना इस अटल टनल को देखने के लिए हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक मनाली पहुंचते हैं। टनल के दोनों और बर्फ से ढकी चोटियां पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करती हैं। वहीं, टनल के दूसरी तरफ लाहौल की ओर पर्यटकों को एक अलग ही दुनिया देखने को मिलती है। वहां के ऊंचे बर्फीले पहाड़ पर्यटकों को रोमांचित करते हैं। रोहतांग दर्रे के बाद अब अटल टनल पर्यटकों की पहली पसंद बन रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून से 22 जून के बीच 46824 वाहन अटल टनल से मनाली की ओर आए हैं, जबकि 30824 वाहन बाहर गए हैं। यानी कि केवल एक सप्ताह में कुल 77648 वाहन अटल टनल से आर-पार हुए हैं। रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों के यहां पहुंचने से यातायात व्यवस्था को बनाए रखना पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि, पुलिस ने पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया हुआ है फिर भी बर्फबारी के दौरान वाहनों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

बावजूद इसके पुलिस प्रशासन यहां कानून व्यवस्था को बनाए रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने का हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि पर्यटकों को कोई परेशानी न हो। लिहाजा, अटल टनल रोहतांग पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और कुल्लू-मनाली घूमने आने वाले पर्यटक अटल-टनल के दीदार के बिना अपने टूअर को अधूरा मानते हैं। यही कारण है कि जब से टनल बनी है, तब से अभी तक करोड़ों की संख्या में पर्यटक इसके दीदार के लिए यहां पहुंच चुके हैं। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों को यहां किसी भी तरह की दिक्कत पेश न आए इसके लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।




विश्व प्रसिद्ध अटल-टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल से बाहर निकलते वाहन।

**बागवानी में क्रांति** | कुल्लू में फलोत्पादक मंडल ने सराही विश्वकर्मा की मशीनें, बागवानों के लिए सब्सिडी पर जोर

# मैनुअल ग्रेडिंग मशीन डेमो से बागवान हो रहे लाभान्वित

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश में सफल एआई और मैनुअल ग्रेडिंग मशीन डेमो से बागवान लाभान्वित हो रहे हैं। विश्वकर्मा मशीन टूल्स पिछले 35 वर्षों से कृषि और विशेष रूप से बागवानी मशीनों के क्षेत्र में विश्वास, गुणवत्ता और नवाचार का प्रतीक बना हुआ है।

कंपनी ने भारत भर में हजारों किसानों और बागवानों को उच्च गुणवत्ता वाली ग्रेडिंग मशीनें, जेनसेट्स और खेती से जुड़ी अन्य तकनीकों के माध्यम से स्मार्ट फार्मिंग की दिशा में प्रेरित किया है। कंपनी के ब्रिलियंट कस्टमर, जो कई वर्षों से उनके साथ जुड़े हैं, उनकी मशीनों की टिकाऊ बनावट, तेज परफॉर्मेंस और आसान संचालन की खुले दिल से सराहना करते हैं। उनके फीडबैक ही विश्वकर्मा मशीन टूल्स की असली ताकत हैं, जो उन्हें निरंतर बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। हाल ही में, विश्वकर्मा मशीन टूल्स का एडवांस्ड ग्रेडिंग डेमो ट्रक हिमाचल प्रदेश के कई बागवानी-प्रधान गांवों जैसे मंडी, नग्गर, कीलोधर, चुराग, करसोग, महेंडली, जुब्बल और खड़ा पत्थर जैसे इलाकों में पहुंचा। यहां कंपनी ने बागवानों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मैन्युअल ग्रेडिंग मशीनों का लाइव डेमो दिखाया। इस पहल ने बागवानों को तकनीक से सीधे जोड़ने का काम किया, जिससे उन्होंने मशीन की कार्यप्रणाली को खुद देखा, समझा और अनुभव किया, जिससे उन्हें अपने उत्पादों की बेहतर ग्रेडिंग में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, पतलीकूहल में विश्वकर्मा मशीन टूल्स द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में किसान और बागवान पहुंचे और उनकी मशीनों का लाइव अनुभव लिया। इस तरह के आयोजनों से बागवानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जुड़ने का अवसर मिला, जिससे उनके श्रम और समय की बचत होगी।



कुल्लू जिले के माहिली में फलोत्पादक मंडल कुल्लू के अध्यक्ष प्रेम शर्मा के साथ विश्वकर्मा मशीन टूल्स के सदस्य।

### कुल्लू के फल उत्पादक मंडल ने सराही आधुनिक मशीनें

**बागवानों** के लिए सब्सिडी पर जानकारी एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम फलोत्पादक मंडल कुल्लू स्थित माहिली में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वकर्मा मशीन टूल्स की मशीनों का निरीक्षण किया और उनके कार्य की खुले दिल से सराहना की। इस अवसर पर बागवानों को यह भी बताया गया कि सरकारी सब्सिडी के माध्यम से कैसे वे इन मशीनों को किफायती दरों पर प्राप्त कर सकते हैं। इस जानकारी ने बागवानों को नई तकनीक अपनाने के लिए और भी जागरूक किया, जिससे उन्हें बेहतर उपज और अधिक आय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विश्वकर्मा मशीन टूल्स का एक ही लक्ष्य है हर किसान और विशेष रूप से हर बागवान तक आधुनिक तकनीक पहुंचाना, जिससे वह कम मेहनत में ज्यादा लाभ कमा सके और भारतीय कृषि, खासकर हिमाचल की बागवानी को एक नई ऊंचाई दी जा सके।

# बीए अंतिम वर्ष में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड के लिए वर्ष 2025 गौरवपूर्ण रहा, जब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीए अंतिम वर्ष परीक्षा के परिणाम में कॉलेज ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। कुल 41 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज में गुलशन पुत्र शेर सिंह ने 800 में से 673 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंकिता पुत्री खीमा राम ने 667 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। दो विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक, 11 ने 85 फीसदी से अधिक, 6 ने 80 फीसदी, 10 ने 75 फीसदी अन्य 10 ने 70 फीसदी अंक अर्जित किए। प्राचार्य डॉ. राजन देवी नेगी ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और मूल्यों का प्रमाण है। यह सफलता निरमंड कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# केंद्रीय मंत्री रिजिजू 28 को काजा में परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के दौरे को लेकर एसडीएम काजा अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू दो दिवसीय काजा के दौरे पर आ रहे हैं।

दो दिवसीय प्रवास के दौरान 27 जून को वह काजा पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू 28 जून को प्रातः 10 बजे क्रिकेट ग्राउंड काजा में हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आइस हॉकी रिंक और पवेलियन तथा स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं एसडीएम काजा शिखा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के काजा आगमन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों से चर्चा की गई है। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। बैठक में पुलिस उपअधीक्षक अजय भारद्वाज, खंड विकास अधिकारी अंशुल, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, नायब तहसीलदार मोहन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सलोगड़ा में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कूड़ा संयंत्र सलोगड़ा के कर्मचारियों ने पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना दी कि कूड़ा संयंत्र के समीप झाड़ियों के बीच एक व्यक्ति पेड़ से लटका हुआ है। इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम जल्द मौके पर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति झाड़ियों के बीच लटका पाया गया। इसके अतिरिक्त एसएफएसएल की टीम को मौका पर बुलाकर घटनास्थल व शव का निरीक्षण करवाया गया। उनकी पहचान ज्ञान चंद पुत्र हिम्मत सिंह निवासी गांव व डाकखाना मसेरन जिला मंडी किरायेदार गांव सलोगड़ा तह. व जिला सोलन उम्र 49 वर्ष के रूप में हुई है। मौका पर पुलिस टीम व एसएफएसएल की टीम द्वारा शव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर कोई भी चोट खरोंच के निशान न पाए गए, केवल गले में रस्सी के निशान पाए गए। शव जिस जगह पर लटका हुआ है, उसी स्थान के साथ नगर निगम का कूड़ा संयंत्र है, जिस कारण मृतक के शव पर मक्खियां लगी हुई थी। निरीक्षण करने पर शव 2/3 दिन पूराना लग रहा था। जांच पर पाया गया कि मृतक ज्ञान चंद अपने परिवार के साथ किराये के कमरे में रह रहा था और 21 जून को वह प्रातः के समय घर से निकला था। मृतक ने करीब 9.00/9.15 बजे अपने छोटे बेटे जो चंडीगढ़ में रह रहे हैं उनको फोन करके बताया कि शाम को घर आ जाना क्योंकि घर पर कल रिश्तेदार आ रहे हैं, लेकिन उसके बाद मृतक ने कोई भी फोन न उठाया। अभी तक की जांच पर पाया जा रहा है कि मृतक की मृत्यु फंदा लगाने के कारण हुई है, लेकिन फिर भी मामले में जांच प्राथमिकता के आधार पर हर पहलू पर जारी है।

### अवैध खनन करते 3 ट्रक पकड़े, वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के माजरा क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मजबूत संदेश दिया है। 23 जून की रात को वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने छापेमारी कर खनन सामग्री से लदे तीन ट्रकों को मौके पर ही पकड़ लिया। वन विभाग की इस फुर्तीली कार्रवाई में ट्रक मालिकों से 98,545 रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूल किया गया। अवैध खनन पर लगाम कसने के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि यदि ऐसे निष्ठावान और सक्रिय अधिकारी हर क्षेत्र में हों, तो अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी छापेमारी जारी रहेगी।

### धौलाकुआं व एपीएमसी मार्केट में खरीदे जाएंगे धान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला सिरमौर नरेंद्र कुमार धीमान ने बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा जिला सिरमौर में धान की खरीद के लिए दो धान खरीद केंद्र धौलाकुआं तथा एपीएमसी मार्केट यार्ड पांवटा साहिब का चयन किया गया है। इन स्थानों पर सरकार द्वारा जारी न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,389 रुपए प्रति क्विंटल पर ही धान (ग्रेड-ए) खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई किसान इन दो खरीद केंद्रों के अलावा किसी अन्य प्राइवेट खरीददारों को धान की बिक्री करते हैं, तो विक्रय किए गए धान के मूल्य के भुगतान संबंधी विवाद या अन्य किसी भी विवाद के लिए सरकार अथवा विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकार द्वारा धान खरीद के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं व अपनी धान की फसल को चयनित खरीद केंद्रों पर ही बेचें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला सिरमौर स्थित नाहन के दूरभाष संख्या 01702-222558 संपर्क कर सकते हैं।

### महिला हिंसा और महंगाई पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ददाहू में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की लोकल कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बढ़ती महिला हिंसा, महंगाई और जनसुविधाओं की बदहाली पर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की गई। बैठक में हाल ही में बस किराये में हुई बढ़ोतरी, सरकारी बस रूटों को बंद करने और स्वास्थ्य सेवाओं पर लगाए जा रहे सेवा शुल्क की निंदा की। समिति ने कहा कि इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। साथ ही रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि पर भी महिलाओं ने कड़ा रोष जताया। जनवादी महिला समिति की महासचिव संतोष कपूर ने जानकारी दी कि बैठक में आगामी 8 जुलाई को ददाहू में एक स्थानीय अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अधिवेशन में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, नशे की बढ़ती समस्या, ददाहू में खंड विकास कार्यालय खोलने की मांग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा रेणुका डैम और अन्य भूमि अधिग्रहण क्षेत्रों में मुआवजा वितरण में महिलाओं के अधिकारों को लेकर भी विचार-विमर्श होगा, खासकर उन महिलाओं के हक की बात होगी, जो ससुराल की जमीनों पर काम कर रही हैं, लेकिन जिनके नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं।

### नशे के खिलाफ अभियान में दें सहयोग


बखालग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता व शिक्षक।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की न्यायालय के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बखालग में नशे के दूरगामी प्रभाव के लिए पाठशाला के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। न्यायालय की तरफ से बतौर वक्ता एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को जागरूक किया व लोगों से अपील की कि सभी लोग इस मुहिम में न्यायपालिका, सरकार व प्रशासन का सहयोग करें व नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में अपना-अपना सहयोग दें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर, पाठशाला के प्रधानाचार्य ज्ञानचंद वर्मा, ग्राम पंचायत बखालग की प्रधान रूपदी ठाकुर व प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के सदस्य रोशन लाल, अध्यापक, कर्मचारी, एसएमसी कमेटी के सदस्य, समाजसेवी गोपाल चंदेल ने भाग लिया।

### माउंट एवरेस्ट फतेह कर कृतिका शर्मा लौटीं



**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल की बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों, तो दुनिया की कोई भी चोटी बड़ी नहीं होती। पांवटा साहिब की बेटी कृतिका शर्मा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) फतह कर भारत और हिमाचल प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। एवरेस्ट चढ़ाई से लौटने के बाद जब कृतिका पांवटा साहिब पहुंचीं, तो उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। शहर के वाई प्वॉइंट से एनसीसी की छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए रैली निकाली, जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। कृतिका पहले ही राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रह चुकी हैं और राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुकी हैं, अब पर्वतारोहण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में उन्होंने न केवल कदम रखा, बल्कि माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर देश की बेटियों के लिए नई राहें खोल दी हैं। कृति ने बताया कि एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान उन्हें ऑक्सीजन की कमी, -40 डिग्री की सर्दी और तूफानी हवाओं जैसी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# पाइप लाइन शिफ्ट, फुटपाथ निर्माण कार्य में आएगी तेजी

## अधर में पड़े निर्माण कार्य से राहगीरों को आ रही परेशानी, अवैध तौर पर वाहनों की पार्किंग भी परेशानी का सबब

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** शहर के सपरून में फुटपाथ और पार्किंग के निर्माण कार्य में बाधा बनी पेयजल पाइप लाइन को शिफ्ट करने का कार्य आखिरकार पूरा हो गया है, अब निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। दरअसल, फुटपाथ निर्माण के बीच में जल शक्ति विभाग की पाइप लाइन आने से यह कार्य काफी दिनों से लंबित है।

बरसात का मौसम शुरू होने से यहां लोगों को पैदल चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यहां पर अवैध तौर पर वाहनों की पार्किंग भी परेशानी का सबब बन रही है। जल शक्ति विभाग ने निर्माण में बाधा बनी पाइप लाइन को शिफ्ट कर लिया है, अब निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि सपरून में लंबे समय से फुटपाथ की मांग की जा रही है। पर इस कार्य में लगातार देरी हो रही है।


सोलन शहर के सपरून में फुटपाथ और निर्माणाधीन पार्किंग के बीच में आई पाइप को शिफ्ट करने का कार्य किया गया।

> सपरून में फुटपाथ निर्माण में आड़े आई पेयजल पाइप लाइन को शिफ्ट किया जा चुका है, अब फुटपाथ निर्माण में तेजी आएगी। कोशिश रहेगी कि फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा हो, ताकि स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी।
>
> **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पैदल चलना जोखिम भरा

**नगर** निगम ने फुटपाथ के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर करवाई है पर अभी 20 लाख रुपए की राशि निर्माण कार्य शुरू करने को मिली है। सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया। यहां फुटपाथ का निर्माण पूरा होने से राहगीरों को पैदल चलने में आसानी होगी। सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ के साथ अब स्लिप रोड और पार्किंग का भी निर्माण होगा।

### फुटपाथ निर्माण पर 20 लाख हो रहे खर्च

**सपरून** में फुटपाथ निर्माण को सरकार से 20 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। हालांकि, इस कार्य को पूरा करने के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर बनी है। फोरलेन की जद में आए फुटपाथ का नए सिरे से निर्माण के लिए स्थानीय सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी। कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिसे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड-1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जानजोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है, तो लोगों को जल्द पैदल चलने में आसानी होगी।

### ट्रक चालक रोपड़ से लापता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के सीमेंट उद्योग में ट्रांसपोर्टेशन द्वारा ढुलाई के कार्य से जुड़ा एक ट्रक चालक रोपड़ से अज्ञात लोगों द्वारा अगवा कर गायब करने का मामला सामने आया है। ट्रक परिवहन जगत से जुड़े पदाधिकारियों ने डीसी सोलन और अर्की प्रशासन से अनुरोध किया कि प्रशासन लापता ड्राइवर को ढूंढने में मदद करें। ऐसा ज्ञात हुआ है कि रोपड़ के पास कुछ लोगों ने मारपीट कर एक ड्राइवर को गायब कर दिया है। यह घटना पिछले एक हफ्ते से अधिक समय पहले हुई है, अभी तक उस ड्राइवर का कोई पता नहीं चल पाया है, अतः सभी ट्रांसपोर्टरों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वे पंजाब सरकार से बातचीत कर ड्राइवर को ढूंढने में मदद करें। ट्रांसपोर्ट्स जयदेव कौंडल, रामकृष्ण बंसल, वेद प्रकाश शुक्ला, जय सिंह, जगदीश ठाकुर, ऋषि राज गांधी, सुशील ठाकुर और कृष्ण चंद ने आशा जताई कि डीसी सोलन और अर्की प्रशासन उनके अनुरोध पर ध्यान देंगे और ड्राइवर को ढूंढने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन की मदद की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही ड्राइवर को ढूंढ लिया जाएगा।


पंजाब एंड सिंध बैंक ने 118वां स्थापना दिवस मनाय। स्थापना दिवस पर सोलन शाखा के बाहर हलवा बांटते हुए।

## पंजाब एंड सिंध बैंक ने स्थापना दिवस पर बांटा हलवा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पंजाब एंड सिंध बैंक ने मंगलवार को 118वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सोलन ब्रांच ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही पूजा-अर्चना कर हलवा बांटा।

शाखा प्रबंधक उपेंद्र सिंह नेगी ने इस दौरान ग्राहकों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब एंड सिंध बैंक देश के सबसे पुराने बैंकों में से एक है।

इसकी देश भर में 1700 ब्रांच बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि बैंक हॉउस लोन की एवज अन्य बैंकों के मुकाबले कम ब्याज पर ऋण प्रदान कर रहा है। साथ ही एफडी में भी अन्य बैंक से ज्यादा ब्याज दी जा रही है।

इसके अलावा सुपर सीनियर सिटीजन को भी डिपॉजिट में अतिरिक्त ब्याज दिया जा रहा है। नेगी ने ग्राहकों से बैंक में उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### टटियाणा में संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई ब्लॉक के टटियाणा गांव में एक युवक की संदिग्ध हालात में लाश मिलने से सनसनी फैल गई।

सूचना मिलने के बाद शिलाई पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन रवाना किया। एसएचओ शिलाई महिंद्र सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि लाश की शिनाख्त कुलदीप सिंह उम्र 30 साल निवासी गांव टटियाणा के रूप में हुई है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई भी शक जाहिर नहीं किया है। मौत के कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा। एसएचओ ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## सोलन में 4 ग्राम चिट्टे सहित तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन पुलिस लगातार चिट्टा सप्लायर की धर पकड़ में लगी है।

इस क्रम में पुलिस ने नाके के दौरान तीन लोगों को चिट्टा सहित गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम गश्त व अपराधाओं की रोकथाम के लिए सोलन शहर में मौजूद भी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी नंबर टी-03-5-एचपी-2200 बोलेरो आयुष होम स्टे के समीप खड़ी है, जिसमें रामेश्वर, अनिल, राम बहादुर नाम के तीन युवक सवार हैं, जो उक्त तीनों युवक आपसी मिलीभगत से बाहरी राज्यों से भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन सप्लाई करने के लिए लाए हैं, जो उक्त चिट्टे को वे सोलन शहर में युवकों को बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी में सवार तीन युवकों को करीब 4 ग्राम चिट्टा/हेरोईन सहित गिरफ्तार किया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। तीनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### भारत गठबंधन पर्वतीय राज्यों की संस्कृतियों को बचाने का करेगा काम : बलदेव राज सूद

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** भारत गठबंधन देश के पर्वतीय राज्यों की संस्कृतियों को बचाने के लिए काम करेगा।

यह बात भारत गठबंधन के संयोजक और भारत स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि विगत दिनों उत्तराखंड की राजनीति को एक दायित्व शील, जवाबदेही एवं पारदर्शिता बनाने और पर्वतीय राज्यों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर की स्थानीय संस्कृतियों को बचाने के लिए भारत गठबंधन ने बैठक और चिंतन शिविर आयोजित किया। इसमें उनकी अध्यक्षता में अध्यक्ष पर्वतीय महासभा जीवन चंद्र उप्रेती की उपस्थिति के साथ चार क्षेत्रीय राजनीतिक दलों एवं सक्रिय सामाजिक संगठनों ने मिशन उत्तराखंड 2027, पर सहमति दी। इस बैठक में उत्तराखंड 2027 समन्वय समिति का गठन किया गया और उत्तराखंड बचाओ, उत्तराखंड बसाओ की अवधारणा के साथ काम करने का निर्णय लिया। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की पहल पर हुई रामनगर की दो दिवसीय बैठक पार्टी के प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी एवं समाजसेवी चारू तिवारी ने संचालित की। बलदेवराज ने कहा कि भारत गठबंधन देश में सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए कार्यरत है। साल 1992 के संविधान के 73 और 74वें संशोधन में ग्राम सभा को तीसरी सरकार माना गया है, अब तक की सरकारों ने इसे लागू नहीं किया है। इसके लिए देशव्यापी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने पर्वतीय महासभा का विस्तार देश के सभी पर्वतीय राज्यों हिमाचल, जम्मू-कश्मीर आदि में करने की अपील की, ताकि सभी पर्वतीय राज्यों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा भारत गठबंधन मिशन उत्तराखंड 2027 का पूर्ण समर्थन करेगा।

### गोधन, नवगांव में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत 11 केवी एचटी फीडर नवगांव की मरम्मत व लाइन के नजदीक पेड़ों की टहनियों की काट-छांट करने का कार्य किया जाना है।

इसके चलते 25 जून को बिजली अनुभाग नवगांव और कंधर के अंतर्गत आने वाले गांव सन्याड़ी मोड़, जावी, सर, कोठी, मंगरूड़, गोधन, नवगांव, बुघार, पारनू, असलू, कंधर, बागा, बेरल, सकोर व इसके आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता दाड़लाघाट ई. विमल अत्रि ने लोगों से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम या अन्य किसी परिस्थिति के कारण तिथि और समय में परिवर्तन हो सकता है।

## बेंगलुरु राजभवन में बिखरे हिमाचली संस्कृति के रंग


बेंगलुरु में रहने वाले हिमाचली लोगों के संगठन हिमाचली-इन-बैंगलोर राजभवन बेंगलुरु में हिमाचली पारंपरिक परिधान में।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बेंगलुरु में रहने वाले हिमाचली लोगों के संगठन हिमाचली-इन-बैंगलोर ने राजभवन बेंगलुरु में हिमाचली संस्कृति का प्रदर्शन किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गोवा, गुजरात, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दी। हिमाचली समुदाय ने राज्य की समृद्ध संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत हिमाचल की विरासत, परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित एक प्रभावशाली भाषण से हुई। इसके पश्चात टीम शान-ए-हिमाचल द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य और टीम नमा हिल्स हार्मनी द्वारा प्रस्तुत हिमाचली लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनदीप, समीक्षा व रीना ने इन टीम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर बोलते हुए कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने सभी राज्यों की प्रस्तुतियों की सराहना की और इस प्रयास को सांस्कृतिक एकता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने विशेष रूप से (हिमाचली-इन-बैंगलोर) टीम को बधाई दी। साथ ही हिमाचल की ऊर्जावान, सजीव व समृद्ध संस्कृति की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में हिमाचली-इन-बैंगलोर टीम को 'राजभवन स्मृति चिन्ह' और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमाचली-इन-बैंगलोर के संस्थापक दिनेश राणा, सन्नी शर्मा, अश्विनी शर्मा, अनुराग धीमान ने कर्नाटक राजभवन प्रशासन और हिमाचली समुदाय का इस सफल आयोजन के लिए आभार जताया।

**आयोजन** जिला स्तरीय सतर्कता समिति व सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

## पूरक पोषण कार्यक्रम में 3,859 लाभार्थी चयनित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी कार्यालय नाहन के सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति तथा जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जिला सिरमौर में ग्रामीण स्तर पर 2,66,965 लाभार्थियों व शहरी स्तर पर 14,138 लाभार्थियों का चयन करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 31 मई तक ग्रामीण स्तर पर 2,33,681 तथा शहरी स्तर पर 10,896 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर डीआरडीए व समस्त खाद्य निरीक्षकों को शेष लाभार्थियों का चयन जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। बैठक का संचालन करते हुए जिला नियंत्रक सिरमौर नरेंद्र धीमान ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अन्तोदय अन्न योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को 18.800 कि.ग्रा. आटा व 15 किग्रा चावल प्रति कार्ड की दर से निशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। प्राथमिक गृहस्थियों जिनमें बीपीएल, तिब्बतियन शरणार्थी, अन्नपूर्णा राशन कार्ड धारक, वृद्धावस्था पेंशन, निशक्तता पेंशन तथा कुष्ठ रोग पेंशन धारक परिवारों को प्रति माह 2.800 किग्रा आटा व 2 किग्रा चावल प्रति व्यक्ति निशुल्क दिए जा रहे हैं। गरीबी रेखा से उपर अर्थात एपीएल श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को 14 किग्रा आटा 15 रुपए व 6 किग्रा चावल 13 रुपए प्रति किलो की दर से प्रति कार्ड राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। एक दिसंबर, 2024 से 31 मई, 2025 तक 6,399 मीट्रिक टन चावल तथा 11,386 मीट्रिक टन आटा जिले के पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि आईसीडीएस के माध्यम से पूरक पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान 3,859 लाभार्थियों का चयन कर 2,20,95,000 की राशि वितरित की गई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक 639 लाभार्थियों को 1,30,03,000 राशि प्रदान कर दी गई है। शिक्षा विभाग के माध्यम से मध्यान्ह भोजन योजना के अर्न्तगत 1462 स्कूलों के 56,259 बच्चों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन उपलब्ध करवाया गया है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जननी सुरक्षा योजना के तहत 1416 लाभार्थियों को 15,57,050 रुपए सहायता राशि प्रदान की गई। जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक करते हुए डीसी ने बताया कि जिला सिरमौर में वर्तमान में 133863 राशनकार्ड धारक हैं, जिन्हें 1 दिसंबर, 2024 से 31 मई, 2025 तक 64000.68 क्विंटल चावल तथा 113872.52 क्विंटल आटा, 14748.87 क्विंटल दालें, 6,88,908 लीटर खाद्य तेल, 14196.98 क्विंटल चीनी तथा 3802.83 क्विंटल नमक गुणवत्ता पूरक खाद्यान सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने जिले में उचित मूल्य की नई दुकानें खोलने बारे भी समीक्षा की। जिला नियंत्रक सिरमौर नरेंद्र धीमान ने बताया कि खाद्यानों की गुणवत्ता के लिए समय-समय पर नमूनों को एकत्रित कर निदेशालय को विश्लेषण के लिए भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि माह दिसंबर, 2024 से मई, 2025 तक 84 नमूनें विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए, जो कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए।


डीसी कार्यालय नाहन के सभागार में बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर।

### कोटला बरोग स्कूल में हिमाचली परंपरा संस्कृति व खान-पान की झलक दिखी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बरोग में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत एक भव्य स्थानीय व्यंजन महोत्सव का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया।

यह कार्यक्रम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूरी तरह से योजना बनाकर, सृजनात्मक रूप से सजाया गया था। इसमें हिमाचली परंपरा, संस्कृति तथा खान-पान की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दारो देवरिया के प्रधान देवेंद्र कंवर मुख्यातिथि रहे। उनके साथ विशिष्टातिथि के रूप में अभिभावकों व अन्य पंचायत सदस्यों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा पुरस्कार वितरण भी उन्हीं के कर-कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्थानीय खान-पान, परंपराओं और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्थानीय व्यंजन महोत्सव में लगभग 30 से अधिक पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से मीठे सिडडू, खीर पटांडे, घी शक्कर लुशके, गुलगुले, नमकीन सिडडू, तिल के लड्डू, आलू पूरी, कांगणी की खीर, मक्की की रोटी धिंधडे, चिलटे, घींडा, खोआ, जलेबी, बाकटे तथा अन्य स्थानीय पकवान शामिल रहे। विद्यार्थियों ने इन व्यंजनों को स्वयं अपने अभिभावकों व अध्यापकों की सहायता से तैयार किया और रंग-बिरंगे स्टालों पर उन्हें सजाकर प्रस्तुत किया। इस आयोजन के प्रभारी के रूप में हिंदी विषय के प्राध्यापिका रमा एवं भाषा शिक्षिका सुषमा कुमार ने विशेष भूमिका निभाई। इन दोनों शिक्षिकाओं ने न केवल आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की, बल्कि विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय स्टेट बैंक ने लगाया रक्तदान शिविर




**राकेश, अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय (आरबीओ), चंडीगढ़ ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सेक्टर 35बी, चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। एसबीआई इस वर्ष अपना 70 वां स्थापना दिवस मना रहा है, और इस उत्सव को मनाने के लिए, एसबीआई पूरे भारत में 70,000 यूनिट्स रक्त एकत्रित कर रहा है। इसी क्रम में, आज के शिविर में 74 यूनिट दान किए गए। सभी रक्तदाताओं को इस नेक कार्य में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया था। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुश्री हरगुनजीत कौर, आईएएस, मैनेजिंग डायरेक्टर, पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, चंडीगढ़ ने किया। सुश्री कौर ने सभी रक्तदाताओं के प्रयासों की सराहना की और शिविर के आयोजन के लिए एसबीआई, आरबीओ, चंडीगढ़ की क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री सुभाषिनी राय की प्रशंसा की। श्री नवीन सैनी, एसबीआई स्टाफ ने 85वीं बार रक्तदान किया और उन्होंने इसके लिए युवाओं को भी प्रेरित किया। रक्तदाताओं को समाज के प्रति उनके योगदान के लिए डोनर बैज और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### एलएलबी के छात्र को कार से कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यहां एक होटल के सामने खड़े युवक को एक गाड़ी से कुचलकर मार दिया गया। साथ ही एक युवक इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को दिल्ली रेफर किया गया है। जिस युवक की मौत हुई, वह एलएलबी का छात्र था। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। हर्ष ओमनगर का रहने वाला था। वह एलएलबी का छात्र था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज जांची जा रही हैं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी मोक्ष नामक युवक ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे हर्ष ने उससे कहा कि भूख लगी है। वे दोनों दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित चंचल ढाबा पर खाने के लिए गए। ढाबा उनके घर से कुछ ही दूरी पर है। वे बाइक से वहां गए थे। ढाबे पर ज्यादा भीड़ थी, वे भीड़ कम होने का इंतजार करने लगे। तभी हर्ष का एक और दोस्त वहां पर मिल गया। हर्ष उससे बात करने लगा। इसी दौरान एक स्कोडा कार तेज रफ्तार से वहां पर आई और हर्ष को कुचलते हुए आगे निकल गई। हादसे में हर्ष व उनके दोस्त को काफी चोटें आईं। हर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। मोक्ष की इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने हादसे में मारे गए एलएलबी के छात्र हर्ष के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी स्कोडा कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की जांच के लिए व आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर दो एजेंसियों पर जुर्माना

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर नगर निगम की ओर से दो एजेंसियों पर 1.30 लाख रुपए जुर्माना ठोका गया है। मंगलवार को जोन-4 के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार ने औचक निरीक्षण किया। सफाई में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए। संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में गांव वजीराबाद द्वाणी रोड सेक्टर-52 और सेक्टर-57 सहित कई इलाकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 40 स्थानों पर कचरा पड़ा पाया गया। सफाई कार्य में लापरवाही और निर्धारित मानकों का पालन न करने के चलते संबंधित एजेंसी वाईएलवी एसोसिएट्स पर 80,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, सेक्टर-29 स्थित अप्पू घर के सामने, फायर स्टेशन और पुलिस स्टेशन के गेट के पास, सेक्टर-28 के जनरल दयाल पार्क के निकट और सेक्टर-55 व सेक्टर-56 के 20 स्थलों पर भी कचरा पड़ा हुआ पाया गया। इस लापरवाही के चलते केसी इंटरप्राइज पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सोना 2060 और चांदी 1165 रुपए टूटा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इज़राइल-ईरान सीज़फायर के बाद मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में बड़ी गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 2,060 रुपए गिरकर 97,288 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,348 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1165 रुपए कम होकर 1,05,898 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,063 पर थी। वहीं, 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। हालांकि, एक्सपर्ट्स के अनुसार आगे सोने-चांदी में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया पश्चिम एशिया के लिए फिर शुरू करेगी उड़ानें



**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह धीरे-धीरे पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगी, क्योंकि इस क्षेत्र में हवाई क्षेत्र फिर से खुल रहे हैं। एयर इंडिया ने कहा कि ज्यादातर परिचालन 25 जून से दोबारा शुरू होंगे। एयरलाइन ने बयान में कहा कि पहले रद्द की गई यूरोप की उड़ानें भी आज से क्रमिक रूप से बहाल की जा रही हैं, जबकि अमेरिका और कनाडा के पूर्वी तट से आने-जाने वाली सेवाएं जल्द से जल्द फिर शुरू होंगी। एयर इंडिया ने सोमवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर इन क्षेत्रों के लिए परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। क्षेत्र के कुछ देशों ने भी अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। एयरलाइन ने मंगलवार को कहा कि ऐसे में कुछ उड़ानों में देरी हो सकती है और कुछ को रद्द किया जा सकता है। एयर इंडिया ने कहा, "हम व्यवधान को कम करने और अपनी समयसारिणी को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं... एयर इंडिया असुरक्षित माने जाने वाले हवाई क्षेत्रों से बचना जारी रखेगी।" (अनंत ज्ञान)

### यूक्रेन में रूसी हमलों में 13 लोगों की मौत, 100 घायल

**एजेंसी, कीव।** रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी। रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। (अनंत ज्ञान)

---

नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति की 353वीं बैठक आयोजित

# मणिमाजरा दशहरा ग्राउंड की बुकिंग को मिली मंजूरी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति (एफएंडसीसी) की 353वीं बैठक आज नगर निगम की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त अमित कुमार, आईएएस, समिति के अन्य सदस्य सौरभ जोशी, जस्मनप्रीत सिंह, सुमन देवी एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में समिति ने मणिमाजरा हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड की बुकिंग को लेकर एक महत्वपूर्ण एजेंडा आइटम को स्वीकृति दी, जिसमें वाणिज्यिक कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति मांगी गई थी। समिति ने उल्लेख किया कि मणिमाजरा स्थित हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड और सेक्टर-17 स्थित सर्कस ग्राउंड जैसे वाणिज्यिक स्थलों की बुकिंग हेतु पार्षदों की समिति द्वारा अंतिम रूप दिए जा रहे हैं।

#### एजेंडों को आवेदनों के आधार पर किया प्रस्तुत

● **श्री अलंकेश्वर भास्कर, एपेक्स इंटरनेशनल, पंचकूला (इवेंट मैनेजमेंट)** : इन्होंने 28 मई 2025 को आवेदन किया था, जिसमें 28 जुलाई से 24 अगस्त 2025 (कुल 28 दिन) तक दशहरा ग्राउंड की बुकिंग का अनुरोध किया गया था।

● **श्री सनी, फेयरडील, जीरकपुर:** इन्होंने 3 जून 2025 को उसी ग्राउंड को 2 अगस्त से 17 अगस्त 2025 तक उपभोक्ता उत्पादों की प्रदर्शनी, खाने के स्टॉल, मनोरंजन पार्क और सर्कस हेतु बुक करने का अनुरोध किया था।

#### 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगी बुकिंग

**वर्तमान** में स्पष्ट नीतिगत दिशा-निर्देशों के अभाव में, ऐसे वाणिज्यिक ग्राउंड की बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर की जाती है। चूंकि श्री अलंकेश्वर भास्कर का आवेदन पहले प्राप्त हुआ था, इसलिए समिति ने उनके पक्ष में बुकिंग को स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार एफएंडसीसी ने 28 जुलाई से 24 अगस्त 2025 तक हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड, मणिमाजरा की बुकिंग श्री अलंकेश्वर भास्कर, एपेक्स इंटरनेशनल के पक्ष में, निर्धारित शुल्क व शर्तों के अनुसार, स्वीकृत कर दी।

---

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क व संचार सुविधाओं के विस्तार जरूरी : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




बैठक के दौरान मौजूद अमित शाह, योगी आदित्यनाथ व साथ हैं अन्य।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रीगण उपस्थित थे।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय सीमाओं से लगा उत्तराखंड राज्य सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार, सुरक्षा एवं रसद आपूर्ति की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से आग्रह किया कि सीमा सड़क संगठन के माध्यम से उत्तराखंड को और अधिक सहायता प्रदान की जाए। वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सीमावर्ती गांवों में सुविधाओं का विकास किया जाए, जिससे वहां हो रहे पलायन को रोकने में सहायता मिल सके। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विकास के लिए भारत नेट योजना, 4-जी विस्तार परियोजना तथा उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बैठक में उत्तराखंड राज्य के हित में केंद्र सरकार से कुछ नीतिगत प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के केंद्रीय अनुदान का आवंटन एकमुश्त किए जाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कुशल संचालन हेतु अतिरिक्त सहयोग प्रदान करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अध्ययन के लिए राज्य में एक उच्चस्तरीय ग्लेशियर अध्ययन केंद्र की स्थापना किए जाने और जैव विविधता संरक्षण संस्था की स्थापना के लिए भी केंद्र से तकनीकी सहयोग की मांग की।

मुख्यमंत्री ने राज्य में साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए, अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने उत्तराखंड में वर्ष 2026 में नंदा राजजात यात्रा और 2027 में कुंभ मेले के सफल एवं भव्य आयोजन हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया।

---

# उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच 26 को करनाल में

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

उक्त जानकारी देते हुए बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में 1 लाख रुपए से अधिक और 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की

● **राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों पर होगी सुनवाई**

शिकायतों का निवारण रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्रवाई 26 जून को राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर - 12, करनाल के कांफ्रेंस हॉल में प्रात 11 बजे से दोपहर 01 तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा।

इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक व गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा।

---

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कर्ण को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल 2025 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए नेटबॉल में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य सरकार के कर्मचारी कर्ण को सम्मानित किया है।

कर्ण वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। राज्य की खेल प्रतिभा में उनके योगदान की सराहना करते हुए मंत्री ने उन्हें प्रशंसा पत्र भेंट किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कर्ण की लगन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि ने न केवल स्वास्थ्य विभाग बल्कि पूरे हरियाणा राज्य को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने खेलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया और आशा व्यक्त की कि कर्ण की यह सफलता सार्वजनिक सेवा में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को भी खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और समाज के सभी वर्ग को खेलों के प्रति जागरूक करने व अनुशासन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।

---

### प्रतिबंधित गोलियों का जखीरा बरामद

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत मंगलवार को सिरसा जिला के कालांवाली कस्बे में पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर से बड़ी मात्रा में नशे में प्रयुक्त होने वाली प्रतिबंधित गोलियों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मेडिकल संचालक को नोटिस जारी किया है।

डबवाली की एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के तहत जहां नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है वहीं आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने अब तक की मेडिकल नशे के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडी कालांवाली में स्थित दशमेश फार्मेसी नाम के मेडिकल स्टोर से करीब सवा लाख नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं।

---

## देश-विदेश

# ट्रंप के एक दावे से कच्चा तेल धड़ाम पूरी दुनिया ने ली राहत की सांस

**एजेंसी, नई दिल्ली**




कच्चे तेल की कीमतों में मंगलवार को भारी गिरावट दिख रही है। यह गिरावट पिछले एक हफ्ते में सबसे ज्यादा है। इसकी वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बयान है।

ट्रंप ने कहा कि ईरान और इसराइल के बीच युद्धविराम हो गया है। इससे इलाके में तेल की सप्लाई बाधित होने का डर कम हो गया है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी दी थी जिससे कच्चे तेल की कीमत 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। दुनिया में 20 फीसदी कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 2.69 यानी 3.76 प्रतिशत गिरावट के साथ 68.79 प्रति बैरल पर आ गया। इससे पहले सेशन में यह 4 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया था और 11 जून के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड में भी 2.7 यानी 3.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65.46 प्रति बैरल पर आ गया। यह 9 जून के बाद इसका न्यूनतम स्तर है। तेल की कीमतों में गिरावट से खासकर भारत को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि हम 85 फीसदी से ज्यादा क्रूड आयात करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जापान ने पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है। अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में अडानी ग्रुप पर 265 मिलियन डॉलर घूसकांड का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका में चल रहे 265 मिलियन डॉलर के कथित घूसकांड पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने मंगलवार को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सफाई दी। उन्होंने कहा कि अदाणी ग्रुप के किसी भी सदस्य पर न तो फॉरेन क्रप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट (एफसीपीए) का उल्लंघन करने का आरोप तय हुआ है और न ही किसी ने न्याय प्रक्रिया को रोकने की साजिश रची है।

अडानी ने कहा कि हमने साबित किया है कि असली नेतृत्व धूप में नहीं, बल्कि संकट की आग में तैयार होता है। पिछले साल जब अदाणी ग्रीन एनर्जी को लेकर अमेरिका की न्याय विभाग ने आरोप लगाए, तब भी हमने मजबूती दिखाई। उन्होंने आगे कहा कि उनकी कंपनी कानूनी प्रक्रिया में पूरा सहयोग कर रही है और उनकी गवर्नेंस और कंप्लायंस फ्रेमवर्क वैश्विक स्तर के हैं।

अमेरिकी न्याय विभाग और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने अदाणी और उनके कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर 2020 से 2024 के बीच भारत में सोलर एनर्जी के ठेके लेने के लिए 265 मिलियन डॉलर की घूस देने का आरोप लगाया है। कहा गया कि इस लेन-देन को अमेरिकी निवेशकों से छुपाया गया और फंड जुटाने के समय गलत जानकारी दी गई। इस पर एफसीपीए उल्लंघन, सिक्योरिटीज फ्रॉड और वायर फ्रॉड जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। हालांकि, अडानी ग्रुप ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। (अनंत ज्ञान)

# अजीत डोभाल ने की रूस के सुरक्षा परिषद के उपसचिव से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**एजेंसी, बीजिंग**



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को रूस के सुरक्षा परिषद के उपसचिव अलेक्सांद्र वेनेदिक्तोव के साथ भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के आधार पर द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के महत्व पर चर्चा की। बीजिंग में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "रूस की सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्सांद्र वेनेदिक्तोव ने बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों की 20वीं बैठक से इतर मंगलवार को एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की।"

उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा की। वेनेदिक्तोव ने कहा कि यह दौरा उच्च स्तरीय रणनीतिक वार्ता के अगले चरण के लिए रूस में डोभाल से मुलाकात करने के लिए उत्साहित हैं।

भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "दोनों पक्षों ने नेताओं के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के आधार पर अपने द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के महत्व को दोहराया।" (अनंत ज्ञान)

# अब और तेज दौड़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**




वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। यह अनुमान सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों को देखते हुए लगाया गया है। हालांकि, एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते ग्लोबल इकोनॉमी के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एसएंडपी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं जिसका एशिया प्रशांत महासागर क्षेत्र के आर्थिक विकास पर असर हो सकता है।

● **एसएंडपी ने कहा, जीडीपी अनुमान बढ़ाकर किया 6.5 प्रतिशत**

एसएंडपी के अनुसार, मौजूदा समय में ग्लोबल ऊर्जा बाजार पर लंबे वक्त तक असर पड़ने की आशंका कम ही है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी से 90 प्रतिशत तेल आयात करता है। आधी नेचुरल गैस भारत विदेशों से मंगवाता है। इसी महीने एसएंडपी ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर में 20 पॉइंट की कमी कर इसे 6.3 प्रतिशत बताया था। एजेंसी ने इसका कारण ग्लोबल अनिश्चितता और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को बताया था। (अनंत ज्ञान)

---

# अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते जल्द होंगे संपन्न : सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। वर्ष 2030 तक 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए, निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर कर लिए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है।

वित्त मंत्री ने कहा, "अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में बेहद तेजी से जारी है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी।" 'इंडिया एक्ज़िम बैंक' द्वारा यहां आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर ज़ोर दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## बाजार

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से शेयर बाजार ने गंवाई शुरुआती बढ़त

# सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी 72 अंक की बढ़त

**एजेंसी, मुंबई**




ईरान और इसराइल के बीच युद्धविराम की खबरों के बीच मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से स्थानीय शेयर बाजार ने मंगलवार को अपना अधिकांश शुरुआती लाभ गंवा दिया और अंत में सेंसेक्स 158 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी में भी 72 अंक का लाभ रहा।

युद्धविराम की खबरों से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में घटने की उम्मीद से शुरुआती कारोबार में जबर्दस्त उछाल देखा गया। इस लिवाली के दौर में सेंसेक्स एक समय 1,121.37 अंक यानी 1.36 प्रतिशत उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर आने तक युद्धविराम के उल्लंघन की खबरें आने से बाजार ने इस बड़ी बढ़त को काफी हद तक गंवा दिया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 158.32 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,055.11 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचकांक निफ्टी का भी कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। एक समय निफ्टी 25,317.70 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन कारोबार के अंत में यह सिर्फ 72.45 अंक यानी 0.29 प्रतिशत तेजी के साथ 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# इसराइली सेना ने गाजा में सहायता का इंतजार कर रहे लोगों पर की गोलीबारी, 25 की मौत

**एजेंसी, दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)**



इसराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इसराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह हताहतों की खबरों की समीक्षा कर रही है। उसने कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इसराइली सेना ने गोलियां चलाईं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### रोमित और गौरव ने जीती शतरंज प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला कमेटी और सोलन जिला शतरंज संघ की तरह से आयोजित अंडर-19 और वरिष्ठ वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर-19 वर्ग अर्पण कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि रिद्धिम ठाकुर ने द्वितीय, तरुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सोलन क्षेत्र के लिए आयोजित प्रतियोगिता में ध्रुव पहले, कणव दूसरे व मनोज तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में ठियोग के रोमित वर्मा प्रथम, बिलासपुर के मनोज कुमार द्वितीय व सोलन के मयूर सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट इन सोलन महिला वर्ग में तराना शर्मा प्रथम रही। ओपन वर्ग में बेस्ट इन सोलन गौरव शर्मा रहे। राकेश शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार खेल संस्थाओं के साथ करार का किया नवीनीकरण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।(अनंत ज्ञान)

### पंकज भारद्वाज ने सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध हैंडबॉल खिलाड़ी पंकज भारद्वाज ने 20 से 22 जून, 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल फॉर डेफ तथा ऑल इंडिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ डेफ द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 27वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का फल है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। पंकज भारद्वाज, जो वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज विभाग में कार्यरत हैं, इससे पहले भी अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी यह जीत प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, खेल मंत्री, शिक्षा मंत्री, और पंचायती राज मंत्री सहित विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भारद्वाज को उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### लेसिया त्सुरेंको का खूबसूरत अंदाज

**यूक्रेन।** लेसिया विक्टोरिवना त्सुरेंको एक यूक्रेनी टेनिस खिलाड़ी हैं। त्सुरेंको ने डब्ल्यूटीए टूर पर चार एकल खिताब जीते हैं, साथ ही आईटीएफ सर्किट पर छह एकल खिताब और आठ युगल खिताब जीते हैं।



### प्रतियोगिताओं में जीपीएस पिछलीहार और नारायण महिला मंडल ने जीते खिताब



रस्साकशी प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पिछलीहार के रोपिन गांव में समर कप का आयोजन किया गया। इस समर कप में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। पांच दिवसीय इस समर कप में 16 टीमों ने लिया भाग लिया। इस समरकप के दौरान क्रिकेट के रोमांच के साथ-साथ रस्साकसी प्रतियोगिता में भी खूब जोर-आजमाइश देखने को मिली, जिसमें सात महिला मंडलों ने अपने जौहर दिखाए। महिला मंडलों ने एक-दूसरी टीम पर खूब जोर आजमाइश की और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में, भीम सिंह को 'मैन ऑफ द सीरीज' और वीर सिंह को 'बेस्ट बॉलर' चुना गया। प्रतियोगिता में पहला ईनाम जीपीएस पिछलहार ने अपने नाम किया, जबकि कराल की टीम उपविजेता रही। रस्साकसी में नारायण महिला मंडल बगाणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, और साधना महिला मंडल दराल को उपविजेता चुना गया। मुख्य अतिथि मीने राम ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। (अनंत ज्ञान)

---

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी** बेन डकेट ने 149 रन बनाकर भारत को मुश्किल में डाला

# लीड्स टेस्ट : इंग्लैंड-भारत में रोचक मुकाबला

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहा। इंग्लैंड जीत के बेहद करीब पहुंच गया था, उसने भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट पर 256 रन बना लिए थे।

टीम को जीत के लिए 115 रन की जरूरत थी। जो रूट क्रीज पर डटे हुए थे। बेन डकेट ने अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। हालांकि, शार्दूल ठाकुर ने बेन डकेट (149 रन) और हैरी ब्रूक (शून्य) को कैच आउट कराया। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने ओली पोप (8 रन) और जैक , क्रॉली (65 रन) के विकेट झटके।

मंगलवार को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में आखिरी दिन के दूसरे सेशन के खेल में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। कभी भारत इंग्लैंड पर भारी पड़ा तो कभी इंग्लैंड भारत पर। इंग्लैंड ने 21/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया है। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था।



शॉट खेलते हुए बेन डकेट।

दर्शक मैच का परिणाम जानने के लिए बेहद उत्सुक नजर आए। वह अपनी सीट से हिले तक नहीं और एक भी गेंद मिस नहीं करना चाहते थे। दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे।

### डकेट-क्रावले की जोड़ी का कीर्तिमान, तोड़ा 41 साल पुराना रिकॉर्ड

**बेन** डकेट और जैक क्रावले की जोड़ी ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतकीय साझेदारी कर नया कीर्तिमान बना दिया है। डकेट और क्रावले ने पांचवें दिन इंग्लैंड की पारी आगे बढ़ाई और पहले सत्र में भारत को सफलता हासिल नहीं करने दी। डकेट और क्रावले की जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर डेसमोंड हेन्स और गॉर्डोन ग्रीनिज की जोड़ी को पीछे छोड़ा। दरअसल, 1984 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब हेडिंग्ले में चौथी पारी में इंग्लैंड के लिए 100+ रनों की साझेदारी हुई है। डकेट और क्रावले से पहले हेन्स और ग्रीनिज की जोड़ी ने हेडिंग्ले में चौथी पारी में 106 रनों की साझेदारी की थी। यानी 41 साल बाद ऐसा हुआ है जब हेडिंग्ले में चौथी पारी में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दिलीप के सम्मान में बांधी काली पट्टी



भारत-इंग्लैंड के खिलाड़ी दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि देते हुए।

**एजेंसी, लीड्स**

भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी।

भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं। दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा।''

**दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे**

दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स ( अमेरिका )**

पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही।

दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा।


अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए।

उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा, लेकिन ब्राजील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में जगह सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)



## पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में

**एजेंसी, सिएटल**



यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया।

सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया।

इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4-0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

## जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह अच्छे इंसान हैं : गांगुली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से 'एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी 'ईमानदारी' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं।



गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे।'' इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा, ''देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया।'

यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे। इससे पहले गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे।

गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष बने। उन्होंने कहा, ''हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं।' गांगुली ने कहा, ''जाहिर तौर पर उनकी अपनी अलग सोच थी और यह सही भी है। अब वह आईसीसी के अध्यक्ष हैं और यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।'' गांगुली का मानना है कि समय के साथ शाह अपने काम में निपुण होते गए। उन्होंने कहा, ''वह बहुत ईमानदार हैं। (अनंत ज्ञान)

## ललित बाबू, नीलोत्पल को अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया।

संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के आठ मैच में सात अंक हैं। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं। जूनियर वर्ग में फिडे मास्टर अंश नेरुरकर ने माधवेंद्र शर्मा पर जीत के साथ वापसी की जबकि मधेश कुमार को अद्विक अग्रवाल ने ड्रॉ पर रोका। नेरुरकर और मधेश आठ मैच में सात अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उनके पीछे व्योम मल्होत्रा, अद्विक और शौनक बडोले हैं जिनके समान 6.5 अंक हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर पंत को लगाई फटकार

**एजेंसी, लीड्स**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया।



आईसीसी ने बयान में कहा, ''पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है।'' इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था।

**पंत ने अपना अपराध और रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को किया स्वीकार**

यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी।

इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था।

आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।(अनंत ज्ञान)

---

**आरोप** चटर्जी ने कहा कि-एआईटीए के अध्यक्ष ने चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ किया काम, कहा-

# एआईटीए ने अध्यक्ष की विदेशी यात्राओं पर खर्च किए एक करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए, जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली।

चटर्जी ने पीटीआई से कहा, ''हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई।''

चटर्जी ने कहा, ''अगर आप गणना करें तो एआईटीए ने अप्रैल 2021 और मार्च 2025 के बीच अध्यक्ष की विदेश यात्राओं पर एक करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।'' एआईटीए संविधान के अनुसार वित्त और कानूनी समिति, आचार समिति और चयन समितियां सहित सभी उप समितियां अनुशंसा करने वाली समितियां हैं और अंतिम निर्णय कार्यकारी समिति को करना होता है। (अनंत ज्ञान)

### मैंने एआईटीए के लिए किया है काम : जैन

**आरोपों** पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहे जाने पर जैन ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए गए थे लेकिन उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह इसके पात्र थे। जैन ने दावा किया, ''अतीत में जब अध्यक्ष की पत्नी पात्र नहीं थीं तो मैंने अपनी पत्नी और बच्चों की यात्रा का खर्च अपनी जेब से उठाया था, लेकिन एआईटीए द्वारा इसे मंजूरी दिए जाने के बाद, मेरी पत्नी मेरे साथ पात्रता के आधार पर यात्रा करने लगी।''उन्होंने कहा, ''मैंने कभी कोई व्यक्तिगत एहसान नहीं मांगा। मैंने एआईटीए के लिए काम किया है और एआईटीए के लिए बड़ी मात्रा में धन जुटाया है और कभी कोई पैसा नहीं लिया।'' जब बताया गया कि वित्त समिति ने तीन मई 2022 को अपनी बैठक में अध्यक्ष की पत्नी की पात्रता को शामिल नहीं किया तो जैन ने जवाब दिया, ''यह अलग से किया गया था, अन्यथा मैं उन्हें साथ नहीं ले जाता।'' जैन ने अपने ईमेल उत्तर में उल्लेख किया कि 27 जून को बुलाई गई कार्यकारी समिति की बैठक अवैध है क्योंकि एजेंडे में सूचीबद्ध बिंदुओं पर चर्चा नहीं की जा सकती क्योंकि संबंधित मामला अदालत में विचाराधीन है। चटर्जी ने कहा, ''अदालत ने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है कि हम कार्यकारी समिति की बैठक नहीं कर सकते। अगर यह बैठक अवैध है तो फिर जैन और धूपर अब भी पदाधिकारी के रूप में कैसे काम कर रहे हैं।''

## एलिसा हीली की नजरें 2026 में भारत के खिलाफ शृंखला जीतने पर

**एजेंसी, सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एक दिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ शृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है।

हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, ''शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है।

हालांकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर एशेज जीत के दौरान कुछ मैच खेलीं लेकिन न्यूजीलैंड के दौरे और भारत में महिला प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाईं।

हीली ने कहा, ''कभी-कभी जीवन में ऐसी चीजें होती हैं जो हरे और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने से थोड़ी अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा, मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं लेकिन भारत के खिलाफ (2026 में घरेलू मैदान पर) भी खेलना चाहती हूं।''(अनंत ज्ञान)